राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 आईपीएल के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले टॉप-5 ....

'रोटी के साथ खा रहे थे बटर चिकन और फिर लगाए गगनचुंबी ... 11

वर्ष : 10 | अंक : 310 | पटना, रविवार, 26 मार्च, 2023 | विक्रम संवत् 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

उज्ज्वला योजना पर कैबिनेट के फैसले से लाभार्थियों को बहुत मदद मिलेगी: मोदी

प्रात : किरण,एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी की अवधि बढ़ाए जाने से लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी और खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन की दिशा में कदम आगे बढ़ेंगे। सरकार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 200 रुपये प्रति एलपीजी सिलेंडर सब्सिडी एक साल के लिये बढ़ा दी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम अधिक होने के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। इस पहल से 9.6 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। मोदी ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से संबंधित कैबिनेट के फैसले से लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी और खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन की दिशा में कदम आगे बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे किसान और सशक्त होंगे। सरकार ने शुक्रवार को 2023-24 सत्र के लिए कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 300 रुपये बढ़ाकर 5,050 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया।

कर्नाटक ने डबल इंजन सरकार की वापसी का मन बना लिया : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावणगेरे में कहा कि केवल भाजपा ही कर्नाटक का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक ने डबल इंजन सरकार की वापसी का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक के दावणगेरे में भाजपा की विजय संकल्प यात्रा के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज चार विजय यात्रा का यहां महासंगम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकताओं को हर बूथ जीतने का मंत्र देते हुए कहा कि इन यात्राओं के जनसमर्थन, उत्साह और उमंग को आगामी तीन माह कड़ी मेहनत करके हर बूथ पर पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि आज सुखद संयोग है, आज विजय संकल्प रैली हो रही है और उसी समय कलबुर्गी, कर्नाटक में जो कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कर्मभूमि है मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव था और कलबुर्गी में भारतीय जनता पार्टी के मेयर और डिप्टी मेयर जीत गए। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर में भाजपा का विजय डंका बज गया। यह एक प्रकार से विजय संकल्प रैली का शुभ संकेत है कि विजय यात्रा आरंभ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक ने लंबे समय से अवसरवादी और स्वार्थी सरकारों को देखा है जिसने राज्य को प्रभावित किया है। इसलिए राज्य के विकास के लिए भाजपा की स्थिर सरकार की जरूरत है। भाजपा कर्नाटक को भारत के विकास की उभरती ताकत बनाना चाहती है जबकि कांग्रेस राज्य को अपने नेताओं के लिए एटीएम बनाना चाहती है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का जिक्र करते हुए कहा कि एक पार्टी के बड़े नेता, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री उनकी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता को सार्वजनिक रूप से थप्पड़ मारने का आनंद ले रहे थे। उन्होंने कहा कि जो अपने कार्यकताओं का सम्मान नहीं कर सकते, वो जनता का क्या सम्मान करेंगे।

चैत्र नवरात्रि: पांचवां दिन मां स्कंदमाता

ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः या देवी सर्वभूतेषु मां स्कंदमाता रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। सिंहासना गता नित्यं पद्माश्रि तकरद्वया।

नवरात्रि के पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा का विधान है। इस साल 30 सितंबर को मां स्कंदमाता की पूजा की जाएगी। स्कंदमाता को मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता के रूप में पूजा जाता है।

जमीन के बदले नौकरी घोटाले में तेजस्वी यादव से हुई सीबीआई की पूछताछ

हम लोग लड़ेंगे और जीतेंगे : तेजस्वी

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सीबीआइ ऑफिस पहुंचने से पहले कहा कि हमने जांच एजेंसियों को हमेशा सहयोग किया है। देश का माहौल आजकल आप देख ही रहे हैं। झुकना बहुत आसान है। लड़ना बहुत मुश्किल है। हम लोग लड़ेंगे और जीतेंगे।

नई दिल्ली/ एजेंसी । राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव शनिवार को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में सीबीआई के समक्ष पेश हुए। सीबीआई उनसे पूछताछ कर रही है। तेजस्वी इससे पहले सीबीआई की ओर से भेजे गए तीन समन में जांच एजेंसी के समक्ष पेश नहीं हुए थे। इस पूछताछ को लेकर सीबीआई ने कोई जानकारी मीडिया के साथ साझा नहीं की है, लेकिन सूत्रों ने बताया कि तेजस्वी यादव से पूछताछ जारी है। अभी तक इस मामले में सीबीआई ने तेजस्वी के खिलाफ एफआईआर नहीं किया है। मामला 14 साल पुराना है उस समय तेजस्वी के पिता लालू यादव रेलमंत्री थे। आरोप है कि जमीन के बदले नौकरी दी गई थी। इससे पहले वह तीन तारीखों पर पेश नहीं

हुए थे। राजद नेता शनिवार को सुबह साढ़े 10 बजे सीबीआई मुख्यालय पहुंचे और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें जांच दल के समक्ष ले जाया गया। सीबीआई ने दिल्ली उच्च न्यायालय को पिछले सप्ताह आश्वासन दिया था कि वह यादव को इस महीने गिरफ्तार नहीं करेगी। इसके बाद नेता ने नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ के लिए 25 मार्च को एजेंसी के समक्ष पेश होने को लेकर सहमति जताई थी। तेजस्वी यादव के वकील मनिंदर सिंह ने कहा था कि उनके मुवक्किल को सीबीआई के समक्ष पेश होने के लिए कुछ समय चाहिए, क्योंकि बिहार विधानसभा का वर्तमान सत्र पांच अप्रैल तक चलेगा। मनिंदर सिंह ने अदालत से कहा था कि उनके मुवक्किल 25 मार्च को सीबीआई के दिल्ली मुख्यालय में जांच अधिकारी के समक्ष पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे पेश होंगे। सीबीआई के वकील डी पी सिंह ने अदालत से कहा था कि विधानसभा का सत्र शनिवार को नहीं चलता और यादव अपनी सुविधा के अनुसार मार्च में किसी भी शनिवार को एजेंसी के सामने पेश हो सकते हैं। राजद नेता ने अपने खिलाफ 28 फरवरी, चार मार्च और 11 मार्च के लिए जारी समन को रद्द करने का अनुरोध किया था।

मीसा भारती धन शोधन मामले में ईडी के समक्ष हुईं पेश

नई दिल्ली। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी एवं राज्यसभा सदस्य मीसा भारती रेलवे में नौकरी के बदले जमीन संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारती राजद की राज्यसभा सदस्य हैं। सीबीआई ने लालू प्रसाद और उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ की है तथा ईडी ने राजद प्रमुख के परिवार के परिसरों में छापे मारे हैं। ईडी ने छापेमारी के बाद कहा कि उसने एक करोड़ रुपये की आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक नकदी बरामद की और अपराध में इस्तेमाल 600 करोड़ रुपये के लेनदेन का पता लगाया है। उसने कहा कि प्रसाद के परिवार और उनके सहयोगियों की तरफ से रियल एस्टेट समेत विभिन्न क्षेत्रों में किए गए और निवेश का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। यह मामला रेलवे में कथित तौर पर नौकरी पाने के लिए लालू प्रसाद के परिवार को सस्ती दर पर जमीन बेचने से संबंधित है। यह मामला उस वक्त का है जब राजद प्रमुख 2004 से 2009 के बीच रेल मंत्री थे।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी रामानन्द तिवारी को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण,संवाददाता

पटना। अमर स्वतंत्रता सेनानी स्व पंडित रामानन्द तिवारी की जयंती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान पटना के उत्तर पश्चिम कोने पर स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, स्व पंडित रामानन्द तिवारी के पुत्र एवं पूर्व सांसद शिवानंद तिवारी तथा उनके पौत्र एवं विधायक राहुल तिवारी, पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी स्व पंडित रामानन्द तिवारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन-कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

नहाय खाय के साथ चैती छठ महापर्व का आगाज, खरना आज

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ का प्रारंभ नहाय खाय के साथ शनिवार से शुरू हो गया। खरना आज है। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। बाजारों से लेकर छठ घाटों तक चहल-पहल देखी जा रही है। फल, सुप, दउड़ा सहित अन्य पूजा सामग्रियों की खरीदारी हो रही है। वहीं, शनिवार को वर्ती महिलाएं नदियों, तालाबों और घरों में स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ दिया। इसके बाद वर्ती महिलाएं अरवा चावल, कद्दु की सब्जी व चना का दाल व आंवले की चटनी का प्रसाद ग्रहण की। सगे-संबंधियों के साथ-साथ पड़ोसियों के बीच भी प्रसाद बांटे गएं। रविवार को खरना की भी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह से ही गंगा जल लाने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। इस दिन वर्ती महिलाएं गंगा जल,दूध,चावल व गुड़ से खीर का प्रसाद तैयार करती है। शाम को पूरे विधि विधान से पूजा करने के बाद खीर का प्रसाद ग्रहण करती है। प्रसाद को संगे संबंधियों व पड़ोसी को भी खिलाने की परंपरा है। दरअसल, छठ का पर्व प्रकृति को समर्पित है। छठ पूजा में डूबते सूर्य की उपासना की जाती है। मान्यता है कि छठी मईया की पूजा करने से संतान को दीघार्यु की प्राप्ति होती है। इसके साथ संतान सुख के लिए भी छठ का व्रत रखा जाता है। हिंदू धर्म में छठ पूजा का महत्व काफी अधिक है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी से शुरू होने वाले इस व्रत को छठ पूजा, सूर्य षष्ठी पूजा और डाला छठ के नाम से भी जाना जाता है। चैती छठ के तीसरे दिन 27 मार्च को व्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगे। इस दिन 5 शुभ योग बने हैं. आयुष्मान योग प्रातःकाल से लेकर रात 11 बजकर 20 मिनट तक है, उसके बाद से सौभाग्य योग प्रारंभ हो जाएगा। चैती छठ के चौथे दिन 28 मार्च को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और पारण करके व्रत को पूरा करेंगे। इस दिन दो शुभ योग सौभाग्य और द्विपुष्कर योग बने हैं। यह रात 11 बजकर 36 मिनट तक है और द्विपुष्कर योग प्रातः 06 बजकर 16 मिनट से शाम 05 बजकर 32 मिनट तक है।

संक्षिप्त खबरें

पटना पुलिस ने दोहरी हत्याकांड का किया खुलासा

- पिस्तौल दो मैगजीन और मोटरसाइकिल बरामद

पटना सिटी। बाइपास थाना क्षेत्र के मर्चा मर्ची गांव में मेहंदीगंज के रहने वाले संजीव कुमार उर्फ कक्कू महतो और उसके मित्र राजेश कुमार की हत्या कर दी गई थी। इस मामले का पुलिस ने उद्भेदन किया है। उसी मेहंदीगंज मोहल्ले के रहने वाले विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से पिस्टल, दो मैगजीन और पल्सर मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। सिटी एसपी संदीप सिंह ने बताया कि दरअसल संजीव और विकास में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। यह मामला व्यक्तिगत भी था। इसे लेकर संजीव ने विकास को धमकाने का काम भी किया था। इसके बाद विकास जब भी कोई काम करता था, तो उसमें उसे घाटा लग जाता था। वह नौकरी भी कर रहा था, मगर उसे भी छोड़ दिया था। अब वह बदले की भावना में जल रहा था। दिसंबर, 22 से ही वह संजीव उर्फ कुक्कू महतो की हत्या करने की योजना बना रहा था। उसने इस मामले में उसका ट्रैक भी किया था कि वह कब और कहां कैसे जाता है। उसे जब पता चला कि वह रोज अपराह्न में मर्ची गांव जाता है, तब वह भी सहयोगियों के साथ घात लगाकर वहां पहुंचा। जब वह राजेश के साथ खेत से लौट रहा था और अंधेरा हो रहा था, ऐसे में मौका का फायदा उठाते हुए उसने उसे गोली मार दिया। इसके बाद वह वहां से चला गया। मगर उसे एहसास हुआ कि पता नहीं वह मरा है या नहीं। फिर वह वापस वहां से लौटा और वह बॉडी को कुचलने का काम किया। इसके बाद वह वहां से चला गया। किसी को उस पर कोई शक नहीं हो, इस कारण से वह पुलिस की आंखों में भी धूल झोंकने का काम कर रहा था। अंततः पुलिस ने मशक्कत करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। मामले के उद्भेदन में बाईपास थाना के थाना अध्यक्ष अमित कुमार, बृजनंदन गुप्ता, सोनू कुमार आदि शामिल थे।

भाजपा का आरोप- राजनीति कर रही कांग्रेस, क्यों नहीं लिया स्टे

प्रात : किरण,एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर उनकी लोकसभा सदस्यता जाने के मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि बड़े-बड़े वकील होने के बावजूद भी पार्टी राहुल गांधी के मसले पर दोष सिद्धि पर रोक लगाने के लिए कोर्ट क्यों नहीं गई। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि उनकी सदस्यता का मुद्दा अडानी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए है। राहुल गांधी के आरोपों के खिलाफ पत्रकार वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी लगातार झूठ बोल रहे हैं।

सूरत कोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के तहत उन्हें सजा सुनाई है। इस सजा पर वे या उनकी पार्टी चाहती तो स्टे ले सकती थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसी के चलते प्रक्रिया के तहत उनकी लोकसभा सदस्यता गई। उन्होंने कांग्रेसी नेता पवन खेड़ा का उदाहरण दिया और कहा कि उन्हें बचाने के लिए 01 घंटे के अंदर सुप्रीम कोर्ट से स्टे लिया गया था। रविशंकर ने कहा कि राहुल गांधी के मामले में पार्टी ने ऐसा नहीं किया। इससे साफ स्पष्ट होता है कि कर्नाटक चुनावों की दृष्टि से पार्टी इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश कर रही है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आलोचना का मतलब गाली देना नहीं होता है। राहुल गांधी ने एक सरनेम का

अपमान किया है। जिसके कारण मानहानि का मुकदमा हुआ। प्रसाद ने दावा किया कि कांग्रेस नेता ने ओबीसी का अपमान किया है, यह ऐसा मुद्दा है, जिसे पूरे देश में भाजपा द्वारा जोर-शोर से उठाया जाएगा।

कहा कि राहुल गांधी अकेले नहीं है जिनकी सदस्यता गई है। इससे पहले भी कई जनप्रतिनिधियों की सदस्यता गई है। उसमें सभी पार्टियों के नेता है। भाजपा के नेताओं की भी सदस्यता गई है। उन्होंने इस दावे को खारिज कर दिया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में सजा और बाद में अयोग्य ठहराए जाने का संबंध अडाणी समूह के मुद्दे को उठाने से जुड़ा है।

देश में लगी है अघोषित इमरजेंसी, केन्द्र सरकार पूरी तरह हताश : ललन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने पर जदयू ने इसे मोदी सरकार की हताशा करार दिया है। जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी मामले में जिस तरह से 24 घंटे के भीतर फैसला लिया गया उससे यह साबित होता है कि केंद्र सरकार पूरी तरह हताश है। वह बौखलाहट में इस तरह की कार्रवाई कर रही है। जिस तरह से राहुल के मामले में कोर्ट का फैसला आने के 10 घंटे के भीतर अगर सारी प्रक्रिया पूरी कर ली जाए तो साफ झलकता है कि इसमें केंद्र सरकार की कहीं न कहीं भूमिका है।

उन्होंने कहा कि देश की जनता सबकुछ देख रही है, 2024 में सबका हिसाब लेगी। वहीं, सीबीआई की जांच का सामना कर रहे तेजस्वी यादव का बचाव करते हुए ललन सिंह ने कहा कि जो राहुल गांधी के साथ हो रह है वैसा ही तेजस्वी यादव के साथ हो रहा है।

लैंड फॉर जॉब स्कैम में 2008 से 2014 तक कोई जांच नहीं हुई। 2020 तक भी सीबीआई-ईडी चुप बैठी रही, लेकिन जैसे ही नीतीश कुमार महागठबंधन में शामिल हुए। वैसे ही सीबीआई और ईडी को दिव्य ज्ञान हो गया। उन्होंने कहा कि जो फाइल बंद हो गई थी वह 2022 में फिर से खुल गई। केंद्र सरकार सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल सिर्फ और सिर्फ विरोधियों को परेशान करने और दवाब बनाने के लिए कर रही है। पहले इसी तरह

राहुल गांधी को परेशान किया गया। अब उसी तर्ज पर तेजस्वी यादव को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसियों को मोदी सरकार का हथकंडा करार देते हुए कहा कि जिस प्रकार से विपक्ष के नेताओं के खिलाफ चीजे चल रही हैं। यह दिखाता है कि देश में अघोषित इमरजेंसी है। इसके खिलाफ विपक्ष एकजुट है। ललन सिंह ने बताया कि 14 राजनीतिक दलों ने एक साथ मिलकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है और कहा है कि जिस तरह से केंद्र की सरकार अपने विरोधियों के खिलाफ सीबीआई, ईडी और आयकर का इस्तेमाल कर रही है उसपर ध्यान दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने पांच अप्रील को इस मामले की सुनवाई करेगा। ललन सिंह ने कहा कि देश में अघोषित इमरजेंसी लागू हो गई है और सभी संस्थाओं को समाप्त किया जा रहा है।

सम्मेलन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केन्द्र सरकार पर बोला हमला

मेरा नाम सावरकर नहीं गांधी है, गांधी माफी नहीं मांगता : राहुल

प्रात : किरण,एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मानहानि के मामले में लोकसभा सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने के एक दिन बाद शनिवार को अपने किसी भी बयान के लिए माफी मांगने या खेद जताने से स्पष्ट इनकार करते हुए कहा कि मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है, गांधी किसी से माफी नहीं मांगता। श्री गांधी ने राजधानी में कांग्रेस मुख्यालय पर विशेष रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनके संसद की सदस्यता से अयोग्य किए जाने की कार्रवाई या उन्हें संसद में बोलने का मौका न दिए जाने का केवल एक कारण है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्यमी अदानी जी के संबंधों पर उठ रहे सवाल से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं संसद में रहूं या संसद के बाहर रहूं। मैं इस मुद्दे को उठाता रहूंगा और इससे पर्दा उठाकर ही रहूंगा। श्री गांधी ने गौतम अदानी के नेतृत्व वाले अदानी उद्योग समूह तथा कथित शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह पैसा अदानी का हो नहीं सकता, क्योंकि उनके कारोबार में इस स्तर की नकद कमाई नहीं होती। उन्होंने अदानी को भ्रष्ट बताते हुए कहा कि यह पैसा जब भारत में ड्रोन और मिसाइल जैसे उद्योगों में लगाया गया है, तो रक्षा मंत्रालय को इसकी चिंता क्यों नहीं होती कि इसमें किसका पैसा लगा हुआ है।

कांग्रेस नेता ने यह भी संकेत दिया कि अदानी के निवेशकों में चीन का एक नागरिक भी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पार्टी नेता एवं विधि विशेषज्ञ अभिषेक

मनु सिंघवी के साथ संवाददाताओं के सामने आए श्री गांधी ने कहा कि मैं नरेन्द्र मोदी पर सवाल नहीं कर रहा हूं, मैं अदानी पर सवाल कर रहा हूं। आप अदानी को इसलिए बचा रहे हो, क्योंकि आप ही अदानी हो। सूरत की अदालत द्वारा 2019 के आपराधिक अवमानना के मामले में सजा सुनाये जाने को लेकर संवाददाताओं द्वारा पूछे गए विभिन्न सवालों को उन्होंने यह कहते हुए टाल दिया, कानूनी मुद्दों पर सवाल मेरी लीगल टीम से पूछे जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि गांधी को सूरत के न्यायिक मजिस्ट्रेट एच. एच. वर्मा की अदालत ने गुरुवार को 2019 में आपराधिक मानहानि कारक उनके वक्तव्य को लेकर दायर मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और 500 के अंतर्गत कुसूरवार करार देते हुए उन्हें दो साल की सजा सुनायी है। सजा के खिलाफ ऊपरी अदालत में जाने के लिए उन्हें 30 दिन का समय दिया गया है।श्री गांधी को दो साल की कारावास की सजा सुनाये जाने के निर्णय के एक दिन बाद शुक्रवार को संसद से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गयी। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि यह कार्रवाई जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गयी है। श्री गांधी को ऊपरी अदालत में दोषमुक्त नहीं किया जाता या उनको दोषी करार दिये जाने के फैसले पर रोक नहीं लगती, तो उनकी सदस्यता बहाल नहीं होगी और वह आठ साल तक चुनाव लड़ने के अयोग्य रहेंगे। श्री गांधी ने कहा कि वह संसद की सदस्यता से अयोग्य करार दिये जाने से घबराने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आप मुझे मारे, पीटें या जेल में डालें। मैं डरने वाला नहीं ह्व कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने अदानी की कंपनियों में आये पैसे के मुद्दे पर सरकार से जवाब मांगने के अलावा, यह मुद्दा भी उठाया कि अदानी को नियम बदलकर हवाई अड्डे के परिचालन के लाइसेंस कैसे दिए गए, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ भाजपा का यह आरोप गलत और बेतुका है कि उन्होंने भारत में लोकतंत्र की रक्षा के लिए विदेशों से मदद मांगी थी। श्री गांधी ने कहा कि मैंने लोकसभा अध्यक्ष से संसद में अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों का जवाब देने का समय मांगा था और उन्हें दो-दो पत्र लिखे थे लेकिन मुझे समय नहीं दिया गया। मैं अध्यक्ष के कक्ष में भी गया और उनसे कहा कि आप लोकतंत्र के रक्षक हैं। आप मुझे मौका दें, लेकिन उन्होंने केवल एक कप चाय की पेशकश भर की और मुझे मौका नहीं दिया गया।

संक्षिप्त खबरें

नहाय खाय के साथ चैती छठ पूजा की हुई शुरूआत

फतुहा। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चैती छठ पूजा का पहला दिन है यानी कि नहाय खाय पूजा किया गया। छठव्रती नहाय खाय के साथ ही छठ महापर्व का विधिवत आरंभ कर चुके हैं। आज के दिन गंगा स्नान करके अरवा चावन, चने का दाल और कद्दू की सब्जी ग्रहण किया गया। आंवले की चाशनी भी खास तौर पर आज बनाई गई। नहाय खाय के दिन छठव्रतियों के प्रसाद ग्रहण करने के बाद से उनका निर्जला उपवास शुरू हो गया। व्रतियों का उपवास 36 घंटे का होता है। 27 मार्च सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रती अर्घ्य अर्पित करेंगे और 28 मार्च को उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही महापर्व का समापन हो जाएगा। इसको लेकर शहर में प्रशासन भी एकदम एक्टिव मोड में है। गंगा घाटों पर सूर्य भगवान को अर्घ्य देंगे। छठ पूजा को लेकर गंगा घाटों पर पुलिस बल की भारी तैनाती रहेगी।

ई-रिक्शा से बैट्री चोरी, मामला दर्ज

फतुहा। शहर के दरियापुर नया टोला में ई रिक्शा का बैट्री खोलकर चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया है। इस सन्दर्भ में ई रिक्शा मालिक अनिल कुमार ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है। पीड़ित ई रिक्शा मालिक की माने तो हर दिन के भांति बीते शुक्रवार को अपने घर के पास ई रिक्शा खड़ी की थी। शनिवार को सुबह उठकर देखा तो ई रिक्शा की चार बैट्री में से दो बैट्री बक्शा का ताला तोड़कर चोरी कर ली गयी है। इस आलोक में पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है।

विद्युत्त चोरी में तीन के खिलाफ मामला दर्ज और लाखों का जुमार्ना लगा

फतुहा। विद्युत विभाग के कनीय अभियन्ता बबलू कुमार ठाकुर के नेतृत्व में शनिवार को बिजली चोरी के खिलाफ थाना क्षेत्र के अरियाग टोला में छापेमारी की गई। तीन घरों में विद्युत चोरी का मामला सामने आया। अभियन्ता ने तीनों घर के मालिक के खिलाफ थाने में नामजद लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि अरियाग टोला निवासी पंकज सिंह पर 1, 51, 287, संटू कुमार पर बकाया राशि सहित 64, 890 एवं उसके ढाबे पर 2, 63, 596 रुपये का राजस्व क्षति बताते हुए जुमार्ना लगाया गया है।

तख्तश्री पटना साहिब के विकास व कॉरिडोर के लिए मंत्री से मिले

तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने तख्त साहिब के सौंदर्यीकरण और कॉरिडोर के लिए केंद्र सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय की मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान तख्त साहिब के आसपास विकास, सौंदर्यीकरण एवं कोरिडोर के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस पर मंत्री ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया एवं अप्रैल महीने में तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब मत्था टेकने एवं गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने की इच्छा जाहिर की। साथ ही प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पद्मश्री राज्यसभा सांसद संत बाबा बलबीर सींचेवाल के साथ शिष्टाचार मुलाकात की एवं पटना साहिब रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण, नई सुपर फास्ट ट्रेनों एवं ट्रेनों के ठहराव पर विस्तृत रूप से चर्चा की।

बढ़ा बिजली शुल्क वापस नहीं लिया तो चरणबद्ध आंदोलन

शहीद भगत सिंह चौक पर बिजली मंत्री का किया पुतला दहन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पार्षद संघर्ष मोर्चा, जन संघर्ष मोर्चा, विद्युत उपभोक्ता संघ एवं सिटीजन फोरम के संयुक्त तत्वावधान में शहीद भगत सिंह चौक पर बिहार विद्युत विनियामक आयोग द्वारा विद्युत दर में 24:10 प्रतिशत वृद्धि एवं फिक्स्ड चार्ज में दोगुना करने के विरोध में अशोक राजपथ को चौक पर जाम कर पुतला जलाया। इसके पूर्व प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। विद्युत वृद्धि वापस लो, ऊर्जा मंत्री मुदार्बाद, गरीबों पर अतिरिक्त बोझ देना बंद करो आदि नारे लगा रहे थे। इसका नेतृत्व पार्षद संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप मेहता, सीपीआई नेता देव रतन प्रसाद, मो साबिर, शंभू शरण प्रसाद, स्वराज अभियान के अनूप सिन्हा, संरक्षक गिरजा शंकर प्रसाद, सुजीत कसेरा, लीलाधर गुड्डू, रघुनाथ प्रसाद, व्यवसायी वर्ग से विनीत पोद्दार, सुनील शर्मा, दिलीप कुमार, विवेक कसेरा, सुमित दारुका, शंकर अग्रवाल, प्रमोद कसेरा, सतेंद्र सिंह, विजय पांडेय, देवेंद्र राय, विचित्र मणि आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। कार्यक्रम के बाद सभा को संबोधित करते हुए बलराम चौधरी ने कहा कि बिहार एक पिछड़ा राज्य जहां 26 प्रतिशत गरीब का मासिक आय 7000 से 10 हजार तक है। ऐसे में गरीबों को आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। श्री देव रतन प्रसाद ने कहा कि बिहार में विधायक को 2500 यूनिट बिजली मुफ्त में दी जा रही है। पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता ने कहा कि हरियाणा एवं दिल्ली राज्य में 200 से 300 यूनिट बिजली वहां की सरकार फ्री दे रही है। देश में सबसे महंगी बिजली बिहार में है। इसे यथाशीघ्र विद्युत वृद्धि वापस लीजाए। व्यवसायी गिरजा शंकर प्रसाद ने कहा कि विद्युत वृद्धि से आम जनता के साथ-साथ व्यवसायी वर्ग भी परेशान है। बिहार में वर्षों से कल-कारखाने नहीं लगे। यहां के व्यवसायी लोग बाहर से माल मंगा कर बेचेंगे। ऐसे में सभी कल-कारखाने बंद हो जाएंगे। बड़े-बड़े इंडस्ट्रीज चलाने वाले बैंक से कर्ज लेकर कारखाना चलाने वाले लोगों का कारखाना बंद हो जाएगा। ऐसी स्थिति में बैंक का कर्ज भी डूबेगा। लोग जीएसटी भी नहीं दे पाएंगे। जब जीएसटी नहीं देंगे, तो बिहार सरकार के साथ और भी आर्थिक स्थिति गड़बड़ा सकती है। ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया गया है कि यथाशीघ्र आयोग के फैसले को वापस ले, नहीं तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

भक्तों ने भगवती के 4थे रूप कूष्मांडा की पूजा-अर्चना

नहाय-खाय के साथ चैत्र छठ शुरू, खरना आज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वासंतिक नवरात्र के चौथे दिन भक्तों ने भगवती दुर्गा देवी के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा और आराधना किया। इसी के साथ चैती छठ भी शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। इसे लेकर गंगा नदी के प्रमुख घाटों पर नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शनिवार को भक्तों ने देवी चौथे स्वरूप कूष्मांडा की उपासना की। शनिवार को देवी के पांचवां स्वरूप स्कंद माता की उपासना की जाएगी। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी व सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी, अगमकुआं शीतला माता मंदिर सहित अन्य भगवती मंदिरों में भी पुजारी की ओर से भगवती का अनुष्ठान किया जा रहा है। महंत विजय शंकर गिरि ने बताया कि नवरात्रि को ले पूजा-अर्चना और दीपदान को भीड़ नौ दिनों तक मंदिर में जुटती है। छोटी पटनदेवी में महंत आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी व विवेक द्विवेदी, अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर में जयप्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू, पंकज पुजारी, छोटू पुजारी व सुनील पुजारी की देखरेख में भगवती की पूजा अर्चना का अनुष्ठान जारी है। हनुमान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान व मानस पाठ हो रहा है। हाजीगंज मोड़ पर सबरंग क्लब व अदरक घाट पूजा समिति की ओर से पूजा-पाठ का सिलसिला जारी है। बिस्कोमान गोलंबर कालोनी मोड़ काली मंदिर में देवी भागवत कथा आचार्य गिरीशानंद जी महाराज के व्यासत्व में शुक्रवार को भी हुआ। संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि कथा 30 मार्च तक चलेगा। दूसरी ओर चार दिनों के चैती छठ का अनुष्ठान शनिवार को व्रत के संकल्प के साथ शुरू हो गया। शनिवार की सुबह से ही व्रतियों के कदम गंगा के विभिन्न घाटों की ओर बढ़ चुका था। इसके पूर्व व्रती अपने शरीर की शुद्धि कीं। उन सबों ने नाखून कटाने के साथ ही पैर को रंगा। इसके बाद गंगा नदी में डुबकी लगा स्नान करने के बाद सूर्य भगवान को जलार्पण करने के साथ ही उनकी उपासना कीं। उसके बाद पुरोहित के द्वारा चार दिनों के पूजा और व्रत के अनुष्ठान का संकल्प लिया। दोपहर में घर पर आकर चावल, दाल, कद्दू, सब्जी, चटनी, पापड़, दनौरी आदि कच्ची भोग भगवान भास्कर को अर्पित कर आराधना किया गया। इसके बाद अर्पित किया गया भोग को पहले व्रती औरक्षउसके बाद परिवार के सदस्य, इष्ट मित्र और पड़ोसी भी प्रसाद ग्रहण किए। रविवार को लोहंडा यानी खरना होगा। छठ को लेकर बाजार में खरीदारी का दौर जारी है। दूसरी ओर नयी दिशा परिवार की ओर से व्रत का संकल्प लिए 11 व्रतियों के बीच में सामग्री का वितरण महापौर सीता साहू के हाथ सूप, साड़ी, नारियल, घी और पूजन सामग्री कराया गया। आयोजन में राजेश बल्लभ उर्फ मुन्ना यादव, कमल नयन श्रीवास्तव, राजेश राज, रितु राज, कोमल कुमारी, संजना आर्य, निशु, प्रिया राज हंस, सिबू, कौशल, उजाला राज, रविन्द्र कुमार आदि थे।

गोरगांवा के रहने वाली छोटी सी बच्ची ने रखा पहला रोजा

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के गोरगांवा के रहने वाली एक छोटी सी बच्ची रमजान के महीने में छोटे बच्चे भी रख रहे रोजा मुकद्दस महीने रमजान में एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब मिलता है। रहमतों और बरकतों के इन दिनों में रोजेदार न सिर्फ खुदा के लिए अपनी शिद्दत बल्कि इंसानियत के लिए अपनी चाहत भी परखते हैं। खगौल के गोरगांवा निवासी जमील अहमद की 6 वर्षीय पुत्री जैऩब जमील ने इस रमजान में अपना पहला रोजा रखा। वही जमील ने बताया कि अम्मी को रोजा रखती देख उनसे रोजा रखने की इच्छा हुई । वह परिवार के साथ सहरी की नमाज पढ़ती। उसने बताया की इफ्तार में अम्मी उसकी मनपसंद चीजें बनाती है। दिन तस्बीह व नमाज पढ़ने में गुजर जाता है। नन्ही बच्ची जैऩब ने बताया की उसकी हर इबादत में लोगों की भलाई दुआ होती है । वह बताती है की पाक महीने में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ था। उसने बताया की रोजा घरों में सबों को रोजा रखा देख उसने मन बना लिया था।पिता जमील अहमद ने कहा कि इतनी छोटी उम्र में रोजा का सोच थोड़ा हिचक में था लेकिन बेटी की जिद के आगे एक ना चली।

नहाय-खाय के साथ आज से छठ पूजा शुरू छठ व्रतियों के लिए मसौढ़ी अनुमंडल में विभिन्न छठ घाट सज धज के तैयार।

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी,लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरूआत नहाय-खाय के साथ शुरू मसौढ़ी अनुमंडल में प्रशासन की ओर से छठ पर्व की तैयारी पूरी हो चुकी है इस बार प्रशासन छठ घाट पर अपनी ओर से कुछ अलग व्यवस्था करेगी साथ ही विभिन्न घाटों के आयोजन करता है उनके सहयोग से छठ महापर्व में विधि व्यवस्था बनाए रखेंगी मसौढ़ी अनुमंडल में पौराणिक मनीचक छठ घाट पर हजारों की संख्या में लोग अरग देने दूर-दूर से आते हैं मंदिर कमेटी के द्वारा बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए सारी तैयारियां हो चुकी है चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व के पहले दिन नहाय-खाय,दूसरे दिन खरना,तीसरे दिन संध्या अर्ध्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य देते हुए समापन होता है। छठ महापर्व सूर्य उपासना का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस पर्व में भगवान सूर्य के साथ छठी माई की भी पूजा-उपासना विधि-विधान के साथ की जाती है। छठी माई को सूर्यदेव की बहन है। धार्मिक मान्यता के अनुसार छठ का त्योहार व्रत संतान प्राप्ति करने की कामना,कुशलता,सुख-समृद्धि और उसकी दीघार्यु की कामना के लिए किया जाता है। चतुर्थी तिथि पर नहाय-खाय से इस पर्व की शुरूआत हो जाती है और षष्ठी तिथि को छठ व्रत की पूजा,व्रत और डूबते हुए सूरज को अर्घ्य के बाद अगले दिन सप्तमी को उगते सूर्य को जल देकर प्रणाम करने के बाद व्रत का समापन किया जाता है।

गायब किशोर को खोजने को किया सड़क जाम, हंगामा

चार माह से है गायब है, जाम से आम लोग बेहाल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ मोड़ के पास शनिवार को लापता 16 साल के रौशन को खोजने की मांग को लेकर सड़क जाम व हंगामा किया गया। सड़क जाम व हंगामा की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझा कर सड़क जाम हटवाने का काम किया। लापता के पिता अमित पासवान और मां बेली देवी का कहना है कि बीते 26 नवंबर को घर से होटल में काम करने को उनका 16 साल का बेटा रौशन निकला था। इसके बाद से वह लापता है। परिजनों का कहना है कि इस मामले में तीन लोगों पर बेटा के गायब करने की आशंका जताते हुए मामला दर्ज कराया था। पुलिस अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इस मामले को लेकर वह एएसपी, एसपी, डीआईजी, आईजी, डीजीपी से लेकर मुख्यमंत्री तक से मिलने या पत्राचार करने का काम किया है। ऐसे में परिजनों व मुहल्ला के लोग सड़क पर उतर कर सड़क जाम कर लगभग दो घंटा तक हंगामा किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची अगमकुआं थाना की पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझा कर सड़क जाम हटवाया। सड़क जाम के कारण अगमकुआं से राजेंद्रनगर के बीच चलने वाले ऑटो और अन्य वाहनों का परिचालन प्रभावित हुआ। इससे लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ा।

सम्राट के पटना आगमन पर सिटी के भाजपाई करेंगे स्वागत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार भाजपा के नवमनोनीत अध्यक्ष सम्राट चौधरी के पटना आगमन पर भव्य स्वागत पटना साहिब के कार्यकताओं द्वारा किया जाएगा। उक्त बात पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव ने खाजेकलां सामुदायिक भवन में बैठक के दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद श्री चौधरी दिल्ली से पटना सोमवार को आएंगे। एयरपोर्ट से पार्टी कार्यालय आने के क्रम में पार्टी कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। इसमें युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा मोटरसाइकिल जुलूस निकाल कर स्वागत किया जाएगा। वहीं मंच और मोर्चा के कार्यकर्ता अलग-अलग जत्थों में स्वागत करेंगे। वीरचंद पटेल पथ पर पटना साहिब के कार्यकताओं द्वारा गाजे-बाजे और पुष्प वर्षा कर स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा। कार्यकर्ता उत्साहित होकर तैयारी कर रहे हैं। बैठक में प्रदेश मंत्री रूपनारायण मेहता, किरण शंकर, विनय केसरी, संतोष मेहता, प्रभाकर मिश्र, राजेश साह, नितेंद्र अवस्थी, सुजीत कुशवाहा, कांति केसरी, हेमलता शर्मा, अरसी अजीज, शत्रुघ्न सिंह, हरेंद्र नाथ, मृत्युंजय बल्दिहार, अशोक भारती, ओम निषाद, अखिलेश मेहता, सन्नी यादव, मयंक जयसवाल, सरोज जायसवाल, लल्लू शर्मा, अजय सिंह, संजीव पटवा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

छात्राओं ने मेडिसिनल प्लांट के बारे में जान किया रोपण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रामेश्वर दास पन्ना लाल महिला कॉलेज में तरुमित्र कार्यक्रम का आयोजन एनएनएस की ओर से किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोडॉ सीता सिन्हा ने की। इस दौरान एनएनएस ने एक नई पहल की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में छात्राओं के द्वारा पौधे लाए गए और छात्राओं के द्वारा हर पौधे की उपयोगिता बताई गई। एनएनएस की समन्वयक डॉ जयंती रानी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्या डॉ सीता ने कहा कि महाविद्यालय विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास में लगा हुआ है। तरुमित्र-एक नई पहल सिर्फ एक पौधारोपण ही नहीं है, बल्कि छात्राओं के विकास की एक नींव है। एनएनएस के पूर्व पदाधिकारी रहीं डॉ अंजू जैन ने आधुनिक समय में आंतरिक पौधिरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। आज अनेक ऐसे पौधे हैं, जो बिना धूप और बाहरी हवा के भी घर के अंदर बेहतर हरियाली छटा बिखेरने के साथ ही लोगों को मोहने का काम करता है। छात्राओं ने कॉलेज में मेडिसिनल पौधे भी लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ नीलम, डॉ किरण, डॉ शिवचंद्र, डॉ नागेन्द्र मिश्र, डॉ ईना, डॉ सीमा, डॉ सत्येन्द्र शर्मा, डॉ अमोल, डॉ नीना, डॉ दशरथ, शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे। महाविद्यालय की छात्राओं ने सक्रिय योगदान दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ नागेन्द्र मिश्र ने किया।

गुरु अंगद देव जी के ज्योतिजोत पर्व पर सजा दीवान, शबद कीर्तन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में द्वितीय गुरु अंगद देव जी महाराज के ज्योतिजोत पर्व को लेकर विशेष दीवान सजा। इसके पूर्व पिछले दो दिनों से मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ की समाप्ति के बाद सजे विशेष दीवान में कथावाचक ज्ञानी सतनाम सिंह ने गुरु महाराज के जीवन दर्शन पर कथा कही। रागी जत्थों में भाई कविंदर सिंह, भाई ज्ञान सिंह, भाई बिक्रम सिंह, जगत सिंह, हरभजन सिंह, नविंदर सिंह, जोगिदर सिंह ने वैरागयमय कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके पूर्व तख्तश्री पटना साहिब के कार्यकारी जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह ने संगतों को वस्त्र और धरोहरों का दर्शन कराया। इसके बाद अरदास किया गया। आयोजन में प्रबंधक कमेटी के पदधारक व संगत शामिल हुई। विशेष दीवान की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर चला। इधर छठे गुरु श्री हरगोबिंद सिंह जी महाराज के ज्योति जोत पर्व को लेकर शनिवार को भी श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ जारी रहा। रविवार को अखंड पाठ की समाप्ति के ज्योतिजोत पर्व मनाया जाएगा।

सम्राट से मिल भाजपाइयों ने दी बधाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार सरकार के पंचायती राज के पूर्व मंत्री, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी को भारतीय जनता पार्टी, बिहार का अध्यक्ष नियुक्त होने पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव की ओर से पुष्पगुच्छ एवं दोशाला ओढ़ाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही उपस्तिथ लोगों के बीच मिठाइयां बांटीं। मौके पर अनुसूचित मोर्चा प्रदेश महामंत्री राजीव पासवान, पूर्व डिप्टी मेयर संतोष मेहता, किसान मोर्चा पटना महानगर उपाध्यक्ष कृष्ण नंदन मेहता, संजीव मेहता, मरची पैक्स के अध्यक्ष संतोष यादव, मंडल अध्यक्ष सीताराम मेहता, सन्नी यादव, शंकर मेहता, पटना महानगर उपाध्यक्ष सुजीत कुशवाहा, विनीत कुशवाहा, दयानंद यादव, श्याम सुंदर शर्मा, अर्जुन पासवान, विरेंद्र सिंह, बलराम माथुरी आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। भाजपा नेता और पूर्व वार्ड पार्षद अवधेश कुमार सिन्हा, संजीव सिन्हा, वार्ड पार्षद किरण मेहता, तारा देवी, विनोद कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, स्मिता रानी, राजू मेहता, प्रदीप सिंह यादव, भगवती मोदी ने भी खुशी का इजहार किया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश नेत्री सरोज जायसवाल, अनिता पांडेय, अनिता गुप्ता, निशा मेहता, शशि बल्दिहार, सीमा सिंह आदि ने के भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुशी जताई है और आशा व्यक्त की है कि आसन्न लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पार्टी को बुलंदी पर ले जाएंगे।

मसौढ़ी थाना परिसर में छठ एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।

प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ीः मसौढ़ी थाना परिसर में रामनवमी व चैती छठ को लेकर शांति समिति की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता मसौढ़ी अनुमंडल पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने की एवं संचालन मसौढ़ी ए एस पी शुभम आर्य ने किया बैठक में अधिकारियों ने कहां कि पर्व व त्योहार सौहार्द वातावरण में मनायें इसके लिए पुलिस व प्रशासन आपके साथ है पूजा समिति थाना सहमति प्रमाण पत्र लेकर ही आयोजन करें तथा जुलूस व पूजा पंडालों पर आयोजक नियंत्रण रखें किसी भी प्रकार की गैर कानूनी करवाई पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई किया जाएगा वही इस मौके पर मसौढ़ी थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से पर्व को मनाएं कोई भी दिक्कत हो तो प्रशासन आपके साथ खड़ा रहेगा वहीं इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार सीओ मृत्युंजय कुमार बिजली जेई संगीत कुमार एवं थाना परिवार के साथ मसौढ़ी के समाजसेवियों ने भी अपनी अपनी छठ एवं रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा पर चर्चा किया मसौढ़ी पुलिस कप्तान शुभम आर्य ने शोभा यात्रा के दौरान सशस्त्र पुलिस बल तैनात करने तथा शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण करने की अपील की ।

रामनवमी शोभायात्रा पर चलती-फिरती झांकी, नाट्य नाटिका आकर्षण का केंद्र

- रामगढ़ का ढोल ताशा, हनुमान जी का विशाल स्वरूप भी दिखेगा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री राम जन्मोत्सव समिति के द्वारा पिछले 19 वर्षों से शोभायात्रा रामनवमी के अवसर पर निकाला जा रहा है। इसकी शुरूआत 1979 में जगनारायण यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में निकाले जाने का निर्णय लिया गया था। इस बार पटना सिटी में निकलने वाला रामनवमी शोभायात्रा भव्य और आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें पटना के जनप्रतिनिधियों में सांसद, विधायक, वार्ड पार्षद, मुखिया, सरपंच, पैक्स अध्यक्ष से लेकर विभिन्न पार्टी के लोग भी शामिल होंगे। यह बात संवाददाता सम्मेलन के दौरान पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव ने कही। उन्होंने कहा की पटना में विभिन्न स्थानों से छोटी-छोटी टोलियां शोभायात्रा के रूप में निकलती हैं और डाकबंगला के पास नेताओं के हुजूम के बीच उन सबों का स्वागत किया जाता है। मगर पुराने पटना में एक बैनर के तले भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है और इसमें विभिन्न मोहल्लों से निकाली जाने वाली झांकियां, बैंड बाजा, कीर्तन मंडली, आर्केस्ट्रा आदि को शामिल कराया जाता है। यह आयोजन पूरी तरह से सामूहिक रूप से होता है और जुलूस करीब दो-तीन किलोमीटर लंबा होता है। इस बार रामनवमी के दिन अपराह्न में मंगल तालाब स्थित रामदेव महतो सामुदायिक भवन में श्री राम दरबार की पूजा-अर्चना होगी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, समिति के संरक्षक और गण्यमान्य लोगों को वहां सम्मानित किया जाएगा। जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से चलने लायक हैं, वह जुलूस के दौरान पैदल चलेंगे अन्यथा वह अपनी सुविधानुसार शामिल होंगे। शहर में जिस दूरी में शोभायात्रा निकाला जाएगा, उस दौरान 10 हजार से अधिक महावीरी झंडा लगाया जाएगा, ताकि पटना सिटी का शहरी क्षेत्र राममय में हो जाए। इस बार लोगों में उत्साह भी है। सबसे अच्छी बात यह है कि दर्जनों स्थान पर इस बार महिलाएं जुलूस में शामिल लोगों और श्री राम दरबार पर पुष्प वर्षा करते हुए आरती भी करेंगी। करीब दो दर्जन से अधिक स्थानों पर विभिन्न स्वयंसेवी और व्यावसायिक संगठनों के द्वारा पीने के पानी, शरबत, फल आदि का वितरण किया जाएगा। विधायक श्री यादव ने कहा कि इस बार वीर हनुमान जी के विशाल स्वरूप को शोभायात्रा के दौरान दशार्या जाएगा। झारखंड के रामगढ़ का ढोल ताशा भी आकर्षण का केंद्र होगा। कानपुर, लखनऊ और कोलकाता के कलाकारों के द्वारा नृत्य नाटिका से श्रीराम पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें चलती-फिरती झांकी भी शामिल है। प्रभु श्री राम की लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका संगीतमय के साथ प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस भव्य शोभायात्रा को देखने के लिए अशोक राजपथ के दोनों ओर गलियों में, संपर्क पथों में और ग्रामीण क्षेत्र में वास करने वाले लोग आते हैं। ऐसे में शोभायात्रा में लोग महावीरी ध्वजा लेकर भी निकलते हैं। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जुलूस गुजरने वाले मार्ग में त्पेसू के द्वारा लाइन काट दिया जाता है। ऐसे में अशोक राजपथ पर अंधेरे की स्थिति हो जाती है। यह हर किसी के लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। वह प्रशासन से आग्रह करेंगे कि चौक से लेकर गायघाट तक रोड के किनारे रोशनी की व्यवस्था की जाए, जो जेनरेटर पर आधारित हो। साथ ही शोभायात्रा में आगे, पीछे और बीच-बीच में भी पुलिस की तैनाती हो, ताकि असामाजिक और शरारती तत्व व्यवधान पैदा न कर सकें। उन्होंने कहा कि शोभायात्रा में शामिल अच्छे बैंड बजाने वाले, अच्छी झांकी और बेहतर कीर्तन मंडली को गायघाट में पुरस्कृत किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन के दौरान श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति के अध्यक्ष राजेश चंद्रवंशी, शशिशेखर रस्तोगी, मुरारी राय, प्रभाकर मिश्र और राजेश साह मौजूद थे। इसके अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

दादी जी मंदिर में चल रहा चुनरी मंगल पाठ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री राणी सती दादी मंदिर में चैत्र नवरात्र को लेकर दादी जी के चुनरी मंगल पाठ लगातार किया जा रहा है। अपराह्न तीन से लेकर छह के बीच समाज की महिलाएं यहां पहुंच रही हैं और खुद से सामूहिक चुनरी मंगल पाठ करती हैं। इस दौरान दादी जी को भोग लगाया जाता है। दीया जलाया जाता है और पाठ के बाद उनकी आरती उतारी जाती है। इस पूरे आयोजन में प्रभात भरतिया, अमित झुनझुनवाला, राजेश चौधरी, राधिका चौधरी, सीमा शर्मा, राजाराम शर्मा, सतीश अग्रवाल, मंजू देवी, प्रशांत झुनझुनवाला, पप्पू मोदी, बबलू झुनझुनवाला, डा सुशील पोद्दार आदि सक्रिय हैं।

राहुल गांधी की सदस्यता प्रकरण पर सियासी संग्राम जोरों पर, जुबानी जंग जारी

विपक्ष की आवाज को कुचलना चाहती है केंद्र सरकार : उमेश कुशवाहा

पटना। जदयू के बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा की देश की मौजूदा हालात बेहद चिंताजनक बन चुकी है। दुर्भावना से ग्रसित केंद्र सरकार द्वारा विपक्ष की आवाज को षड्यंत्र के तहत दबाया जा रहा है। केंद्र की निरंकुश सरकार जानबूझकर विपक्षी नेताओं को परेशान कर रही है। देश में सवैंधानिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है, लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मनमाने ढंग से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश की सवैंधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर केंद्र की सरकार मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है और यह देश के लिए बेहद चिंता का विषय है। देश में पूर्ण रूप से अघोषित आपातकाल लागू है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के मामलें में केंद्र सरकार के इशारे पर लोकसभा स्पीकर ने जिस तत्प्रता से अपना फैसला सुनाया वह निःसन्देह सवालों के धेरे में है और इससे स्पष्ट मालूम पड़ता है कि केंद्र सरकार की मंशा क्या है। केंद्र सरकार अदानी के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए यह सब साजिश रच रही है। देश के गरीबों का पैसा लूटने वालों के सामने केंद्रीय जांच एजेंसियां बिल्ली की तरह दुबक जाती है लेकिन गरीबों के हक की बात करने पर विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाता है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्षी की आवाज को जनता की आवाज का दर्जा दिया गया है लेकिन वर्तमान की केंद्र सरकार अपनी दमनकारी नीतियों से लोकतांत्रिक मूल्यों नष्ट करना चाहती है। सत्ता के अहंकार में केंद्र की तानाशाही सरकार अंधी और बहरी हो चुकी है । 2024 के चुनाव में इनको अपनी सत्ता जाने डर अभी से ही सताने लगा है इसीलिए भाजपा के लोग बौखला गए हैं। देश की जनता इनके कारनामों को देख रही है। भारत के लोकतंत्र और सविंधान को बचाने की लड़ाई हम सभी को मिलकर लड़ना होगा। हिट्लर के नीतियों पर चलने वाली केंद्र की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए देश की जनता तैयार है।

देश में की जा रही लोकतंत्र की हत्या : राजेश राठौड़

- केन्द्र सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में कांग्रेस का सत्याग्रह आज

पटना। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किये जाने से नाराज प्रदेश के कांग्रेस नेता रविवार को पूरे प्रदेश में सत्याग्रह करेंगे। पटना में गांधी मैदान स्थित गांधी मूर्ति के नीचे बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि जिस प्रकार देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है वो निंदनीय है। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के साथ द्वेषपूर्ण तरीके से की गई कार्रवाई ने यह बताया कि देश में लोकतंत्र की हत्या पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा उतारू है। इसी के खिलाफ बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व और सभी वरिष्ठ नेताओं के उपस्थिति में एक दिवसीय सत्याग्रह गांधी मैदान में गांधी मूर्ति के नीचे किया जाएगा। साथ ही जिलों में भी सत्याग्रह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। सत्याग्रह कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, विधायक दल की नेता अजीत शर्मा सहित तमाम विधायक, सांसद , पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विधान पार्षद गण, पूर्व पार्षद, एवं सभी वरिष्ठ नेता गण सभी मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी गण, अध्यक्ष गण, एवं कार्यकर्ता गण इस कार्यक्रम में प्रमुखता से भाग लेंगे।

विपक्ष की आवाज खामोश करना चाहती है मोदी सरकार : माले

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के खिलाफ आज भाकपा-माले पटना की सड़कों पर उतरा। इस बीच माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने राहुल गांधी की सदस्यता से बर्खास्तगी की चौंकाने वाली घटना पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे को पत्र लिखकर लोकतंत्र पर इस बेशर्म हमले के खिलाफ व्यापक विपक्षी एकता की अपील की। प्रतिरोध सभा में माले नेताओं ने कहा कि अडाणी घोटाले में घिरी मोदी सरकार के दबाव में राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म की गई है। संसदीय परंपरा में यह पहली दफा है जब सत्ता पक्ष ही संसद नहीं चलने दे रहा है। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष अडाणी घोटाले की जेपीसी जांच की लगातार मांग उठा रहा है। अडाणी को बचाने में लगी मोदी सरकार ने उलटे राहुल गांधी की सदस्यता ही खत्म करवा दी। यह भारत के लोकतंत्र के लिए एक काला अध्याय है। भाजपा अपने राजनीतिक विरोधियों के दमन में न्यायालयों से लेकर ईडी-सीबीआई सबका दुरूपयोग कर रही है। दूसरी ओर, देश में महंगाई-बेरोजगारी अपने चरम पर है. लोगों में गुस्सा है। देश के लोकतंत्र और आम लोगों के जीवन पर जब-जब संकट आया है, बिहार की धरती से प्रतिरोध की आंधी उठ खड़ी हुई है। एक बार फिर बिहार देश के इस निरंकुश-फासीवादी शासन मॉडल को शिकस्त देगा और देश में लोकतंत्र की पुनर्बहाली का रास्ता खोलेगा। प्रतिरोध सभा को भाकपा-माले पोलित ब्यूरो के सदस्य धीरेन्द्र झा, राजाराम सिंह, वरिष्ठ नेता केडी यादव, माले विधायक दल नेता महबूब आलम, ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी, विधायक सुदामा प्रसाद, विधायक गोपाल रविदास, विधायक मनोज मंजिल, विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

ओबीसी समाज को अपमानित करने का किसी को हक नहीं : पारस

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तथ्यों से परे और मनगढ़ंत आरोप लगाने की आदत है। 2019 लोकसभा चुनाव के पहले राहुल ने राफेल के नाम पर देश को भ्रमित करने की कोशिश की, जिसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई और राहुल गांधी को मनगढ़ंत आरोप के लिए बिना शर्त माफी माँगनी पड़ी थी। आगे श्री पारस ने कहा कि राहुल गांधी का अहंकार बहुत बड़ा और समझ बहुत छोटी है, अपने राजनीतिक लाभ के लिए उन्होंने पूरे पिछड़ा समाज का अपमान किया, समाज और कोर्ट के द्वारा बार-बार समझाने और माफी माँगने के विकल्प को भी उन्होंने नजरअंदाज किया और लगातार पिछड़ा समाज की भावना को ठेस पहुँचाई। सूरत कोर्ट ने राहुल को पिछड़ा समाज के प्रति उनके आपत्तिजनक बयान के लिए सजा सुनाई है, परंतु राहुल व कांग्रेस पार्टी अभी भी अपने अहंकार के चलते लगातार अपने बयान पर अड़े हुए है एवं निरंतर पिछड़ा समाज की भावनाओं को आहत कर रहे हैं, पूरा ओबीसी समाज प्रजातांत्रिक ढंग से राहुल से इस अपमान का बदला लेगा। इसकी जानकारी प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने दी।

तुषार हत्याकांड को लेकर राष्ट्रीय कुम्हार संघ का धरना प्रदर्शन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

तुषार राज को न्याय दिलाने को लेकर राष्ट्रीय कुम्हार महासभा का पटना में धरना। परिवार के साथ भाजपा नेताओं ने भी की सीबीआई जांच की मांग। बिहटा के कन्हौली निवासी शिक्षक राजकिशोर पंडित के 12 वर्षीय बेटे तुषार राज्य की अपहरण एवं हत्या के मामले में राष्ट्रीय कुम्हार महासभा ने पटना के गर्दनीबाग स्थित धरना स्थल पर एक दिवसीय धरना आयोजित किया। धरना में पहुंचे बिहार भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य देवेश कुमार ने सरकार पर अति-पिछड़ा विरोधी होने का आरोप लगाया। तुषार राज की हत्या में परिवार द्वारा सीबीआई जांच की मांग का समर्थन करते हुए देवेश कुमार ने भाजपा द्वारा इस मामले को विधान परिषद के साथ-साथ विधानसभा में फिर से उठाने का वादा किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार भाजपा प्रवक्ता डॉ० निखिल आनंद ने तुषार कि अपहरण एवं हत्या में पुलिस अनुसंधान की खामियों को गिनाते हुए बताया कि क्यों परिवार को बिहार पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं है जिसके कारण है कि वे सीबीआई जांच कराना चाहते हैं। निखिल आनंद ने अति- पिछड़ा समाज के हर दुःख- सुख में साथ रहने और संघर्ष में मजबूती से साथ देने का वादा किया। अति पिछड़ा समाज के नेता और बिहार भाजपा के प्रदेश मंत्री प्रवीण दास ताँती ने कहा कि बिहार सरकार अति पिछड़ा समाज से जुड़े हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे मामलों में कभी न्याय देने की मानसिकता नहीं रखती है। प्रवीण ताँती ने तुषार राज के अपहरण व हत्या के मामले को राष्ट्रीय मानवाधिकार और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पास ले जाने का सलाह दिया। राष्ट्रीय कुम्हार महासभा की ओर से एक ज्ञापन एमएलसी देवेश कुमार, डॉ निखिल आनंद और प्रवीण ताँती को संयुक्त रूप से सौंपा गया। कुम्हार महासभा ने ज्ञापन में तुषार राज की अपहरण- हत्या के अलावे कैमूर में रूबी कुमारी, औरंगाबाद में चंदन कुमार, मुजफ्फरपुर में अमित कुमार, बेगूसराय में श्रवण कुमार की हत्या और बाढ़ थाना अंतर्गत रिया कुमारी के अपहरण मामले का जिक्र किया है। धरना में राष्ट्रीय कुमार महासभा के पदाधिकारी और बिहार भर से आए समर्थक मौजूद थे जिनमें प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार पंडित, प्रदेश महामंत्री दयानंद प्रसाद पंडित, युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिनव मनीष, महिला अध्यक्ष माया देवी, प्रदेश कोषाध्यक्ष विशेश्वर पंडित, प्रदेश युवा महामंत्री रोहन पंडित, प्रदेश सचिव सुभाष पंडित शामिल थे। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता राम विनोद पंडित और संचालन अभिनव मनीष ने किया।

प्रजातांत्रिक मुल्यों को तार तार कर रही है भाजपा : शशि रंजन

- जन सरोकार के मसले पर पटना कांग्रेस महानगर सक्रिय

पटना। पटना महानगर जिला कांग्रेस की बैठक जिला महानगर कांग्रेस कार्यालय नेशनल हाल कदमकुंआ में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पटना महानगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि रंजन ने किया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह पटना जिला प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि कांग्रेस हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम के तहत जनता के बीच बीजेपी के तानाशाही प्रवृत्ति एवं कुशासन के खिलाफ तथा जन सरोकार के मसलों पर जागरूकता लाने के लिए सक्रिय है। आम अवाम भी इस कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक भागीदारी निभा रही है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शशि रंजन जी ने कहा कि केन्द्र की बीजेपी सरकार ने सभी प्रजातांत्रिक मुल्यों को तार तार कर रही है। विरोध के मुखर स्वर, लोकतंत्र की आवाज को साजिश के तहत दबाया जा रहा है। इसी साजिश के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता को कानूनी पेच के तहत रद्द करवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक कानूनी मसला नहीं है, जनता के बीच यह एक चिंतनीय गंभीर मुद्दा है जिसके तार लोकतंत्र के भविष्य से जुडते हैं । इस मुद्दे को देश की जनता बीजेपी सरकार के प्रतिशोध, धमकी ,उत्पीड़न की कुत्सित राजनीति के तौर पर देख रही है। इस अवसर पर उन्होंने पटना महानगर जिला अंतर्गत निर्वाचित प्रखण्ड अध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। प्रखण्ड, चौक मालसलामी-अभय कुमार जयसवाल,खाजेकलां आलमगंज-मो शमीम अख़्तर,पीरबहोर-गोपाल कृष्ण,कदमकुंआ-हेमंत चतुवेर्दी,कंकडबाग-दिपक कुमार शर्मा,जक़्कनपुर-चंदन कुमार,कोतवाली-राजेश कुमार,पाटलीपुत्र-जय किशन,दीघा -मंटू कुमार,गर्दनीबाग-विकास कुमार सिंह। बैठक में पटना जिला महानगर प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निशांत ने बताया कि पटना जिला महानगर कांग्रेस शीर्ष कांग्रेसी नेतृत्व के गाइडलाइन्स के तहत प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह के मार्गदर्शन में महानगर अध्यक्ष शशि रंजन के नेतृत्व में पटना के सडकों चौराहों गलियों नुक़्कडों पर संविधान सम्मत तरीके से संघर्ष करते रहने के लिए कृतसंकल्पित है । बैठक में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह पटना जिला प्रभारी सुबोध कुमार, महानगर अध्यक्ष शशि रंजन वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व विघान पार्षद लाल बाबूलाल, परवेज अहमद राजेश सिन्हा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, अरविंद लाल रजक, ध्रुव नारायण सिंह पटना महानगर जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निशांत करपटने, इबरार रजा कमलेश पांडेय विकास वर्मा एवं अन्य जिला पदाधिकारी गण तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नीतीश सरकार की क्रांतिकारी योजनाओं से बदला महिलाओं का जीवन : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार की नीतीश सरकार को महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित बताते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि महिलाओं के समग्र विकास व सशक्तिकरण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी द्वारा शुरू की गयी क्रांतिकारी योजनाओं ने आज बिहार की महिलाओं का जीवन बदल दिया है। पहले जहां महिलाएं घर से बाहर निकलने में झिझकती थीं वहीं आज वह राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। नीतीश सरकार ने महिलाओं की शिक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए व्यापक प्रबंध किये हैं । उन्होंने कहा कि याद करें तो पहले स्कूलों में लड़कियों की संख्या न के बराबर होती थी। लेकिन सरकार द्वारा चलायी गयी साईकिल व पोशाक योजना के बाद लड़कियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ। आज स्कूल जाने वाली लड़कियों की संख्या लड़कों के बराबर हो चुकी है। इसी का नतीजा है कि इस बार इंटर में पास होने वाली लड़कियों की संख्या लड़कों से भी अधिक हैं. जदयू महासचिव ने कहा कि इसी सरकार ने महिलाओं की नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताते हुए उनकी आधी आबादी के अनुरूप पंचायत और नगर निकायों के चुनावों में 50: आरक्षण दिया। नीतीश सरकार ने ही महिलाओं को पुलिस विभाग की नौकरियों में 35: आरक्षण देने का काम किया, जिसके परिणाम स्वरूप आज राज्य में 29,175 महिलाएं पुलिस विभाग में काम कर रही हैं। गौरतलब हो कि यह संख्या देश के किसी भी राज्य से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सरकार का महिला सशक्तिकरण के लिए जज्बा इस बजट में दिखा है। मौजूदा बजट में महिलाओं के उत्थान के लिए नारी शक्ति योजना में 60 करोड़ रुपये खर्च करने तथा साथ ही साइकिल योजना के तहत प्रदेशभर में 50 करोड़ पोशाक के लिए 100 करोड़ कन्या उत्थान के लिए 400 करोड़ खर्च करने का ऐलान किया गया है। यही नहीं सरकार जीविका योजना के तहत महिलाओं को सामाजिक स्तर पर भी सशक्त कर रही है। अभी तक कुल 10.45 लाख स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है, वहीं एक करोड़ 30 लाख परिवारों की महिलाओं को इन समूहों से जोड़ा जा चुका है। 62 अस्पतालों में दीदी की रसोई, अनुसूचित जाति/जनजाति, आवासीय विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में 14 दीदी की रसोई का संचालन जीविका दीदियों द्वारा किया जा रहा है।

बिजली दरों में की गई वृद्धि को वापस ले सरकार : चिराग

- बिजली की महंगी दरों के खिलाफ लोजपा रा का राज्यव्यापी प्रदर्शन 10 अप्रैल को

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार सरकार को चेताया है कि वह विद्युत आपूर्ति दर में 24.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी वाले फैसले को वापस ले। अगर सरकार उस फैसले को वापस नहीं लेती है, तो पार्टी आगामी 9 अप्रैल को पूरे राज्य में मशाल जुलूस निकालेगी और उसके अगले दिन 10 अप्रैल को राज्यव्यापी धरना करेगी। बिहार प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में चिराग ने कहा कि बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने बिजली दरों में 24.10 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है साथ ही डिमांड चार्ज, फिक्स्ड चार्ज सहित कई चार्ज दोगुने कर दिए हैं, जिससे बिजली का दाम डेढ गुना बढ़ जाएगा जो सीधे-सीधे आम जनता के बजट को प्रभावित करेगा। साथ ही औद्योगिक इकाइयों को मिलने वाली बिजली के दाम में भी 35-55 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी, जो बचेखुचे उद्योंगों के पलायन का कारण बन सकता है जो चिंता का विषय है। श्री चिराग ने कहा कि बिहार से सटे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा जैसे अन्य प्रदेश की सरकारें अपनी जनता को बिहार की तुलना मे कम दरों पर बिजली मुहैया करा रही हैं, लेकिन बिहार सरकार बिजली का सारा बोझ जनता पर डाल रही है, जो हर व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है। श्री चिराग ने कहा कि जब पिछले साल 14 फरवरी 2022 को विनियामक आयोग के सामने 9.90 प्रतिशत बिजली दर बढ़ाने का मामला आया था तब उसने फैसला लिया था कि बिजली कंपनी दाम बढ़ाने की जगह संचरण क्षति कम करे, लेकिन ऐसा लगता है कि कंपनी ने क्षति कम करने का कोई प्रयास ही नहीं किया, जिसके फलस्वरूप बिजली दर में 40 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव पारित कर दिया। यह प्रस्ताव साबित करता है कि अधिकारियों ने कोई प्रयास या चिंता ही नहीं की दाम घटाने के उपर। उक्त आशय की जानकारी लोजपा (रा) प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

जगदेव बाबू के विचार प्रासंगिक हैं : आलोक मेहता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव सह बिहार सरकार के मंत्री आलोक कुमार मेहता ने कैमूर के लिचछवी भवन में शहीद जगदेव राजनीतिक जागरूकता सम्मेलन का उद्घाटन करते सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज भी जगदेव बाबू के विचार प्रासंगिक हैं ,और उन्होंने जो बातें कही थी सौ में नब्बे शोषित है नब्बे भाग हमारा है। दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा, उसे आज सभी लोग महसूस कर रहे हैं, क्योंकि उनके अधिकारों को केंद्र सरकार के द्वारा लगातार छीना जा रहा है । दलितों, शोषितों , वंचितो ,पिछडो अल्पसंख्यकों, अति पिछडों के योजनाओं को किसी न किसी बहाने बंद किया जा रहा है। और उन्हें शिक्षा और विकास से दूर रखने का साजिश चल रहा है। आगे कहा कि बिहार में लालू प्रसाद ने जगदेव बाबू के विचारों के अनुरूप गरीबों को सत्ता में अधिकार और हक दिया उससे गरीबों वंचित और शोषितों को महसूस हुआ कि गरीबों के हक और अधिकार वाली सरकार बिहार में है । आज जगदेव बाबू के विचारों के अनुरूप गांव, गरीब और वंचित को हक और अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष और आंदोलन की आवश्यकता है, और यही रास्ता केंद्र की सत्ता प्राप्ति का भी रास्ता है। इन्होंने ने कहा कि जगदेव बाबू के विचारों पर चलने वाले लोग हर वर्ग और हर जाति मे हैं, क्योंकि शोषक और शोषित हर वर्ग में है। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि शहीद जगदेव प्रसाद राजनीतिक जागरूकता सम्मेलन इससे पूर्व 18 मार्च को बक्सर में आयोजित किया गया था। और कल 26 मार्च को रोहतास जिला के सासाराम के सभा भवन के सभागार में होगा । जिसमें जगदेव बाबू के विचारों पर चलने वाले सभी वर्ग और शोषित ,वंचित और गरीब शामिल होंगे। इस अवसर पर विधायक भरत बिंद , फतेह बहादुर सिंह, संगीता कुमारी, राजद के संगठन महासचिव राजेश यादव, प्रदेश महासचिव मधु मंजरी, निर्मल कुशवाहा जिला अध्यक्ष अकलू राम सहित अन्य गणमान्य नेतागण भी उपस्थित थे।

साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ बिहार दिवस समारोह, सांस्कृतिक विरासत पर संगोष्ठी

बिहार की स्थापना के सूत्र-नायक थे कवि महेश नारायण, निमार्ता थे डा सच्चिदानंद

- डा इंदुशेखर तत्पुरुष तथा डा विकास दवे को दिया गया स्मृति-सम्मान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्य के रूप में बिहार की स्थापना के सूत्र-नायक थे मुक्त-छंद के पुरोधा कवि, पत्रकार और संपादक बाबू महेश नारायण। उनके ही हृदय में हुए, बिहारी-सम्मान के महा-विस्फोट ने बिहार की स्थापना के लिए संघर्ष की चिनगारी और शक्ति प्रदान की, जहां से एक व्यापक आंदोलन का सूत्रपात हुआ। आगे चलकर इसी आंदोलन को महान शिक्षाविद और त्यागी महापुरुष डा सच्चिदानन्द सिन्हा ने, जो भारत की संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष भी हुए, नेतृत्व प्रदान किया और बंग-भंग कराकर बिहार की स्थापना करवाई। यह दूसरी बात है कि 1907 में निधन हो जाने के कारण महेश नारायण अपने स्वपन को फलित होते नहीं देख पाए, किंतु बिहार प्रांत उनके त्याग और तपस्या को कभी भूल नहीं सकता।

यह बातें शनिवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित बिहार दिवस समारोह और संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि उन्हें दुःख होता है, जब बिहार दिवस मनाते हुए, शीर्ष के लोग इन दोनों दिव्यात्माओं को भूल जाते हैं, जिनकी तपस्या से बिहार अस्तित्व में आया। इस अवसर पर, समारोह के उद्घाटन-कर्ता और पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने भारत के सुविख्यात कवि, आलोचक और संपादक तथा साहित्य अकादमी, राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष डा इंदुशेखर तत्पुरुष को बिहार के सूत्र-नायक बाबू महेश नारायण स्मृति-सम्मान तथा मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डा विकास दवे को बिहार निमार्ता डा सच्चिदानन्द सिन्हा स्मृति-सम्मान से विभूषित किया । समारोह के मुख्य अतिथि और साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश शासन के निदेशक डा विकास दवे ने बाल-साहित्य पर बल देते हुए कहा कि, संयुक्त राष्ट्र-संघ के एक ताजा सर्वेक्षण के अनुसार, आनेवाले दिनों में पूरी दुनिया को आतंकवाद से अधिक नई पीढ़ी के गुमराह होने से हो सकता है। डा तत्पुरुष ने कहा कि, बिहार सदा से वैचारिक-क्रांति की भूमि रही है। वरिष्ठ लेखक और संपादक डा आशिष कांधवे, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो सुधीर प्रताप सिंह, डा सुमेधा पाठक, डा अर्चना त्रिपाठी, कुमार अनुपम, डा ध्रुव कुमार, सागरिका राय, डा सीमा यादव, डा शालिनी पाण्डेय, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, चंदा मिश्र, अन्नपूर्णा श्रीवास्तव, डा सुषमा कुमारी, कुमारी भारती, डा नीतू सिंह, आरपी घायल, नूतन सिन्हा, सदानंद प्रसाद, प्रो सुशील कुमार झा, कृष्णा मणिश्री, कमल किशोर कमल, नीरव समदर्शी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अतिथियों का स्वागत सम्मेलन के विद्वान प्रधानमंत्री डा शिववंश पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन की उपाध्यक्ष प्रो मधु वर्मा ने किया। मंच का संचालन सम्मेलन की साहित्यमंत्री प्रो मंगला रानी ने किया। इस अवसर पर, दूरदर्शन की पूर्व निदेशक रत्न ा पुरकायस्थ, डा नागेश्वर यादव, अंबरीष कान्त, बाँके बिहारी साव, शशि भूषण सिंह, आनंद मोहन झा, बिन्देश्वर प्रसाद गुप्त, डा मनोज कुमार, वर्षा कुमारी, पूजा ऋतुराज, रामाशीष ठाकुर समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

नीतीश कुमार ने अभिवंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ा : चौधरी

- भीम चौपाल सह संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए भवन निर्माण मंत्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार राज्य में शराबबंदी लागू कर और इस राज्य में बाबा साहब और महात्मा गांधी के अभिवंचित वर्ग को मुख्यधारा में जोड़ने के सपनों को मूर्त रूप दिया है उसे साकार किया है। नेता ने इस प्रदेश में सतत जीविकोपार्जन योजना लागू करके जो लोग शराब बेचने का काम करते थे शराबबंदी के बाद बेरोजगार हो गए थे, वैसे लोगों को सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत लाभ देकर सम्मान सहित जीवन जीने का मौका दिया है। उक्त बातें बात भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी नवादा जिला अंतर्गत रजौली अनुमंडल स्तरीय भीम चौपाल सह संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान कही। इसके बाद नवादा अनुमंडल में भी आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री चौधरी ने कहा कि आज कुछ लोग धर्म के नाम पर देश को बांटने का काम कर रहे हैं उन्हें मैं बता देना चाहता हूं जिस समय हमारे समाज में सामाजिक कुरीतियां, छुआ-छूत अपने चरम पर थी, हमारे अनुसूचित जाति जनजाति भाइयों के गले में घंटी बांध दी जाती थी पीछे झाड़ू बांध दिया जाता था और लोग परछाई से भी बचते थे। उस समय हमारे अपने अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के बहुत से भाई इस्लाम धर्म कुबूल किये और बहुत से भाई बौद्ध धर्म को अपनाया। आज देश में जो भी मुसलमान हैं वह किसी और देश नहीं आए है सबके पूर्वज हमारे अपने ही समाज के लोग थे। इसलिए हमें आपसी सद्भाव को बना के रखना है और नफरत को दूर रखने की जरूरत है। आगे श्री चौधरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि सनातन धर्म में जन्म लेना मेरा अधिकार था लेकिन मरना मेरा अधिकार नहीं है और यह कहते हुए बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने बौद्ध धर्म को अपनाया था और बाबा साहब ने यह भी कहा था कि शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो।श्री चौधरी ने कहा कि वर्ष 2005 में बिहार की जनता के प्रेम और आशीर्वाद से नीतीश कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में बिहार की बागडोर संभाली तब इस प्रदेश का बजट मात्र 23 हजार 885 करोड़ हुआ करता था लेकिन अपने अब तक के कार्यकाल में इसे अपनी दूरदर्शिता और कार्यकुशलता से 2 लाख करोड़ से भी ऊपर पहुँचाया है तथा अपने 17 वर्ष के कार्यकाल में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक रूप से कैसे वंचित एवं दलित समाज सबल हो, सशक्त हो इसके लिए नेता ने अब तक के कार्यकाल में योजनाओं का निर्माण एवं बजट का प्रावधान किया और योजनाओं को धरातल पर उतारा है। श्री चौधरी ने आगे कहा कि नीतीश कुमार दूरदर्शी हैं और प्रदेश की जनता के विकास के प्रति अति संवेदनशील भी हैं। वे बाबा साहब, बापू और पटेल की राह पर चलने वाले पूरे देश में कमजोर वर्ग, दलितों, वंचितों एवं अतिपिछड़ों के एक मात्र नायक हैं। नेता की सोच है कि वर्षों से हाशिए पर पडे.अतिपिछड़ा एवं अनुसूचित जाति/जनजाति समाज के लोगों को सशक्त और मजबूत करने के बाद ही कल्याणकारी राज्य की स्थापना के लक्ष्य को पूर्ण कर पायेंगे। इस संवाद कार्यक्रम में विधायक कौशल किशोर, पूर्व विधायक कौशल यादव, प्रदीप महतो, जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधानपार्षद सलमान रागीव, प्रभारी विद्यानंद विकल, पार्टी की नेत्री ज्योति पासवान, अनु जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मिश्री दास सहित पार्टी के पदाधिकारीगण कार्यकर्ता बंधुओं एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी रही।

विपक्षी दलों को निशाने पर रखी हुई है भाजपा : एजाज

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि केंद्र सरकार लोकतांत्रिक तरीके से विपक्ष का मुकाबला नहीं कर पा रही है, इसीलिए इस तरह का कार्य एजेंसियों के माध्यम से कर रही है। जबसे राहुल गांधी ने अडानी मामले पर विपक्षी दल जेपीसी बनाने की मांग पर जोर दिया है उसके बाद से ही भाजपा और केंद्र सरकार बदले की भावना के तहत विपक्षी दलों की आवाज को दबाने के लिए इस तरह की कार्रवाई कर रही है,जो कहीं से भी उचित नहीं है । आगे कहा कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने में जो हड़बड़ी दिखाई गई है उससे यह स्पष्ट होता है कि कहीं ना कहीं सरकार सच और सच्चाई से सरकार डर गई है। जबकि कोर्ट ने इस मामले में राहुल गांधी को एक महीने का स्टे दे रखा है अपील के लिए ,उसके बाद भी जल्दबाजी में इस तरह का कदम उठाया गया जो लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का एक साजिश है। यह भी कहा कि 2024 के चुनाव के पहले भाजपा विपक्षी दलों के खिलाफ इस तरह की लगातार साजिश कर रही है, जो कहीं से भी उचित नहीं है। देश की जनता ऐसे आलोकतांत्रिक कृत्य के लिए भाजपा को जवाब देंगी, और उन्हे सत्ता से बेदखल

संक्षिप्त खबरें

किसान की गोली मारकर हत्या, विरोध में सड़क जाम

समस्तीपुर। समस्तीपुर जिले में अपराधियों ने अपने अपराध का पिटारा खोल दिया है और उनके द्वारा हर रोज दिए जा रहे हत्या और लूट आदि की वारदातों से जहां लोग त्राहिमाम कर रहे हैं वहीं पुलिस हलकान हो गई है। ताबड़तोड़ बैंक लूट की घटनाओं के बाद अपराधियों ने शनिवार की सुबह-सुबह जिले के बंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरादपुर बंगरा पंचायत के डीह सरसौना गांव में अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान डीह सरसौना गांव के निवासी मोहम्मद जफरुउल हक के रूप में की गई है। मामले की छानबीन में पुलिस जुट गई है। वहीं, समाचार प्रेषण तक मामले का खुलासा नहीं हो पाया है। घटना के विरोध में लोगों ने एनएच को जामकर विरोध जताया। स्थानीय लोगों की पहल पर जाम को समाप्त कराया गया।

आग लगी में एक घर जलकर राख

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के हरपुर बरहेता पंचायत के हरिलोचनपुर गांव में शनिवार की सुबह आग लगने से योगेनद्र दास के खपरैल मकान में शॉर्टसर्किट से लगी आग से एक घर जलकर राख हो गया। आग लगने से घर में रखे अन्न, वस्त्र, बर्तन सहित अन्य उपसकर सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की सूचना पर ग्रामीणों ने पहुंचकर निजी पंप सेट चलाकर आग पर काबू पाया। आग लगी कि सूचना स्थानीय अंचलाधिकारी को दे दिया गया है अंचलाधिकारी पंकज कुमार झा ने बताया कि सूचना मिली है कर्मचारी को भेजकर जांच उपरांत उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा अग्निपीड़ित परिवार को।

नरघोघी गांव में बिजली ट्रांसफार्मर में लगी आग, मची अफरा तफरी

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी गांव में सुभाष चौक के निकट सड़क किनारे एक बिजली के ट्रांसफरमर में अचानक आग लग गयी। जिससे आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। हालांकि इससे ट्रांसफार्मर के निकट गेहूं का फसल लगा हुआ था। स्थानीय लोगों की सजगता की वजह से अन्य घरों व खेतों में जलने से बच गये।

संगोष्ठी में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर हुई चर्चा

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के मध्य विद्यालय गंगापुर में शनिवार को विभागीय निदेर्शानुसार अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की संगोष्ठी प्रधानाध्यापक अखिलेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण को ले रणनीति तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि उनका सवार्गीण विकास हो सके। वहीं मेरा बिहार मेरा गौरव विषयक निबंध प्रतियोगिता में सफल तीन छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। इनमें रेशमी कुमारी, सत्यम कुमार एवं प्रीति कुमारी के नाम शामिल हैं। मौके पर शिक्षक संजीत कुमार, ज्योति कुमारी, नूतन कुमारी, रुबी कुमारी, अंबिका कुमारी के अलावा अभिभावकों में संजीत कुमार, मोहन साह, रामचंद्र महतो, पिंकी देवी, ममता देवी समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद रहे।

पुलिस ने दो पियक्कड़ को किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के चकमेहसी बाजार से पुलिस ने दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार पियक्कड़ की पहचान सोमनाहा मठ गांव निवासी राजाराम महतो के पुत्र छोटू कुमार एवं कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर निवासी विलट दास के पुत्र अमरजीत कुमार के रूप में हुई है। चकमेहसी थानाध्यक्ष चन्द्र किशोर टुडू ने बताया कि उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है।

चारा-पानी की तलाश में 500 मवेशियों के साथ सैकड़ों किलोमीटर के सफर पर निकले पशुपालक

गर्मी की शुरूआत में ही बिहार का जलस्तर पहुंचा निम्नतम स्तर पर

ऋतुराज वर्मा,
सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

पानी की तलाश में जमुई जिला से लगभग 125 किलोमीटर का रास्ता तय कर समस्तीपुर जिले के सरायरंजन पहुंचे पशुपालक अपने मवेशियों के साथ, लेकिन यहां भी पानी नहीं मिली। पशुपालक अपने 500 के करीब मवेशियों के साथ मुजफ्फरपुर जिला की ओर बढ़ रहे हैं। अपने मवेशियों के साथ पानी व चारा की तलाश में भटक रहे हैं। जलस्तर नीचे जाने की वजह से ताल-तलैया सब सूख गए हैं। इन्हें पानी नहीं मिल रही है। साथ में चारा भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैव दिनोंदिन पानी व चारा की तलाश में हमलोग आगे बढ़ रहे हैं। घर से इनकी दूरी बढ़ रही है। इसके साथ पानी खोजने का दायरा भी बढ़ रही है। जमुई जिले के भगरार गांव से सरायरंजन पहुंच पशु पालकों रामेश्वर यादव, दिनेश यादव, अनिल यादव, विष्णुदेव यादव, सीताराम यादव, जोधन यादव, अजय यादव ने बताया कि उनके यहां की स्थिति काफी खराब हो गई है। जिससे इन लोगों को घर-परिवार छोड़कर मवेशियों के साथ पानी व चारा की खोज में निकलना पड़े है। लोगों ने बताया कि जमुई, लखीसराय, बेगूसराय जिला पार कर समस्तीपुर पहुंचे थे। मगर यहां भी पानी का कोई आसरा नहीं दिखा। जलस्तर नीचे जाने की वजह से बोरिंग, चापाकल, कुंआ, तालाब धीरे-धीरे सुख रहे हैं। पानी की मार से पशुपालक किसान दूसरे जिले जा रहे हैं। जहां उनको पानी मिलेगा अपने मवेशियों के साथ डेरा डंडा गाड़ देंगे। उन लोगों का कहना था कि समस्तीपुर के लगमा, चंद्रहास जैसे जगहों पर पानी 12 महीने नदी, नाला, तालाब में रहा करता था। वहां दूसरे जिलों के पशुपालक अपने मवेशियों के साथ डेरा डंडा गाड़ देते थे। आज वहां पर भी पानी की स्थिति अच्छी नहीं है। जिसकी वजह से लोग अपने मवेशियों के साथ पानी के लिए दर-दर भटक रहे है। पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए लोग तरह-तरह की तरकीब लगाते रहते हैं, लेकिन वह भी विफल हो जाता है। यहां तक कि खेतिहर किसान भी पानी की मार झेल रहे हैं। खेत में लगी फसल भी पानी के अभाव में सूख रही है। लोगों का कहना है कि शुरूआती गर्मी में यह हाल है तो भीषण गर्मी में पानी की स्थिति और भी भयावह हो सकती है। वहीं क्षेत्र में जितनी सरकारी चापाकल है उनमें एक से दो पानी दे रहे हैं, बाकी बंद है। लेकिन सरकारी स्तर से पानी की समस्या को दूर करने के लिए सरकार अभी से काम शुरू कर दे। तभी लोगों को समस्याओं से कम जूझना पड़ेगा। जमुई से आए पशुपलकों का कहना है कि हमलोगों का हर वर्ष यही स्थिति बना रहता है, लेकिन वहां की स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहां के सांसद, स्थानीय विधायक को भी कई बार ध्यान आकृष्ट कराया गया। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई है।

नोट :- आंकड़े फुट में, पीएचईडी के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार।

जलस्तर एक नजर में

प्रखंड	28 फरवरी	15 मार्च
विभूतिपुर	18.06	18.06
बिथान	13.01	13.01
दलसिंहसराय	23.04	23.04
हसनपुर	15.08	15.08
कल्याणपुर	21.02	21.02
खानपुर	19.09	19.09
मोहनपुर	21.10	21.10
मोहिउद्दीननगर	22.03	22.03
मोरवा	22.03	22.03
पटोरी	18.11	19
पूसा	22.03	22.03
रोसड़ा	15.10	15.10
समस्तीपुर.	20.10	20.10
सरायरंजन	20.09	20.09
शिवाजी नगर	17.10	17.11
सिंधिया	17.08	17.09
ताजपुर	20.08	20.08
उजियारपुर	19.06	19.07
विद्यापतिनगर	21.03	21.03
वारिसनगर	21	21.01

रालोजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार चौधरी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर सम्राट चौधरी को दी बधाई

बढ़ते अपराध पर कहा- पीएम और सीएम बनने की स्वप्न तंद्रा में हैं नीतीश और तेजस्वी, अपराधियों ने काबिज किया साम्राज्य

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी को बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष विनय कुमार चौधरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया है। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि सम्राट चौधरी को बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से रालोजपा समर्थित एनडीए पहले के मुकाबले और मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में रालोजपा समर्थित एनडीए बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। वहीं, उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। उन्होंने सम्राट चौधरी को भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि रालोजपा सहित एनडीए घटक दलों के कार्यकताओं में इसको लेकर हर्ष का माहौल है। श्री चौधरी ने समस्तीपुर सहित पूरे बिहार में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए महागठबंधन सरकार की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं और वहीं बिहार के उपमुख्यमंत्री यादव बिहार का मुख्यमंत्री बनने की स्वप्न तंद्रा में हैं। इस कारण समस्तीपुर सहित पूरे बिहार में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बद से बदतर हो गई है। उन्होंने कहा कि उन दोनों को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। वहीं, सम्राट चौधरी को बधाई देने वालों रालोजपा जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, दलित सेना जिलाध्यक्ष रिता पासवान, छात्र जिलाध्यक्ष मुरारी तिवारी, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रिना सहनी, पंचायती राज्य प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, छात्र रालोजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋषि सिंह, जिला उपाध्यक्ष बंटी जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष जीवक्ष पासवान, निरंजन सिंह, मनोज कुमार, मधुवाला सिन्हा, डॉ बिनोद सिंह, मायाशकर प्रसाद सिंह, संजय महतो, अरविंद पासवान एवं लखन महतो आदि रालोजपा पार्टी पदाधिकारी शामिल हैं।

केएसआर कॉलेज सरायरंजन में स्नातक तृतीय खंड की जांच परीक्षा शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के केएसआर कॉलेज सरायरंजन में स्नातक तृतीय खंड की शांतिपूर्ण जांच परीक्षा शुरू की गई है। प्राचार्य डॉ विपिन कुमार झा के अनुसार सभी छात्र-छात्राओं को जांच परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने पर अंतिम परीक्षा में नहीं नहीं बैठने दिए जाने का शख्त आदेश दिया गया था। फलस्वरूप तृतीय खंड स्नातक के सभी छात्र-छात्राएं जांच परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। स्नातक तृतीय खंड के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों के प्रतिष्ठा एवं आनुषंगिक सभी विषयों की जांच परीक्षा शुरू की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ दिवाकांत मिश्र के अनुसार प्राचार्य के निर्देशन में कदाचारमुक्त परीक्षा ली जा रही है। डॉ इंदु शेखर पाठक, प्रो अनिल कुमार झा, प्रो रंजन कुमार राय, प्रो विजय कुमार राय, प्रो रमेश कुमार, प्रो देवेंद्र चौधरी, अमरकांत ईश्वर, दयानंद झा, मनोज कुमार कर्ण, मुकुंद कुमार आदि सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के द्वारा परीक्षा संचालन में सहयोग किया जा रहा है।

रालोजपा नेत्री के पति के निधन पर सांसद प्रिंस राज ने किया शोक व्यक्त

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद सह रालोजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने जिले के कल्याणपुर प्रखंड के मालीनगर निवासी रालोजपा नेत्री सुमित्रा पासवान के पति दुखन पासवान के आकस्मिक निधन एवं कल्याणपुर प्रखंड के बिरसिंहपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता ललन साह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में सांसद प्रिंस राज ने कहा है कि दुखन पासवान और ललन साह क्षेत्र में समाज सेवा को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे। उन दोनों के निधन से समस्तीपुर रालोजपा परिवार काफी मर्माहत है। दोनों मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सांसद प्रिंस राज ने ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं, समस्तीपुर सांसद के निर्देश पर रालोजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार चौधरी के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के द्वारा रालोजपा नेत्री के मालीनगर आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की गई। इस बाबत रालोजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार चौधरी ने पीड़ित परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए हर सुख-दुख में पीड़ितों के साथ रालोजपा परिवार के खड़े रहने के वचन को दोहराया। वहीं, रालोजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार चौधरी ने भाजपा नेता ललन साह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वे बहुत ही मधुर भाषी और सहज उपलब्ध रहने वाले कर्मठ समाजसेवी थे। उनका निधन कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर जिला प्रधान महासचिव नीरज भारद्वाज, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष जीवक्ष पासवान, दलित सेना जिलाध्यक्ष रिता पासवान, कन्हैया शर्मा एवं चंदन कुमार सहित कई अन्य रालोजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लूट की योजना बना रहे आठ अपराधी गिरफ्तार, एक पिस्तौल व दो देसी कट्टा और आठ गोली बरामद

पुलिस ने गोपालपुर पेट्रोल पंप लूटकांड और बाइक चोरी मामले का किया खुलासा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दुमदुमा पुल के पास रात के अंधेरे में इकट्ठे हुए आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि पुलिस ने उनके पास से एक पिस्तौल, दो देसी कट्टा, आठ गोली, आठ मोबाइल, चोरी की एक बाइक सहित लूट कांड में प्रयुक्त दो अन्य बाइक व 7250 रुपए नगद बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने पिछले दिनों कल्याणपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर पेट्रोल पंप हुए लूट मामले का भी उद्भेदन कर दिया। इस बाबत आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए समस्तीपुर एसपी ने बताया कि बीते 23 मार्च की देर रात्रि कल्याणपुर थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के दुमदुमा पुल के निकट अकबरपुर की तरफ जाने वाले रास्ते में स्थित एक घने गाछी में सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के साथ छापेमारी कर छह अपराधियों को भारी मात्रा में हथियार के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, बताया गया कि इस दौरान दो अपराधी बाइक से भागने में कामयाब रहे। जिन्हें, गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस के द्वारा उनके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में कुख्यात अपराधी कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर निवासी मनोज कुमार के पुत्र अंकित कुमार भी शामिल है। पुलिस के अनुसार वह कल्याणपुर थाना और चकमेहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए आधा दर्जन से अधिक मामलों में संलिप्त रहा है। वहीं, उसके ऊपर कल्याणपुर थाना में पूर्व से एक मामला दर्ज है। गिरफ्तार अन्य अपराधियों की पहचान कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर निवासी रामचंद्र महतो के पुत्र सुमित कुमार, मथुरापुर ओपी क्षेत्र मथुरापुर निवासी रामसेवक महतो के पुत्र राजा कुमार, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर वार्ड नंबर 9 निवासी सुन्देश्वर राय के पुत्र आर्यन राज, मूसेपुर निवासी उमाशंकर साह के पुत्र विवेक कुमार, अकबरपुर वार्ड नंबर 10 निवासी पवन राय के पुत्र सूरज कुमार, वासुदेवपुर निवासी रोहित महतो के पुत्र अविनाश सिंह कुशवाहा एवं खानपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ा निवासी मदन राय के पुत्र दिलखुश कुमार के रूप में बतायी गई है। इसके साथ ही पुलिस ने बाइक चोरी से संबंधित कल्याणपुर थाना में दर्ज थाना कांड संख्या 76/23 का भी खुलासा कर दिया। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए अपराधियों में से दो अपराधी इसी मामले से संबंधित बताए गए हैं।

माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी के बाइक और मोबाइल लूट मामले का पुलिस ने किया उद्भेदन, चार गिरफ्तार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पुलिस ने बीते माह 4 फरवरी की रात दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के अजनौल गुमटी नंबर 29 के पास माइक्रो फाइनेंस कंपनी में कार्यरत मनीष कुमार के साथ हुई लूट मामले का शनिवार को उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने इस लूट की घटना में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूट की गई मोबाइल और बाइक के अलग-अलग पार्ट-पुर्जा बरामद किए गए है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के केवटा निवासी पुचो दास के पुत्र मनीष कुमार, केवटा वार्ड नंबर एक निवासी अजय प्रसाद के पुत्र अंकित राज और चकनवादा निवासी बिशो सहनी के पुत्र गुलशन कुमार एवं उजियारपुर थाना क्षेत्र के महिसारी निवासी उपेंद्र राय के पुत्र अरविंद कुमार के रूप में बतायी गई है। वहीं, बताया गया कि पुलिस घटना में संलिप्त दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारीके लिए छापेमारी कर रही है। बताया गया कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी के साथ लूट मामले के उद्भेदन व इसमें संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत थी और पुलिस ने अनुसंधान के आधार पर इस लूट कांड में संलिप्त तीन अपराधियों को लूट की गई मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया तथा गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर पुलिस ने बाइक के पार्ट-पुर्जा के साथ एक अन्य अपराधी को उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। इस घटना में संलिप्त दो अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

वित्तीय और सेवाओं से सम्बंधित जागरूकता अभियान आयोजित

शिवाजीनगर, प्रात : किरण संवाददाता

शिवाजीनगर प्रखंड अंतर्गत कैशपार माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा अपने सदस्याओं को वित्तीय जागरूकता तथा उनके हितों को ध्यान में रखते हुए आरबीआई द्वारा जारी नए दिशा-निदेर्शों के बारे में जानकारी देने के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कैशपार हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली सदस्याओं को वित्तीय सहायता साथ ही साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाएं भी प्रदान करती है। जिससे सदस्याओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ साथ वे अपने परिवार की बीमारी और बच्चों के शिक्षा पर ध्यान दे सके और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सके। इस वास्ते कैशपार प्रतिवर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकाश पदाधिकारी शिवाजीनगर हरिओम सरन एवं शिवाजीनगर ओपी सअनि विनोद कुमार एवं अन्य पुलिस गण उपस्थित हुए जिसमे प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिओम शरण के द्वारा सदस्यों को शिक्षा एवं आत्मनिर्भर बनने पर सदस्याओं को जागरूक किए गए एवं अन्य जानकारी भी दीए गए। साथ ही साथ कैशपार के आँचलिक प्रबन्धक अभय कुमार मौर्या एवं क्लस्टर हेड नागेंद्र कुमार, एवं एरिया रिस्क ऑफिसर रणविजय यादव, हेल्थ एण्ड एजुकेशन विभाग से कुमुद रंजन चौबे एवं विशाल कुमार और शाखा प्रबंधक मंटू कुमार एवं शाखा के फील्ड ऑफिसर निरंजन कुमार, विवेक कुमार, विक्रम कुमार पाल उपस्थित रहे।

कैशपौर माइक्रो के संस्थान ने किया एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन बाजार स्थित एक निजी भवन में शनिवार को कैशपौर माइक्रो क्रेडिट संस्थान की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से वित्तीय जागरूकता तथा सदस्यों के हितों को ध्यान में रखते हुए आरबीआई द्वारा जारी नए दिशानिर्देश के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुए। बताया गया कि कैशपौर हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले सदस्यों को वित्तीय सहायता के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा की भी सुविधा प्रदान करती है। इससे समस्याओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ-साथ अपने बीमारी और बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दे सके, और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सके। कैशपौर प्रतिवर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता है। कार्यक्रम का उद्घाटन सरायरंजन थानाध्यक्ष रविकांत तिवारी एवं एएसआई प्रिंस ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर कैशपौर माइक्रो क्रेडिट जोनल ट्रेनर दिलीप दुबे, रीजनल एडिटर सौरभ द्विवेदी, एआरओ आशुतोष उपाध्याय, ब्रांच मैनेजर पप्पू कुमार यादव, उप ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार, सेंटर मैनेजर रूपेश कुमार, निखिल कुमार, अविनाश कुमार, रूद्रेश तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

राजपूत करणी सेना के संस्थापक को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। राजपूत करणी सेना समस्तीपुर के जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चंदेल की अध्यक्षता में 25 मार्च को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर राजपूत करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शहर के हिमगिरी विवाह भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चंदेल ने कहा कि दिवंगत लोकेंद्र सिंह कालवी एक अभिभावक के रूप में समाज के लिए हमेशा विकासात्मक संगठित सोच के साथ खड़े रहे। वे समाज हित में अपने किए गए कार्यों लेकर सदैव याद किए जाते रहेंगे। मौके पर ठाकुर संग्राम सिंह, मुकेश सागर, प्रभात सिंह, आशुतोष सिंह, मनीष सिंह, यशवंत सिंह, अनुरूद्ध सिंह, प्रवीण सिंह, गौरव सिंह, राणा सिंह, देवानन्द सिंह, दिपक सिह एवं संजीव सिंह आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

नहाय खाय के साथ सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ प्रारंभ

गोपालगंज। व्रत धारण करने वाली महिलाओं के नहाय-खाय के साथ ही तीन दिनों तक चलने वाले लोक आस्था के महापर्व चैती छठ की शुरूआत हो गयी। व्रत धारण करने वाली महिलाओं ने शनिवार को तालाबों में स्नान किया तथा अरवा चावल का भात, अरहर का दाल एवं चना का सब्जी ग्रहण किया। व्रत धारण करने वाली कई महिलाओं ने बताया कि रविवार को खरना के बाद सोमवार को भगवान भाष्कर को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। मंगलवार की तड़के दूसरे अर्घ्य के साथ ही सूर्योपासना के इस महापर्व का समापन हो जाएगा। दूसरी तरफ नहाय खाय के दिन तक शहर के तमाम छठ घाटों की सफाई का काम अब तक शुरू नहीं हो सका है। नगर परिषद की ओर से घाटों की सफाई के साथ ही सिरसोभता के रंग रोगन का कार्य भी शुरू नहीं होने से लोग घाटों पर गंदगी को देखकर चिंतित नजर आ रहे हैं। व्रतियों का कहना है कि इस बार अबतक घाटों पर पर्याप्त साफ सफाई नहीं होने के कारण घाटों पर लाइटिंग आदि की व्यवस्था में ससमय होने की संभावना नहीं दिखती है। इसके पीछे नगर परिषद की सुस्ती सबसे बड़ा कारण है। हालांकि वैसे परिवार जहां चैती छठ का आयोजन किया जाता है, खुद अपने स्तर पर घाटों की सफाई के कार्य में लगे हैं।

गोपालगंज में 34 पियक्कड और 12 तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज। उत्पाद विभाग की टीम ने शराब के नशे में 34 और शराब के धंधे में संलिप्त 12 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तस्करों व पियक्कडों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार की रात्री जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक तरफ जहां 12 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी तरफ यूपी से शराब की पार्टी कर आने वाले लोगों की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान ब्रेथ एलेनाइजर मशीन से लोगों की चेकिंग की गई। जिसमें करीब 34 लोग शराब के नशे में धुत पाए गए। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उत्पाद विभाग की इस कारवाई के बाद शराब तस्करों व शराब पीने वालों के बीच हडकंप मचा हुआ है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई लगातार जिले भर में जारी रहेगी।

हत्या समेत 43 आरोपित गिरफ्तार, भेजे गये जेल, पांच बाइक जप्त

गोपालगंज। गोपालगंज पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर हत्या के मामले में एक आरोपित समेत 43 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में हत्या में एक, हत्या के प्रयास के दो, शराब कांड के मामले में 24, अन्य मामले में दो तथा 14 वारंटी शामिल है। इसके साथ ही पुलिस ने पांच बाइक, एक साइकिल के साथ 69 लीटर देशी शराब को जप्त किया है। इस दौरान पुलिस के द्वारा 62 वारंट के मामलो का निष्पादन भी किया गया है। अभियान के दौरान दो मामलों में इस्तेहार चस्पा किया गया जबकि एक कुर्की के मामलों का भी निष्पादन किया गया। वही वाहन जांच के दौरान पुलिस ने 24500 रुपएं जुमार्ने के रूप में वसूल किया है। इसकी जानकारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होने बताया कि पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस के द्वारा लगातार चलाये जा रहे अभियान से शराब तस्करों के बीच भय व्याप्त है। वही पुलिस वारंट के मामलों का भी तेजी से निष्पादन करने में जुटी हुयी है। पुलिस के इस अभियान की लोग जमकर सराहना कर रहे है।

दो बच्चों को छोड़ महिला फरार

बरौली। बरौली थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने दो बच्चों को छोड़कर फरार हो गयी। इस मामले में पीड़ित महिला के ससुर अब्दुल कलाम व मायके के परिजनों के द्वारा थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच करने में जुट गयी है। इस संबध में थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की लिखित मिली है। पूरे मामले की जांच पडताल की जा रही है। पुलिस सभी बिन्दुओं पर गहराई से जांच कर रही है।

मंडलकार में गांजा व डाटा केबल बरामद, अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

गोपालगंज प्रातः किरण ब्यूरो
जिले के थावे थाना क्षेत्र के चनावे स्थित मंडलकारा में आपत्तिजनक स्थिति में करीब 125 ग्राम गांजा व दो डाटा केबल बरामद किया गया है। इस मामले को लेकर मंडल कारा अधीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने अज्ञात असामाजिक तत्वों पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होने बताया कि जांच के दौरान खंड संख्या सात और आठ के बीच रास्ते में काले प्लास्टिक में लपेटकर रखा गया करीब 125 ग्राम गांजा व दो डाटा केबल बरामद किया गया है।

जेल से निकलकर प्रेमी ने प्रेमिका से रचायी शादी

न्यायालय के द्वारा शादी के लिए चार घंटे का दिया गया था पेरोल, अनोखी शादी की जिले में खूब हो रही चर्चा

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

गोपालगंज से एक अनोखी शादी का मामला सामने आया है। यहां पर एक लड़का जेल से चार घंटे के लिए छूटकर पेरोल पर आया और थावे दुर्गा मंदिर में पूरी रिती रिवाज के साथ पुलिस की मौजूदगी में अपनी मंगेतर से शादी की। और फिर से जेल पहुंच गया। शनिवार को प्रसिद्ध थावे मंदिर लाल जोड़े में सजी दुल्हन और शादी के जोडे पर सजा हुआ दुल्हे की अनोखी शादी का गवाह बना। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूरे विधि- विधान से शादी की रस्म अदा की गयी। थावे दुर्गा मंदिर में हुई इस अनोखी शादी में लड़का और लड़की पक्ष के अलावा पुलिस कर्मी भी शामिल हुए। शादी के बाद थावे दुर्गा मंदिर में पति-पत्नी के रूप में दोनों प्रेमी युगल ने दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद लिया। इस शादी में सुरक्षा के लिहाज से काफी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात थे। इस अनोखी शादी की खूब चर्चा हो रही है। दरअसल पश्चिम चंपारण के बगहा थाना क्षेत्र के मच्छरगांवा गांव का राहुल कुमार हाजीपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई करत था। लखनऊ में एक सत्संग के दौरान यूपी के कप्तानगंज की 21 वर्षीय काजल प्रजापति से उसकी मुलाकात हुयी। इस मुलाकात के बाद दोनो का प्रेम परवान चढने लगा। और दोनो एक दुसरे के साथ जिने मरने की कसमे खाने लगे। इसी दौरान दोनो ने चोरी छिपे थावे दुर्गा मंदिर में शादी रचा ली। और पति पत्नी के रूप में रहने लगे। लेकिन अचानक 5 मार्च को लड़की की तबीयत खराब हो गई और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पुलिस पहुंच गई और लड़की की शिकायत पर प्रेमी राहुल कुमार को रेप के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जब इस बात की जानकारी प्रेमी और प्रमिका के परिवार को हुई तो दोनो पक्षों ने प्रेमी प्रमिका की शादी कराने का फैसला कर लिया। जिसके बाद गोपालगंज के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में परिवार की ओर से अर्जी दी गई। न्यायालय ने दोनों को बालिग पाते हुए शादी की इजाजत दे दी। इसके लिए लड़के को दूल्हा बनने के लिए चार घंटे का पेरोल मिला। शादी के बाद पुनः उसे जेल भेज दिया गया। अब देखना यह है कि न्यायालय दूल्हे को जमानत पर कब रिहा करती है कि दुल्हन बनी प्रेमिका के साथ अपना जीवन यापन कर सके। अब सबकी निगाहे न्यायालय के फैसले पर टिकी हुयी है।

हवन यज्ञ और भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के मांझा प्रखंड के डुमरिया गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विश्व शांति एवं सर्वकल्याण की कामना से समापन हुआ। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कथावाचक स्वामी प्रज्ञानंद महाराज ने व्यासपीठ से कहा कि आत्मा को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कराने के लिए भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करना होगा। हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मन वांछित फल प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है।

श्रीमद्भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है।

कथा के समापन पर यजमान राधाकांत तिवारी, रेवती रमण मिश्र, अवध किशोर सिंह, अखिलेश तिवारी, सत्यदेव शर्मा, रमेश गोंड एवं परिवार के अन्य सदस्यों ने व्यासपीठ पर आरती की। कथा समापन पर भंडारे का प्रसाद पूरे पंचायत में वितरित किया गया। इस अवसर पर राधारमण मिश्रा, ज्योतिष शर्मा, अनिल कुमार शास्त्री, लखन तिवारी, अमरेन्द्र सिंह, बृज किशोर सिंह, बृजेश सिंह इत्यादि भी मौजूद रहे।

रामनवमी के दौरान हर हाल में विधि व्यवस्था को रखें दुरूस्तः डीएम

डीएम एसपी ने सभी बीडीओं व थानाध्यक्षों को दिया सख्त निर्देश

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी व एसपी स्वर्ण प्रभात ने समाहरणालय के सभाकक्ष में रामनवमी के दौरान विधि व्यवस्था संधारित करने को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व थानाध्यक्ष मौजूद थे। बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार हर हाल में शांतिपूर्ण माहौल में आयोजित किया जाना है। बैठक मे निर्देश दिया गया कि रामनवमी जुलूस के लिए निर्धारित रूट चार्ट के साथ लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। जुलूस के दौरान ड्रॉप गेट लगाकर आवागमन पर नियंत्रण रखा जाएगा। रामनवमी को लेकर अनुमंडल स्तर से लेकर सभी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर बिशेष गश्ती, शहर के संवेदनशील जगहों पर आवश्यकतानुसार वैरीकेटिंग करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में सोशल मिडिया व यूट्यूब पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश भी दिया गया। बैठक के दौरान एसपी स्वर्ण प्रभात ने थानाध्यक्षों को 31 मार्च को नमाज के पश्चात ही जुलूस निकालने की अनुमति देने का निर्देश दिया और कहा कि सूचना संकलन के लिए पंचायतों से चैकीदार एक मुख्य कड़ी है, उन्हें भी शांति समिति की बैठक में शामिल कर सही जानकारी ले। वही 30 एवं 31 मार्च को थावे में श्रद्धालुओं की भीड व माननीय उच्च न्यायालय के जज एवं अन्य वीआईपी के आने की संभावनाको देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल लगाने का निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि जुलूस एवं झांकी की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। जुलूस में डीजे, अश्लील गाने, जाति आधारित गाने बजाने पर रोक रहेगी। बैठक में डीडीसी अभिषेक रंजन, अपर समाहर्ता सुनील कुमार, सामान्य शाखा प्रभारी राधातान्त, विशेष कार्य पदाधिकारी बिनय कुमार, सभी प्रखंडो के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी के साथ साथ सभी थानों के प्रभारी विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

गोपालगंज में लाखों की जब्त शराब पर चला बुलडोजर

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

गोपालगंज में छापेमारी में जब्त की गई शराब की बोतलों को जेसीबी चला कर नष्ट किया गया। उत्पाद विभाग ने पिछले दिनों जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी, इसमें 1386 लीटर देसी और विदेशी शराब जब्त किया गया था।

इसके बाद अब कानूनी प्रक्रिया के तहत जब्त शराब की बोतलों पर बुलडोजर चलवा दी गई। शनिवार को मद्य निषेध विभाग के अधिकारी और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में एनएच के किनारे 1386 लीटर देशी और विदेशी शराब पर जेसीबी चलाया गया। नष्ट किए गए शराब की कीमत लाखों में बताई जा रही है। उत्पाद अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि शराबबंदी अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस पड़ोसी उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में लगातार छापेमारी कर कार्रवाई कर रही है। इसका नतीजा है कि उत्पाद विभाग द्वारा 21 कांडो में जप्ब करीब 1386 लीटर अवैध शराब को जब्त कर उसे जेसीबी से नष्ट कराया गया। शराब को नष्ट करने की इस कार्रवाई की वीडियोग्राफी करवा कर इसे कोर्ट के साथ-साथ जिलाधिकारी को भी सौंपा जाएगा। उन्होने कहा कि शराब तस्करों को पनाह नहीं दी जाएगी। उत्पाद विभाग की टीम लगातार अभियान चलाकर शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, साथ ही अवैध शराब को भी नष्ट करेगी।

इंटरमीडिएट के सफल छात्रों को सीओ व शाखा प्रबंधक ने किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया प्रखंड क्षेत्र के बथुआ बाजार में संचालित ब्रिलिएंट कोचिंग सेंटर में आयोजित एक सादे समारोह में इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में कोचिंग के सफल छात्र छात्राओं को शनिवार के दिन सीओ खुशबू खातून और पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक केशव चैधरी द्वारा छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु किताब और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कोचिंग के संचालक कमलेश कुमार सहयोगी शिक्षक दीपक कुमार उपस्थित रहे। इसी क्रम में सीओ व शाखा प्रबंधक ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए छात्रों को आगे बढ़ने के कई टिप्स भी बताएं साथ ही छात्रों ने भी उनसे अपने कैरियर को लेकर कई सवाल पूछे जिनका जवाब अधिकारियों ने दिया। कोचिंग के संचालक कमलेश कुमार ने बताया कि 125 में से 112 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। जिनमें कोचिंग टॉपर रोजी खातून, अमीषा कुमारी, काजल कुमारी, दामिनी कुमारी, अनामिका, नीरज कुमार, विकाश कुमार, पलक कुमारी और ज्योति कुमारी आदि शामिल हैं। इनके अथक मेहनत और प्रयास से इन्हें यह सफलता मिली है। अधिकारियों ने सफल छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

गोपालगंज में वाहन जांच अभियान चला वसूला साढे तीन लाख जुर्माना

परिवहन विभाग के द्वारा चलाये गये वाहन जांच अभियान से मचा हडकंप

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

डीएम डॉ. नवल किशोर चैधरी के निर्देश पर जिले के थावे थाना के समीप परिवहन विभाग की टीम ने शनिवार को वाहन जांच अभियान चलाकर दो दर्जन वाहन चालकों से करीब साढे तीन लाख रुपए जुमार्ना वसूला। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम की कार्रवाई को देखकर कई वाहन चालक अपना रास्ता बदलते हुए नजर आए। बताया जाता है कि डीएम के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार रजक के नेतृत्व में परिवहन विभाग के द्वारा थावे थाना के समीप एनएच 85 पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच अभियान के दौरान करीब दो दर्जन से अधिक वाहनों को रोककर उनसे जुमार्ना वसूला गया। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम ने बाइक के कागजात, हेमलेट, की जांच पड़ताल की। वाहन जांच के दौरान एमबीआई सुनील कुमार सिंह ने दो दर्जन वाहनों से साढे तीन लाख रुपए जुमार्ना राशि के रूप में वसूल की। अभियान के दौरान कई चार पहिया वाहनों की भी जांच की गई। जांच के दौरान चार पहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट व प्रदुषण के कागजात को देखा गया। परिवहन विभाग के द्वारा पूरे दिन चले वाहन जांच के दौरान बाइक चालकों में हड़कंप दिखा। वाहन जाचं में मुख्य रूप से विक्रांत कुमार उपाध्याय, चांदनी दीक्षित, ज्योति कुमारी, धनतेरस कुमार, बसंत कुमार, आनंद मोहन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर वार्ड सदस्यों ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के भोरे के गांधी स्मारक हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज के खेल मैदान में वार्ड सदस्यों का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और विरोध मार्च का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए वार्ड सदस्य संघ के नेता और भोरे पंचायत के वार्ड सदस्य ने कहा कि प्रखंड कार्यालय में व्यापक पैमाने पर भ्रष्ट्राचार फैला है। हर चीज में जनता से पैसा लिया जा रहा है।

शौचालय के भुगतान को लेकर दो से तीन हजार, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर तमाम तरह के सरकारी योजनाओं में लाभुकों से पैसे की मांग की जा रही है। उनके द्वारा स्थानीय बीडीओ पर घुसखोरी को बढावा देने और दलाल रख कर वसूली कराने का आरोप लगाया गया। वहीं जगतौली पंचायत के उपमुखिया ने कहा कि पंचायत के मुखिया द्वारा वार्ड सदस्यों को कुछ नहीं समझा जा रहा है। स्वच्छता में चयनित पंचायतों में बिना वार्ड सभा कराये ही मुखिया मनमानी करते हुए स्वच्छता कर्मियों को चयनित कर रहे हैं। इसकी शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इसके बाद वार्ड सदस्यों ने भोरे में विरोध मार्च निकाला। जो भोरे चारमुहानी होते हुए थाना मोड़, वायरलेस मोड़ से वापस प्रखंड कार्यालय लौटा, जहां सभी वार्ड सदस्यों ने नारेबाजी की। बाद में आगे की रणनीति बना कर कार्रवाई को समाप्त किया गया।

चार पुत्रो के साथ महिला फरार, ससुर ने दर्ज कराई प्राथमिकी

बरौली। बरौली थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने चार बच्चों के साथ किसी अन्य पुरुष के साथ फरार हो गयी है। इस मामले में महिला के ससुर शिव कुमार शर्मा ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच पडताल करने में जुट गयी है। इस संबध में थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी ने बताया कि चार बच्चों की महिला के फरार होने से संबधित आवेदन मिला है। पुलिस मामले की जांच पडताल कर रही है। वही चार बच्चों की मां के फरार होने की चर्चा पुरे दिन बरौली में होती रही।

डीएम व उप निर्वाचन अधिकारी ने संयुक्त रुप से किया वेयर हाउस का निरीक्षण

संवाददाता गोपालगंज.

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम डॉ० नवल किशोर चैधरी व उप निर्वाचन पदाधिकारी शशि प्रकाश राय के द्वारा इवीएम गोदाम (वेयर हाउस) का निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा मासिक निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी शशि प्रकाश राय को कई आवश्यक निर्देश भी दिया गया। जिसमे वेयर हाउस के सील को चेक करने के बाद वेयर हाउस के अंदर का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में डीएम के द्वारा वेयर हाउस में सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से कई कार्य कराने के निर्देश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिया गया। वही निरीक्षण के क्रम में वेयरहाउस के कार्यरत सीसीटीवी डिस्प्ले का भी अवलोकन किया गया। वेयर हाउस की सुरक्षा में लगाये गये सुरक्षा कर्मियों को भी आवश्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में कई वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

थाना परिसर में लगा जनता दरबार

बरौली। बरौली थाना परिसर में शनिवार को जनता दरबार लगाकर कई मामलों को त्वरित निष्पादन किया गया। आयोजित जनता दरबार मे कुल आठ मामले आये जिनमे दो मामलों का निपटारा किया गया। सीआई विनोद पांडेय ने बताया की बरौली व देवापुर के एक एक मामलों का निपटारा कर दिया गया है। जबकि एक मामला नगर परिषद क्षेत्र का होने के कारण आवेदक को नगर परिषद कार्यालय में सपंर्क करने की सलाह दी गयी है। जनता दरबार में थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार तिवारी, दरोगा संग्राम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बूथ पर निर्वाचन आयोग के आंख और कान होते हैं माइक्रो ऑब्जर्वर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। माइक्रो ऑब्जर्वर बूथ पर भारत निर्वाचन आयोग के आंख और कान होते हैं. उनका काम जितना सरल दिखता है, उतना ही महत्वपूर्ण होता है. उनकी रिपोर्ट प्रेक्षक के माध्यम से सीधे आयोग को पहुंचती है।

उक्त बातें सारण स्नातक एंव शिक्षक निर्वाचन के लिए नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रेक्षक के साथ आयोजित विशेष उन्मुखीकरण कार्यशाला में स्नातक निर्वाचन के प्रेक्षक प्रेम सिंह मीना और शिक्षक निर्वाचन के प्रेक्षक दिनेश कुमार ने अपने संबोधन में कहीं। कार्यशाला में क्षेत्र के बेतिया, मोतिहारी, गोपालगंज, सिवान और सारण पांचों जिला के माइक्रो ऑब्जर्वर ने दो पालियों में शिरकत की। प्रेक्षक द्वय ने कहा कि समय बदल गया है। बिहार में होने वाले चुनाव की सराहना राष्ट्रीय स्तर के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होती है. इसे मिसाल के तौर पर पेश किया जाता है। स्थापित मानदंड को इस चुनाव में भी बरकार रखना है. आरओ कम आरओ कम कमिश्नर सर्वणन एम ने माइक्रो प्रेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में आपका काम केवल प्रेक्षण करना और विहित प्रपत्र में उसकी रिपोर्टिंग करना है। चुनाव कर्मियों के कार्य में किसी तरह का हस्ताक्षेप नहीं करेंगे। हम सब की भूमिकाएं अलग-अलग हैं। मगर उद्देश्य एक ही है और वह है चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराना है। हम सभी को टीम के रूप में एक दूसरे का सहयोग करते हुए कार्य करना चाहिए। मीटिंग में मौजूद एईआरओ कम डीएम राजेश मीणा ने कहा कि किसी भी तरह के अनावश्यक विवाद से परहेज करेंगे।

परिषद के सीटों को जीता कर दीजिए हम सत्ता बदल देंगेः विजय कुमार सिन्हा

छपरा। आज छपरा में स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से संपर्क हेतु आए प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने स्नेही भवन में मतदाताओं से संपर्क करने आए मतदाताओं की सभा को उन्होंने संबोधित किया एवं सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने किया। स्नेही भवन के सभागार में भारतीय जनता पार्टी के वरीय एवं प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार ने शिक्षको के साथ हमेशा ही छल किया है, भाजपा ने हमेशा ही शिक्षकों की हित की बात कि है, नीतीश की सरकार ने शिक्षकों को विभिन्न श्रेणियों में बांटने का काम किया भाजपा ने शिक्षकों के स्थानांतरण एवं वेतन संबंधी विभिन्न मुद्दों को हमेशा ही सरकार के सामने रखा है वित्त रहित शिक्षकों की समस्याओं को समाधान का भी प्रयास हमेशा से भारतीय जनता पार्टी करते आ रही, यह चाचा भतीजा की सरकार बिहार के लोगों, शिक्षको बुद्धजीवोयो को सिर्फ ठगने का काम कर रही है।

चैती छठ के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण हेतु जिलाधिकारी ने दिये कई आवश्यक निर्देश

छठ घाटों पर बड़ी संख्या में वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी राजेश मीणा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव मंगला के द्वार चैती छठ पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं साम्प्रादायिक सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने हेतु संयुक्तादेश जारी कर दिया गया है। आदेश में जिलाधिकारी महोदय के द्वारा बताया गया है कि जिला में चैती छठ का पर्व उत्साह और अत्यंत श्रद्धाभाव से मनाया जाता है। चैती छठ 25 मार्च को नहाय खाय 26 मार्च को खरना, 27 मार्च की संध्या में प्रथम अध्य और 28 मार्च को दूसरे प्रातः काल उदयमान भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर अध्य देकर समाप्त होता है। छठ पूजा के अवसर पर विभिन्न नदी घाटों पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं के आने से विधि-व्यवस्था के मद्देनजर नदी घाटों पर 36 वरीय पदाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। साथ ही साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है। उन्हें आदेशित किया जा चुका है कि वे अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय पहुँचकर विधि-व्यवस्था पर पैनी नजर रखेंगे। बताया गया है कि जिले में चिन्हित कुल 21 स्थलों पर जिला प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। इन स्थलों पर भी दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी छठ घाटों पर लगातार भ्रमणशील रहकर विधि-व्यवस्था संधारित करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि छठ घाटों पर किसी तरह की आतिशबाजी नहीं हो। इस संबंध में पूजा समितियों के साथ हुई बैठक में उन्हें निर्देशित कर दिया गया है। सभी अंचल अधिकारी समयरू पूर्व ऐसे खतरनाक स्थलों को चिन्हित करते हुए आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग करवा कर बल्ले को रंगवाते हुए उस पर लाल झण्डी लगा देगें। साथ ही सुरक्षित जल स्तर तक रस्सी का घेरा बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। ताकि छठ व्रती या उनके परिजन निर्धारित घेरे से आगे नहीं जाने पायें। वहां प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी सुरक्षित क्षेत्र में ही अर्धय देने की सूचना लाउड स्पीकर के माध्यम से देते रहेंगे।

कटाव के कारण खतरनाक घाटो को पूर्व से ही चिन्हित कर लिया जाय और उन पर जाने का मार्ग निषिद्ध कर दिया जाय ताकि दुर्घटना की संभावना न रह जाय। इस अवसरों पर नाविकों के द्वारा नाव की क्षमता से अधिक लोगों को बैठाने के कारण नाव अनियंत्रित होने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इस दौरान छठ व्रतियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी को 25 मार्च से 28 मार्च 2023 के छठ पूजा की समाप्ति तक किसी भी परिस्थिति में निजी नावों का परिचालन को पूर्ण प्रतिबंधित करने का निदेश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया है। कार्यपालक अभियंता विद्युत को घाटों के आस पास के ढीले पड़े बिजली के तारों को ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया है। असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सारण सभी अनुमण्डल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर महत्त्वपूर्ण छठ घाटों पर एम्बुलेन्स, चिकित्सक दल और पारामेडिकल स्टाफ की प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। वे यह भी सुनिश्चित करेगें कि रोस्टर के अनुसार चिकित्सक एवं पारामेडिकल स्टाफ सदर अस्पताल सहित प्रखंड ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्र उपकेन्द्र पर अवश्य उपस्थित रहें। इस अवसर पर जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटा कार्यरत रहेगा।

स्थापना काल से ही इनरव्हील क्लब छपरा महिलाओं की सेवा में: अनिमा सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। इनरव्हील क्लब अपने स्थापना काल से ही सामाजिक सेवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए जाना जाता है। इसी सिलसिले में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा 12वीं की परीक्षा में जिले के सफल दो छात्राओं को व्हील क्लब छपरा ने उनके परिजनों के साथ उनको सम्मानित करते हुए भविष्य में सफलता की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन राजेंद्र सरोवर स्थित रोटरी भवन में की गई। जहां क्लब के अध्यक्ष अनीमा सिंह की अध्यक्षता में इसका आयोजन किया गया। जिस कार्यक्रम का मंच संचालन क्लब के सदस्य आशा शरण ने की प्रेसिडेंट अनिमा सिंह ने क्लब में आए सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए और दोनो छात्राओं का खासकर स्वागत शॉल मोमेंटो और मिठाई के साथ की साथ ही दोनों छात्राओं आदिति कुमारी जो बिहार में साइंस फैकल्टी में तृतीय स्थान पाई। जबकि छपरा नगर निगम के वार्ड संख्या 41 के छात्रा तनु कुमारी बिहार के टॉप टेन में सातवें स्थान पर रही जिसको लेकर जिले भर के शिक्षाविद एवं समाजसेवियों ने धन्यवाद दिया इसी सिलसिले में क्लब ने दोनों छात्राओं को सम्मानित करते हुए उनके परिजनों को भी सम्मानित किया साथ में दोनों छात्राओं के शिक्षक को भी सम्मानित किया गया। जिसके शिक्षा के बदौलत छात्राओं ने राज्य जिला और अपने नगर व परिजनों का नाम रोशन किया। वही कार्यक्रम के अगले कड़ी में क्लब के सक्रिय सदस्य शशि प्रभा सिन्हा ने शिक्षा पर अपना व्याख्यान देते हुए महिलाओं के साथ हो रही सफलता को सराहनीय बताया जिस तरह महिलाएं शिक्षा या किसी भी कार्य क्षेत्र में अपना भरपूर योगदान देकर देश को सफल बनाने में सहायक हो रही है यह सराहनीय है। वही सक्रिय सदस्य बिना शरण ने कहा कि महिला समाज के आईना होती है जो एक परिवार के साथ दूसरे परिवार को भी जोड़ना और समाज में परिवर्तन लाने के लिए अपना भरपूर सहयोग देती है। जबकि कार्यक्रम में सेक्रेटरी अनुराधा सिन्हा ने कहा कि आदिक

सम्पादकीय

चुनाव आयोग किसका

सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आ गया है कि अब चुनाव आयोग का चयन तीन सदस्यों की एक समिति करेगी, न कि प्रधानमंत्री के इशारे पर नौकरशाही के चापलूसों का पत्ता फेंटकर चयन किया जाएगा। यह फैसला तब तक लागू रहेगा, जब तक संसद इसके लिए कोई नया कानून नहीं बनाती। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि न्यायपालिका ने विधायिका को उसकी भूमिका और मयार्दा इस तरह आदेश देकर समझाई है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सत्तापक्ष में एकदम सन्नाटा है। विपक्ष ने भी थोड़ी-बहुत प्रतिक्रिया से ज्यादा कुछ नहीं कहा है।

यह सन्नाटा क्यों है भाई? इसलिए कि सभी जान रहे हैं कि सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला सत्ता व विपक्ष दोनों के पर कतर रहा है। जिस हम्माम में सब नंगे हों, उसमें तौलिये की बात करना सबकी नंग खोल देता है। सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला सत्तापक्ष की नीयत पर तीखी टिप्पणी करता है। यह टिप्पणी इतनी कठोर व मर्म पर चोट करने वाली है कि यदि हमारी व्यवस्था में थोड़ी भी लोकतांत्रिक आत्मा बची होती तो चुनाव आयोग के वर्तमान अध्यक्ष का इस्तीफा कब का हो गया होता। सरकार का यदि कोई लोकतांत्रिक चरित्र होता तो उसने इस फैसले के तुरंत बाद वर्तमान चुनाव आयोग भंग कर दिया होता तथा प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, प्रधान न्यायाधीश की समिति ने रातों-रात बैठकर नया चुनाव आयोग गठित कर दिया होता।

ऐसा हुआ होता तो सत्ता पक्ष को अपनी विकृत लोकतांत्रिक छवि सुधारने तथा चुनाव आयोग को अपनी हास्यास्पद स्थिति से बचने का मौका मिल जाता, लेकिन जो लोकतांत्रिक आत्मा कहीं बची ही नहीं है, उसकी कोई लहर उठे भी तो कैसे? हमारी संसद में भी इतनी नैतिक शक्ति नहीं बची है कि वह खुद को सुधार सके, बे-पटरी हुई अपनी गाड़ी को पटरी पर लौटा सके। लोकतंत्र का पेंच यह है कि उसमें संसद बनती भले बहुमत के बल पर है, पर चलती परस्पर विश्वास व सहयोग के बल पर ही है। ऐसा नहीं होता तो भारतीय संसद के इतिहास में अब तक की सबसे बड़े बहुमत से बनीं दो सरकारें-इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की, ताश के पत्तों-सी बिखर नहीं जातीं।

इसलिए लोकतांत्रिक नैतिकता का तकाजा है कि संवैधानिक संस्थाएं एक-दूसरे की सुनें, एक-दूसरे का सम्मान करें। जिस संसदीय लोकतंत्र की रजत जयंती मानने की हम तैयारी कर रहे हैं, वह इतने वर्षों में हमें यह भी नहीं सिखा सका कि हमारी सारी लोकतांत्रिक संस्थाएं संविधान के गर्भ से पैदा हुई हैं, इसलिए इनमें कोई संप्रभु नहीं है। संप्रभु है इस देश की जनता, जिसने अपना संविधान बनाकर, अपने ऊपर लागू किया है। तो वह संविधान सबका पिता है। पिता के संरक्षण का दायित्व सबका है, लेकिन न्यायपालिका उसकी खास प्रहरी है। चुनाव आयोग को अनिवार्य रूप से स्वतंत्र व निष्पक्ष होना चाहिए।

तवारीखी तहरीर बदलने की खुशबू

पंकज शर्मा

पहले मुझे ह्यदो जिस्म, एक जानह्न वाले कथन पर विश्वास नहीं होता था। इस अति-रूमानी भाव पर यक ीन करने के लिए मैं ने दिन-रात एक किए, मगर नतीजा सिफर रहा। मगर पिछले साठ दिनों में एक-एक दिन मेरा यह भरोसा पुख़्ता हुआ है कि दो जिस्म-एक जान जैसी कुछ चीज होती तो जरूर है। एक कारोबारी के कारोबार के बारे में आई एक रिपोर्ट को ले कर सामने आए दृश्यों ने मुझे आश्वस्त कर दिया है कि अलग-अलग दो जिस्म अपने जीवन का सफर एक जान के जरिए और भी अच्छी तरह पूरा करते हैं।

शरीर पृथक हों और प्राण भी पृथक हों तो एक शरीर का मन कुछ करने को होगा और दूसरे का कुछ। लेकिन जब प्राण एक हो जाएं तो दो अलग-अलग बदन एक-सा स्पंदन करने लगेंगे। तब सिर्फ.बदन दो दिखेंगे, मन तो एक हो जाएगा। जब मन-प्राण एक हो जाएंगे तो दोनों बदन एक-सा सोचेंगे, एक-सा कोचेंगे और एक-सा नोचेंगे। तब दोनों के प्राण किसी बहुत ऊंची मीनार पर पिंजरे में बंद तोते में कैद्र नहीं रहेंगे, वे एक-दूसरे में ही घुले-मिले रहेंगे। यह परस्पर निर्भरता दोनों का जीवन-आधार रहेगी, क्योंकि दोनों को ही यह अहसास रहेगा कि एक के न रहने पर दूसरा भी नहीं रहेगा।

दो जिस्म-एक जान का मंचन हो तो पहले भी रहा था। नौ साल क्या, दो दशक से हो रहा था। मगर इन दो महीनों में इस मिलन का जो आवेग देखने को मिला, उस ने मुझे तो कृतकृत्य कर दिया। ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे की ढीठ-धुन पर नृत्य में सारा सत्तासीन आलम ऐसा मशगूल हो गया कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गई। राहुल संसद में प्रतिपक्ष की आवाज का प्रतीक बन गए थे। वे संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग करने से बाज नहीं आ रहे थे। संसद में उन्हें खामोश करने का एक ही तरीका था कि संसद में न रहेगा बांस तो नहीं बजेगी बांसुरी। मेरा मानना है कि लोकसभा से राहुल की सदस्यता खत्म करने के फैसले ने सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी के निर्वाण के सफर की दूरी अब बहुत छोटी कर दी है। सियासत तकनीकी दांवपेंच का खेल नहीं होता है। बहानों के जाल बिछा कर अपने राजनीतिक विरोधियों को ठिकाने लगाने की कुचालें दीर्घकालीन राजनीति में उलटबांसी साबित होती हैं। इसकी एक नहीं, कई मिसालें भारतीय राजनीति ने देखी हैं। सियासी कुरुक्षेत्र में तो मुकाबला आमने-सामने का होता है। सो, मान कर चलिए कि राहुल का निष्कासन अब सड़क को ही संसद बना देगा।

राहुल-प्रसंग में सूरत की अदालत का फैसला अपनी जगह है। उस पर कोई क्या कह सकता है? उस फैसले पर अंतिम फैसला, जब लेंगी, ऊपर की अदालतें लेंगी। हो सकता है, राहुल के चुनाव लड़ने पर भी छह साल की पाबंदी लग जाए। हो सकता है, राहुल दो साल के लिए जेल भेज दिए जाएं। हो सकता है, इसके बाद 2024 में भाजपा लोकसभा में 303 नहीं, 404 सीटें ले कर पहुंच जाए। यह सब हो सकता है। लेकिन इससे क्या हो जाएगा? क्या इससे भाजपा अमर हो जाएगी? क्या इससे प्रतिपक्ष हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा? होने को चूंकि कुछ भी हो सकता है, इसलिए यह भी हो सकता है कि यह फैसला पहले तो राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों में भाजपा की चूलें हिला दे और उसके बाद अगले आम चुनाव में भाजपा को पूरी तरह ले डूबे। यह भी हो सकता है कि उपचुनाव लड़ कर राहुल दिन दुगनी, रात चौगुनी मजबूती से जीत कर लोकसभा में लौट आएं। हो सकता है कि राहुल के निष्कासन से उपजी आम-संवेदना कांग्रेस का जबरदस्त पुनरुद्धार कर डाले। हो सकता है कि यह फैसला विपक्षी एकता का नया व्याकरण रच दे। सो, होने को कुछ भी हो सकता है।

अभी भले ही कुछ भी माहौल बना दिया गया हो, लेकिन वह दिन तो आएगा, जब तय होगा कि राहुल ने देश के पिछड़े वर्ग का अपमान किया था या नहीं? उनकी मंशा कुछ लोगों की करतूतों पर ध्यान दिलाना था या वे एक समूचे समुदाय की अवमानना करना चाहते थे? दो ही मंचों पर यह मसला तय हो सकता है। एक है न्यायिक मंच। दूसरा है जनमंच। न्यायपालिका की एक जिला अदालत ने तो फिलहाल यह फैसला कर ही दिया है कि राहुल ने किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को नहीं, पूरे समुदाय को बेइज्जत किया है। इसे अंतिम तौर पर तो सर्वोच्च अदालत ही तय करेगी कि जिला अदालत की सोच सही है या नहीं। बचा जनमंच तो, कोई माने-न-माने, लोकसभा से राहुल के निष्कासन ने जन-मन को झकझोर दिया है। भाजपा के घनघोर हिमायतियों को भी इस कदम को ठीक ठहराने में हिचक हो रही है। विदेशी धरती पर राहुल की टिप्पणियों को तोड़मरोड़ कर पेश करने के लिए अब तक कूदफांद करने वाले भी स्तब्ध हैं। उन्हें भी यह उम्मीद नहीं थी कि राहुल को संसद से बाहर भेजने का कदम उठया जाएगा। वे तो इस गुंताड़े में थे कि इतना भर हो जाए कि दबाव में आ कर राहुल माफी मांग लें और उनकी भद्द पिट जाए। भद्द-पिटे राहुल भाजपा के लिए बड़ा चुनावी हथियार होते। अब सियासी-शहादत का साफा सिर पर बांध कर घूमने वाले राहुल तो भाजपा की मुसीबत बन जाएंगे। उन्हें कौन-सा चोरी-हेराफेरी में या हत्या-बलात्कार में दो साल की सजा हुई है? हुई भी है तो लोकतंत्र की हत्या-बलात्कार के प्रयासों की मुखालिफत करने और किसी की कारोबारी हेराफेरियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कही गई बातों के लिए हुई है। उन बातों के अर्थ को अनर्थ में तब्दील करने की कानूनी तिकड़मों के कारण हुई है। इसलिए राहुल अगर जेल चले भी गए तो कांग्रेस के लिए यह सिर ऊंचा कर के घूमने की बात हो जाएगी। सिर तो अंततः उनका झुकेगा, जो अपनी मनमानियों को पूरा करने के लिए इस हद तक भी जाने को तैयार हैं।

लड़किया लीडर बनेगी तभी उनकी दुनिया बदलेगी

लड़कियों में नेतृत्व के गुणों का निर्माण करने के सबसे शक्तिशाली तरीकों में से एक है लड़कियों को नेतृत्व की भूमिकाओं में रखना। जब लड़कियों से दूसरों का नेतृत्व करने की उम्मीद की जाती है, तो उन्हें अपने भीतर वह शक्ति मिल जाती है, जिसके बारे में उन्हें पता भी नहीं होता। यह लड़कियों के बीच औपचारिक पदों या अनौपचारिक संबंधों के रूप में आ सकता है। रचनात्मक कार्यक्रम के नेता और प्रशिक्षक इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने और नेतृत्व के सभी रूपों का समर्थन करने के लिए सूक्ष्म तरीके ढूंढते हैं .यदि युवा महिलाओं के इस समूह को 21वीं सदी के कौशलों को पोषित करने के लिए सही संसाधनों और अवसरों से सुसज्जित किया जा सकता है, तो वे इतिहास में महिला नेताओं, बदलाव लाने वालों, उद्यमियों और नवप्रवर्तकों का सबसे बड़ा हिस्सा बन जाएंगी।

प्रियंका सौरभ
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

आज दुनिया 900 मिलियन किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं की परिवर्तनकारी पीढ़ी का घर है जो काम और विकास के भविष्य को आकार देने के लिए तैयार है। यदि युवा महिलाओं के इस समूह को 21वीं सदी के कौशलों को पोषित करने के लिए सही संसाधनों और अवसरों से सुसज्जित किया जा सकता है, तो वे इतिहास में महिला नेताओं, बदलाव लाने वालों, उद्यमियों और नवप्रवर्तकों का सबसे बड़ा हिस्सा बन जाएंगी। लड़कियों और युवा महिलाओं की सबसे बड़ी पीढ़ियों में से एक भारत ने महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक पहल की है। भारत शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल और वित्तीय समावेशन, नेतृत्व निर्माण प्रदान करता है, और सतत विकास लक्ष्य 5 की उपलब्धि में मदद करने के लिए व्यवहार्य ढांचे की स्थापना की है, जो 2030 तक दुनिया को और अधिक लिंग समान स्थान बनाने की कल्पना करता है। आज देश में लैंगिक अंतर चौड़ा हो गया है और विशेष रूप से राजनीतिक सशक्तिकरण और आर्थिक भागीदारी और अवसर में लैंगिक समानता कम है।

महिलाओं को पुरुषों की तुलना में काफी कम भुगतान किया जाता है, कुछ शोधों से पता चलता है कि समान योग्यता वाले समान नौकरियों में महिलाओं और पुरुषों के बीच लिंग वेतन अंतर 34% तक है। श्रम बल की भागीदारी देखे तो 2020 तक, भारत में दक्षिण एशियाई देशों में महिला श्रम बल की भागीदारी दर सबसे कम है, पाँच में से चार महिलाएँ न तो काम कर रही हैं और न ही नौकरी की तलाश में हैं। ऑक्सफैम के अनुसार, अप्रैल 2020 में भारत में 17 मिलियन महिलाओं ने अपनी नौकरी खो दी, उनकी बेरोजगारी दर पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक बढ़ गई। महिलाओं के लिए आज भी काम के कम अवसर है, लॉकडाउन चरणों के दौरान महिलाओं को अपनी नौकरी खोने की संभावना सात गुना अधिक पाई गई। असमान घरेलू जिम्मेदारीः इसके संभावित कारणों में घरेलू जिम्मेदारियों का बढ़ा हुआ बोझ शामिल है, जिसे आमतौर पर भारतीय महिलाओं को उठाना पड़ता है, न केवल घर के काम बल्कि बुजुर्गों की देखभाल और बच्चों की पढ़ाई के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत होती है, जिसके लिए उनके स्कूल बंद होते हैं।

अवैतनिक कार्य को कम करने के लिए अब हमारे लिए अवैतनिक देखभाल और घरेलू कार्य को पहचानना, कम करना और पुनर्वितरित करना महत्वपूर्ण है, ताकि महिलाएं पुरुषों के समान आर्थिक अवसरों और परिणामों का आनंद उठा सकें। ऐसी नीतियां जो सेवाएं प्रदान करती हैं, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचा, पुरुषों और महिलाओं के बीच घरेलू और देखभाल के काम को साझा करने को बढ़ावा देती हैं, और देखभाल अर्थव्यवस्था में अधिक भुगतान वाली नौकरियां पैदा करती हैं, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर प्रगति में तेजी लाने की तत्काल आवश्यकता है। निर्णय लेने और शारीरिक स्वायत्तता हेतु महिलाओं को अपने शरीर के बारे में निर्णय लेने के लिए सशक्त होने की आवश्यकता है, जैसे कि यौन संबंध बनाना है या नहीं, यौन संबंध कब शुरू करना है, गर्भ निरोधकों का उपयोग करना है या नहीं, और जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करना है। उन्हें सभी प्रकार की हिंसा और उत्पीड़न से भी मुक्त होने की आवश्यकता है। महिलाओं और युवा लड़कियों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन की दिशा तय करने में सक्षम बनाने के लिए ये बुनियादी शर्तें महत्वपूर्ण हैं।

रूढ़िवादि लैंगिक मानदंड जो महिलाओं को असमान रूप से घरेलू और देखभाल की जिम्मेदारियों को बढ़ाते हैं, वित्त और उद्यमशीलता के क्षेत्रों में पुरुषों का प्रतिनिधित्व, और अपर्याप्त मातृत्व अवकाश, कुछ लचीली कार्य व्यवस्था, चाइल्डकैअर सुविधाओं की कमी कार्यस्थल में कुछ ऐसी बाधाएँ हैं जो बताती हैं कि महिलाओं का बढ़ा हुआ प्रतिनिधित्व कार्य भागीदारी में तब्दील क्यों नहीं होता है। सक्रिय रूप से इन रूढ़ियों का मुकाबला करने के लिए लड़कियों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में महिला वित्तीय शिक्षा और उद्यमिता पाठ्यक्रम को शामिल करने की आवश्यकता है। ओलंपियाड, इनोवेशन लैब, बूटकैंप और प्रतियोगिताओं जैसे तत्वों का परिचय लड़कियों को व्यावहारिक अनुप्रयोगों के लिए उजागर कर सकता है और उन्हें अपने पारिस्थितिकी तंत्र में चुनौतियों का समाधान बनाने के लिए प्रेरित कर सकता है। जैसे-जैसे डिजिटल तकनीक तक पहुंच बच्चों और युवाओं के लिए अवसर और बुनियादी सेवा का एक क्षेत्र बनता जा रहा है, भाषा, सांस्कृतिक बारीकियों, और अलग-अलग समुदायों की इंटरनेट पहुंच के लिए अनुकूलित समाधानों का निर्माण और विस्तार करना लड़कियों को डिजिटल समावेशन के माध्यम से ज्ञान तक समान पहुंच प्रदान कर सकता है।

महिला नेतृत्व के फलने-फूलने के लिए स्थितियां बनाने के लिए, समाज के सभी स्तरों पर महिलाओं को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी), शारीरिक स्वायत्तता और सुरक्षा, घर के भीतर साझा जिम्मेदारी और निर्णय में समान भागीदारी का समावेश होना चाहिए। रोजगार क्षमता बढ़ाने, नेतृत्व के लिए खेल, डिजिटल नवाचार और सीखने के लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण और शारीरिक स्वायत्तता किशोर लड़कियों और युवा महिलाओं के बीच नेतृत्व क्षमता को मजबूत करने की कुंजी है।

जनाधार बढ़ाने में कामयाब होगी कांग्रेस?

कांग्रेस नेताओं का दावा है कि रायपुर के महाधिवेशन में कांग्रेस ने कई क्रांतिकारी फैसले लिए है। जिनके परिणाम आने वाले समय में देश की जनता को देखने को मिलेंगे। देश की राजनीति में आमूलचूल परिवर्तन होगा। कांग्रेस सभी विपक्षी दलों से तालमेल कर भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी। कांग्रेस पार्टी ने रायपुर के महाधिवेशन में भाजपा विरोधी सभी दलों से तालमेल के रास्ते खोल दिए हैं। महाधिवेशन में बाकायदा कांग्रेस पार्टी ने विपक्षी दलों से गठबंधन करने का प्रस्ताव लिया है। हालांकि कांग्रेस पार्टी का बहुत से प्रदेशों में कई राजनीतिक दलों से पहले से ही गठबंधन बना हुआ है। इस अधिवेशन के बाद कांग्रेस पार्टी के नेता उन दलों के नेताओं से भी संपर्क करेंगे जो अभी तक कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल नहीं है। अधिवेशन में लिए गए प्रस्ताव के अनुसार कांग्रेस भाजपा विरोधी सभी दलों के साथ गठबंधन करेगी।

रमेश सर्राफ धमोरा
लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं

छत्तीसगढ़ के रायपुर में संपन्न हुए कांग्रेस पार्टी के 85 वें महाधिवेशन के बाद कांग्रेस के बड़े नेता दावा कर रहे हैं कि आने वाले समय में कांग्रेस फिर से देश के मतदाताओं का विश्वास जीतने में कामयाब होगी। अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और उनके नेतृत्व में भाजपा विरोधी दलों की मिली जुली सरकार का गठन होगा। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि रायपुर के महाधिवेशन में कांग्रेस ने कई क्रांतिकारी फैसले लिए है। जिनके परिणाम आने वाले समय में देश की जनता को देखने को मिलेंगे। देश की राजनीति में आमूलचूल परिवर्तन होगा। कांग्रेस सभी विपक्षी दलों से तालमेल कर भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी।

कांग्रेस पार्टी ने रायपुर के महाधिवेशन में भाजपा विरोधी सभी दलों से तालमेल के रास्ते खोल दिए हैं। महाधिवेशन में बाकायदा कांग्रेस पार्टी ने विपक्षी दलों से गठबंधन करने का प्रस्ताव लिया है। हालांकि कांग्रेस पार्टी का बहुत से प्रदेशों में कई राजनीतिक दलों से पहले से ही गठबंधन बना हुआ है। इस अधिवेशन के बाद कांग्रेस पार्टी के नेता उन दलों के नेताओं से भी संपर्क करेंगे जो अभी तक कांग्रेस के साथ किसी भी तरह के गठबंधन में शामिल नहीं है। अधिवेशन में लिए गए प्रस्ताव के अनुसार कांग्रेस भाजपा विरोधी सभी दलों के साथ गठबंधन करेगी। लेकिन प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी का ही नाम आगे रखा है। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

रायपुर अधिवेशन में कांग्रेस पार्टी ने कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा की है। इसके इसके साथ ही कार्यसमिति के आधे पद पचास वर्ष से कम उम्र के लोगों के लिए आरक्षित किए जाएंगे। जिनमें महिलाओं, अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों को भी पर्याप्त स्थान दिया जाएगा। अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। इसको देखते हुए कांग्रेस कार्य समिति के चुनाव नहीं कराए गए। कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे को ही कार्यसमिति के सदस्य नामित करने के लिए अधिकृत किया गया है। अब कांग्रेस की सबसे सर्वोच्च निकाय कांग्रेस कार्य समिति के सभी सदस्य पार्टी अध्यक्ष द्वारा नामित होंगे। पार्टी के नेताओं का मानना था कि कार्य समिति के चुनाव होने की स्थिति में आपस में गुटबाजी बढ़ती। जिसे रोकने के लिए सभी सदस्यों का मनोनयन किया जाएगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के प्रथम चरण को सफल बताते हुए उसी श्रंखला में भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक करने की बात कही हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी अगले कुछ दिनों में ही अपने भारत जोड़ो यात्रा दो के कार्यक्रम की घोषणा करेगें। कांग्रेस पार्टी के नेताओं का मानना है कि राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो यात्रा को देशभर के लोगों ने बहुत समर्थन दिया है। इससे कांग्रेस पार्टी का आमजन में जनाधार मजबूत हुआ है। कांग्रेस कार्यकताओं में भी एक नए जोश का संचार हुआ है। उसी को देखते हुए अरुणाचल प्रदेश से गुजरात तक दूसरी भारत जोड़ो यात्रा की जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी देश के सभी क्षेत्रों के लोगों से प्रत्यक्ष में रूबरू होकर उनसे संवाद करना चाहते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के जनाधार बढ़ाने की दिशा में ही एक बड़ा कदम साबित होगी।

कांग्रेस पार्टी के नेता इस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरी तरह से हमलावर नजर आ रहे हैं। अदानी प्रकरण को लेकर कांग्रेस पार्टी लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा कर रही है। कांग्रेस पार्टी अगले लोकसभा चुनाव तक अदानी प्रकरण को बनाए रखना चाहती है। इसीलिए रायपुर के महाधिवेशन में भी अदानी प्रकरण छाया रहा था। राहुल गांधी का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के उद्योगपति गौतम अदानी को नियम कानून से हटकर आर्थिक लाभ पहुंचाया है। जिसकी बदौलत ही गौतम अदानी कुछ ही समय में देश के सबसे बड़े उद्योगपति बन गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अदानी प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए हैं। जो उनकी भूमिका को संदिग्ध बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अदाणी प्रकरण पर अपना पक्ष खुलकर देश की जनता के समक्ष रखना चाहिए।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा के समापन के बाद कांग्रेस पार्टी पूरे देश में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान चला रही है। इस अभियान में कांग्रेस के कार्यकर्ता आमजन से संपर्क कर उन्हें कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवा रहे हैं। इस कार्यक्रम से कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं में सक्रियता बढ़ी है। वही आमजन भी कांग्रेस पार्टी के लोगों की बातों को गंभीरता से सुनने लगा है जो कांग्रेस के लिए एक शुभ संकेत है।

हाल ही में कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा के लिए संपन्न हुए उपचुनाव में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल में विपक्ष से एक-एक सीट जीतकर अपने जनाधार में बढ़ोतरी की है। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को शिवसेना नेता उद्धव बालासाहेब ठाकरे व एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार का पूरा समर्थन प्राप्त था। इसके चलते ही महाराष्ट्र में कांग्रेस भाजपा से कस्बा पेठ सीट छीनने में कामयाब रही है। महाराष्ट्र में पुणे जिले की कस्बा पेठ सीट पर भाजपा का पिछले 28 सालों से कब्जा था। यह सीट भाजपा विधायक के निधन से खाली हुई थी। पुणे से भाजपा सांसद गिरीश बापट ने 2019 तक 5 बार इस सीट से चुनाव जीता था। मगर महाविकास आघाडी की एकता के चलते कांग्रेस प्रत्याशी रविंद्र हेमराज धानगेकर ने भाजपा के हेमंत नारायण रासाने को 10 हजार 915 वोटों से हरा दिया। इसी तरह पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले की सागरदिघी विधानसभा सीट पर कांग्रेस के वायरल विश्वास ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के देवाशीष बनर्जी को 22 हजार 980 मतों से हराया। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल विधानसभा में कांग्रेस का खाता खुल गया है। सागरदिघी सीट पर पिछले साल दिसंबर में राज्य सरकार के मंत्री सुब्रत साहा के निधन के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराए गए थे। यहां भाजपा के दिलीप शाहा की जमानत जब्त हो गयी।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे बढ़ती उम्र के बावजूद पूरी सक्रियता से काम कर रहे हैं। अध्यक्ष पद संभालने के बाद खरगे के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश में भाजपा को सत्ता से हटाकर सरकार बनाने में सफल रही है। इसी तरह 2024 के लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी भाजपा विरोधी सभी विपक्षी दलों को विश्वास में लेकर गठबंधन के तहत चुनाव लड़ेगी। इसके लिए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अभी से कार्य योजना बना रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का पूरा प्रयास है कि अगले लोकसभा चुनाव में विपक्ष के वोटों को आपस में बंटने नहीं दिया जाए। सभी सभी विपक्षी दलों के नेताओं को एक मंच पर लाकर भाजपा को कड़ी टक्कर दी जाए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का मानना है कि भाजपा के सामने विपक्ष का एक प्रत्याशी होने से भाजपा कहीं मुकाबला नहीं कर पाएगी।

मौजूदा समय में कांग्रेस विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस का आज भी पूरे देश में जनाधार है। ऐसे में कांग्रेस के नेताओं को चाहिए कि विपक्ष की एकता के लिए सभी दलों को एक मंच पर लाए। अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ सभी विपक्षी दल एक होकर चुनाव लड़ेंगे तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हैट्रिक बनाने से रोक सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों को देखकर तो कहा जा सकता है कि मोदी अपनी सरकार की तीसरी जीत के लिए आश्वस्त नजर आ रहे हैं। जिसे सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही रोक सकती है।

खालिस्तान समर्थकों पर आक्रामकता जरूरी

डॉ. अनिल कुमार निगम

ऑस्ट्रेलिया में जिस तरीके से खालिस्तान समर्थकों ने भारतीयों पर हमला और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया, वह हर भारतीय की आन, बान और शान पर न केवल हमला है बल्कि यह भारत की अस्मिता पर आघात है। हालांकि दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम-2020 और खालिस्तान के देश विरोधी स्लोगन लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान की है। लेकिन सुरसा की मुंह की तरह बढ़ रही इस समस्या के प्रति केंद्र सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक गंभीर और आक्रामक होने की आवश्यकता है। विदित है कि ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। खालिस्तान समर्थक समूहों द्वारा ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में राष्ट्रीय ध्वज लेकर जा रहे भारतीयों पर हमला करने का एक वीडियो सामने आ चुका है। खालिस्तानी समर्थक अपना खुद का झंडा हाथ में लिए हैं। वे राष्ट्रीय ध्वज लिए लोगों पर हमला कर तिरंगा का अपमान भी करते हैं। ध्यातत्व है कि पहले भी ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तानी समर्थकों का उत्पात देखने को मिल चुका है। ऑस्ट्रेलिया में एक पखवाड़े के अंदर तीन बार हिंदू मंदिरों पर हमला किया गया। खालिस्तानियों ने इन मंदिरों को निशाना बनाकर तोड़-फोड़ की और उनकी दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे। ऐसी घटनाएं भारत के लिए तो चिंताजनक हैं ही, आस्ट्रेलिया की सरकार के लिए भी एक चुनौती है जिसने कुछ दिन पहले खालिस्तानी तत्वों को काबू करने को लेकर एक अहम सुरक्षा बैठक की थी। ऑस्ट्रेलिया में काफी समय से खालिस्तानियों की गतिविधियों को समर्थन मिल रहा है। सोशल मीडिया पर उनकी असामाजिक गतिविधियां जोरों पर चल रही हैं। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि विवादित पोस्टर सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से प्रसारित हो रहे हैं। इस तरह के पोस्टर पर सतवंत सिंह और केहर सिंह की तस्वीरें लगी हैं। सतवंत सिंह वही सुरक्षा कर्मी था जिसने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की थी। केहर सिंह को उनकी हत्या की साजिश के आरोप में फांसी की सजा दी गई थी। कनाडा में भी भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय और कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने इन घटनाओं को कनाडा प्रशासन के सामने उठाया और उनसे इन अपराधों में उचित कार्रवाई की मांग की है। हालांकि भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों को अब तक समुचित सजा नहीं मिली है। यही कारण है कि विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के लिए एक एडवाइजरी भी जारी की। इसमें कनाडा में रहने वाले भारतीयों को वहां बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए चेताया गया। यही नहीं, अमेरिका में पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी अलगाववादी समूहों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं जिस पर भारत ने भी चिंता व्यक्त की है। भारत के हिंदू नेताओं और बड़े राजनेताओं की टारगेट किलिंग की साजिश की खबरें भी आई हैं। खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस तरह की साजिश में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। ज्ञात हुआ है कि आईएसआई ने खालिस्तानी आतंकियों और पंजाब से फरार होकर विदेश में बैठे अपराधी तत्वों के जरिए पंजाब में हिंदू नेताओं को मारने की साजिश रची है। वास्तविकता तो यह है कि लगभग एक साल से खालिस्तान आंदोलन फिर से चर्चा में आ गया है। पंजाब ने आतंकवाद का अत्यंत डरावना और काला दौर देखा है। वर्ष 1980 और 90 के दशक में पंजाब का प्रशासन और आम जनजीवन बुरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया था। सुबह घर से निकला व्यक्ति शाम को घर वापस आएगा भी, इसकी कोई गारंटी नहीं होती थी। पंजाब केसरी अखबार के संपादक लाला जगत नारायण और उनके पुत्र रमेश समेत हजारों लोगों की हत्या कर दी गई थी। सरकार बहुत ही मशक्कत के बाद पंजाब को आतंकवाद से मुक्त करा सकी थी। दिल्ली में सिख फॉर जस्टिस रेफरेंडम 2020 और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देश विरोधी गतिविधियों में शामिल कुछ संदिग्धों की पहचान की है। सुरक्षा एजेंसियों को इस बात की आशंका है कि दिल्ली से जिन संदिग्धों की पहचान हुई है वे सभी स्लीपर सेल हो सकते हैं। इसी वर्ष जनवरी में दिल्ली के जनकपुरी, तिलक नगर, पश्चिम विहार समेत 12 स्थानों पर खालिस्तान के समर्थन में दीवारों पर लगाए पोस्टर विदेशी साजिश का हिस्सा हैं।

संक्षिप्त खबरें

आरएसएस - भाजपा लोगों के बढ़ते असंतोष से भयभीत हैं

मुजफ्फरपुर। लोगों के बढ़ते असंतोष और उनके बढ़ते संघर्षों के साथ, मोदी नेतृत्व वाली आरएसएस-भाजपा सरकार शासक वर्ग के विपक्षी दलों सहित जनता पर हमले बढ़ा रही है। मुख्य संसदीय विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी की सदस्यता भंग किया जाना, आरएसएस - भाजपा सरकार के हमले का हिस्सा है। पार्टी द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि ऐसा चुनाव पूर्व वर्ष में उभरती स्थिति के डर से पैदा हुआ है। यह उसकी कमजोरी को दशार्ता है न कि ताकत को। देश में शासन कर रही फासीवादी ताकतों के बीच इस डर से और अधिक हमलों और तरह-तरह की साजिशों की उम्मीद की जानी चाहिए। भाकपा (माले)-न्यू डेमोक्रेसी विपक्षी पार्टियों के खिलाफ कानूनी मशीनरी के इस तरह के इस्तेमाल का विरोध करती है। आरएसएस-भाजपा शासन के तहत कानून के दुरुपयोग के माध्यम से असहमतों का दमन, नई गहराई तक पहुंच गया है।

9 साल पुराने मामले में मंत्री गिरिराज सिंह समेत सभी 23 आरोपी बरी

मुजफ्फरपुर।केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सांसद वीणा देवी सहित 23 लोगों को मुजफ्फरपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने आज हुई सुनवाई के दौरान नौ साल पुराने मामले में बरी कर दिया।बताते चलें कि बिहार में पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम को लेकर वर्ष 2014 में बीजेपी नेताओं द्वारा ट्रेन रोको अभियान चलाया गया था। इसको लेकर मुजफ्फरपुर के तत्कालीन रेल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बीजेपी के गिरिराज सिंह ,सुरेश शर्मा सहित कुल 23 लोगों को नामजद करते हुए मामला दर्ज किया था। मामले में कुल 23 व्यक्ति आरोपित थे, जिसमें प्रमुख रूप से केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के अलावा राज्य के पूर्व मंत्री सुरेश कुमार शर्मा, रामसूरत राय, वैशाली सांसद वीणा देवी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, अंजू रानी, मदन चौधरी, रामबाबू राय, गीता देवी व वंदना शामिल थे।

सनातन धर्म के रक्षार्थ यज्ञ जैसे धार्मिक अनुष्ठान की जरूरत

मधुबनी/खुटौना। प्रखंड के कारमेघ मध्य पंचायत के मधपुर गांव अखंड नवाह सह राम नाम धुन का आयोजन किया गया है। पिछले आठ सालों से यहां नवाह यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर 108 कलश भर कर नवाह की शुरूआत की गई थी।पांडाल में सभी देवी देवताओं की भव्य और आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। साथ ही गांव की महिलाऐं, युवतियां और छोटी बच्चियों सहित कुल 108 युवतियों द्वारा नित्य सामूहिक पूजन व आरती किया जा रहा है। वहीं अखंड महायज्ञ और अखंड काली दुर्गे राधे श्याम गौडी शंकर सीता राम मंत्र का जाप भी किया जा रहा है। संत श्रद्धालुओं के लिए भंडारा महाप्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।इस नवाह संकीर्तन के आयोजन से इलाके में रौनक बढ़ी हुई है। मेला भी लगाया गया है। नवाह करवा रहे आचार्य युगल दास ने आयोजन समिति और ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए कहा धर्म रक्षार्थ वर्तमान समय में ऐसे आयोजनों की सख्त जरूरत है। लोग धर्म विमुख हो रहे हैं। धर्म का प्रचार प्रसार अति आवश्यक है।

एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने राहुल गांधी के विरुद्ध कार्रवाई को बताया अनुचित

मुजफ्फरपुर। सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के महासचिव प्रभास घोष ने संसद से राहुल गांधी की अयोग्यता को अनुचित करार दिया है। एक प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि हम स्पष्ट रूप से संसद सचिवालय के इस अलोकतांत्रिक, असभ्य और प्रतिशोधी कृत्य की निंदा करते हैं, हालांकि कांग्रेस पार्टी के साथ हमारे राजनीतिक मतभेद हैं। जिस जल्दबाजी से इस तरह की घोषणा की गई है, उससे तो यही लगता है कि जैसे संसद सचिवालय सूरत की अदालत के फैसले की बस इंतजार में ही बैठा था।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने फर्जी शिक्षक पर किया एफआईआर

मधुबनी/खजौली। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने खजौली थाना में मध्य विद्यालय गोबरौड़ा में कार्यरत फर्जी नियोजित शिक्षक एवं अन्य अज्ञात व्यक्ति पर एफआईआर दर्ज कराया है। वह जयनगर प्रखंड के सेलरा गांव निवासी शिक्षिका सुशीला कुमारी है। नियोजित प्रखंड शिक्षिका सुशीला कुमारी वर्तमान में मध्य विद्यालय गोबरौड़ा में कार्यरत है। इनका नियोजन प्रखंड नियोजन इकाई के द्वारा हुआ था। दर्ज एफआईआर के अनुसार वर्ष 2010 में प्रखंड नियोजन इकाई ने इनका नियोजन किया गया। इनके द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी था। नियोजित शिक्षक जांचकर्ता निगरानी अन्वेषण विभाग द्वारा इनके अनुभव प्रमाण पत्र की जांच की गई। अनौपचारिक, समग्र शिक्षा अभियान का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया गया था। समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र के क्रमांक पर राजदेव राम पिता हीरा लाल राम का नाम अंकित है। इन्होंने एमुनेष्टी पीरियड(माफी अवधि) में अपना त्याग पत्र नहीं दिया।

ईशा बनी वाणिज्य संकाय की जिला टापर

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।वाणिज्य संकाय से जिला के तीसरा टॉपर के घर बधाई का तांता लगा है।ईशा के शानदार सफलता पर लोग घर पहुंच कुढ़नी की बेटी को सम्मानित कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दे रहे है।

मालूम हो की केरमाडीह के 80 वर्षीय वयोवृद्ध देवनारायण साह के पुत्र मनोज कुमार के इकलौती पुत्री ईशा कुमारी ने कड़ी मेहनत कर इंटरमिडियट वाणिज्य संकाय में 500 पूर्णांक में 454 अंक प्राप्त कर जिला में तीसरा स्थान लाकर अपने गांव,प्रखण्ड व जिला का नाम रौशन किया है।ईशा के पिता घर पर ही कई वर्षो से स्टील व टिन से निर्मित बक्शा,पेटी,ट्रंक आदि का निर्माण कर बिक्री करते है। माँ सीमा देवी गृहणी है बड़ा भाई मनीष कुमार आरडीएस कॉलेज में स्नातक तृतीय वर्ष का छात्र है वही सबसे छोटे भाई अभिषेक कुमार इस वर्ष ही सीबीएससी बोर्ड से दसवीं का परीक्षा दिया है जिसका परिणाम आने वाला है।ईशा ने प्राथमिक शिक्षा गॉव के ही मध्य विद्यालय में किया है,आठवी के बाद नौवीं और दसवीं की पढ़ाई भोला सिंह हाई स्कूल पुरुषोतमपुर में किया है। ईशा इंटरमिडियट परीक्षा तैयारी के लिए रोजाना 14घन्टे की पढ़ाई करती थी।ईशा ने बताया पढ़ते समय रात्रि में नींद आ जाती थी नींद खुलते ही फिर पढ़ने बैठ जाता था।

उसने सफलता का श्रेय अपने माता पिता व्योवृद् दादा देव नारायण साह के साथ विद्यालय के इंटरमिडियट इंचार्ज शिक्षिका डा। मंजूसी द्रिवेदी,अनामिका कुमारी, सतीश, अभिषेक व कोचिंग शिक्षक टुन्नू,कुणाल सर को दिया है। बताया की आगे पढ़ाई जारी रखते हुए बीएड, सीटेट कर शिक्षिका बनकर गांव में समाज की सेवा करूंगी। वयोवृद्ध देव नारायण साह अपने पोती की सफलता से काफी खुश है।

प्यार करने वाले एक साथ रहने की जिद पर अड़े तो परिजनों ने करा दी शादी

मंदिर में युवक ने अपने घर के बगल की रहने वाली लड़की से किया प्रेम विवाह

प्रात : किरण संवाददाता

मंसूरचक, बेगूसराय। थाने में प्रेम विवाह व पुलिस की मौजूदगी में एक-दूजे के हुए प्रेमी युगल, जीवनभर साथ रहने की खाई कसम, की वर्षा से चल रहे प्रेम प्रसंग को मिला विवाह का रूप लेकिन अजीत अपने परिजनों के इनकार के कारण दुल्हन नहीं ले जाकर खुद भी दुल्हन के रहने चला गया।

प्यार करने वाले एक साथ रहने की जिद पर अड़े तो परिजनों की लाख कोशिशें भी नाकाम हो गई। आखिरकार मामला थाने तक पहुंच गया। वहीं पुलिस के सामने प्रेमी-युगल ने साथ रहने की बात कही तो पुलिस की मौजूदगी में ही दोनों की शादी करा दी गई। मंसूरचक के गणपतौल क्षेत्र के गुलशंकरी बाग टोले का है मामला। यह मामला है। मंडप, बैंडबाजा और न ही बरात... थाने के बाहर बने मंदिर में सिर्फ ग्रामीण और परिजनों की मौजूदगी में अजीत और कोमल ने एक-दूसरे का हाथ थाम लिया। बताया गया कि दोनों अलग-अलग एक जाति से है और वह एक दूसरे के घर से करीब और गोतिया से ताल्लुक रखते हैं लेकिन, उनकी जिद के आगे किसी एक न चली। बताया गया कि अजीत कुमार के माता और पिता और घर वाले शादी के लिए तैयार नहीं थे और युवती के परिजन इस शादी के लिए तैयार थे। वहीं इस बीच मामला लड़की कोमल कुमारी अपने पिता रंजीत दास के साथ थाने में पहुंच गया। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने ही बुला लिया। थाने पहुंचे लड़का के परिजनों ने युवक और युवती को बहुत समझाने की प्रयास किया लेकिन, वे नहीं माने। और लड़का भयभीत हो गया क्योंकि उसके परिजन शादी के खिलाफ हो गये और बेटे अजीत को छोड़कर चले गये। वहीं लड़की के परिजनों ने लड़का लड़की का शादी की तैयारी मंदिर परिसर में शुरू कर दिया। इसके बाद थाने के मंदिर में ही दोनों की शादी करवाई गई। प्रेमी युगल ने एक-दूसरे के गले में माला डालकर सदा संग रहने की कसम खाई। लड़की के परिजनों ने नवदंपती को आशीर्वाद देकर विदा किया। इस शादी के के संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ठाकुर ने बताया कि दोनों एक ही जगह के थे काफी समझाने के बाद भी नहीं माने जिसके बाद ग्रामीणों ने अपने मुताबिक शादी करवाया अनुसार, अजीत और कोमल का घर अगल बगल में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि युवती युवक के घर पहुंच गई थी और शादी के लिए दबाव बनाने लगी। पड़ोसी होने की बात कहकर युवक के परिजनों ने शादी कराने से इन्कार कर दिया। इसके बाद युवती घर लौट आई और शुक्रवार की शाम थाने में पहुंची। युवती ने पुलिस को अपने प्रेम-प्रसंग के बारे में बताया और शादी कराने की गुहार लगाई।

दोनों पक्षों को थाने पर लाया और सहमति करवाने का प्रयास किया पर लड़के वाले नहीं माने और अजीत को थाने पर छोड़कर चले गए। इसके बाद नवदंपती ने थाने में लिखित में दिया कि वह दोनों बालिग हैं और आपसी सहमति से शादी कर रहे हैं। उनके परिवार के लोगों को भी इससे कोई आपत्ति नहीं है। पुलिस ने दोनों के परिवारों के भी गवाह के रूप में हस्ताक्षर कराएं हैं।

देश का हर सच्चा भारतीय राहुल गांधी के साथ है खड़ा: गरीबदास

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का पुतला जलाया

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। केन्द्र में बैठी तानाशाही सरकार के द्वारा अपनी विफलताओं को छुपाने को लेकर राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म करने पर शनिवार को बछवाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड के अतरूआ चौक पर बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये गरीबदास ने कहा कि राहुल गांधी देश की आवाज है एवं हर बेरोजगार युवा, महिला, समाज के हर उस वंचित वर्ग की आवाज हैं जो इस तानाशाही सरकार के खिलाफ अब और मजबूत होगी। देश के लोकतंत्र को बचाने की उनकी लड़ाई किसी भी कीमत पर जारी रहेगी। इसके लिये कांग्रेस पार्टी किसी भी तरह की कुबार्नी देने के लिये तैयार है। देश में तानाशाही चरम पर है और लोकतंत्र व संविधान की रोज निर्मम हत्या की जा रही है। एक व्यक्ति जो सत्य एवं अहिंसा के साथ इन ताकतों के खिलाफ लड़ रहा है उसके खिलाफ पूरी सरकार व मशीनरी खड़ी है। आज हर सच्चा भारतीय राहुल गांधी के साथ खड़ा है।

आज का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिये काला दिन के लिये याद किये जायेगें। इस अवसर पर पूर्व विधायक बंटी चौधरी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष यशवंत चौधरी, उमेश दास, भगवानपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के प्रखंड अध्यक्ष शंकर शर्मा, प्रदेश महासचिव आलोक आनंद, कांग्रेस नेता इन्द्रदेव राय,रामबाबू तांती,अजय सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने जयनगर थाना का किया निरक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर। जयनगर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी विपल्व कुमार के द्वारा जयनगर थाना का औचक निरीक्षण कर थाना अध्यक्ष के कार्यलय प्रकोष्ठ में थाना से सम्बंधित विभिन्न अभिलिखों का गहन जाँच कर जायजा लेते हुए कई आवश्यक थाना अध्यक्ष समेत पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा बातया गया कि पुलिस मैन्युअल के तहत थाना का निरीक्षण कर विभिन्न अभिलिखों की गहन जाँच कर अवलोकन किया गया। अभिलिखों का जिन बिंदुओं के संधारण नहीं हैं जल्द संधारित करने साथ ही लंबित कांडो का जल्द निष्पादित करने कांडो का उद्भेदन फरार वारंटियों की गिरफ्त अभिलिखों सम्बंधित कागजातों को दुरूस्त रखने । पर्व त्योहार के मद्देनजर विधिव्यवस्था को लेकर दिवा संध्या और रात्रि सघन गस्ती बढ़ाने और वाहन चेकिंग करने बॉर्डर क्षेत्र होने को लेकर गतिविधियों पर नजर बनाये रखने एसएसबी के साथ समन्वय स्थापित कर जॉइंट पेट्रोलिंग करने क्षेत्र में आवगगमन को लेकर एवं असमाजिक तत्वों और अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखने मध निषेध के तहत अभियान के तहत करवाई करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये हैं। मौके थाना अध्यक्ष अमित कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

रहिका पंचायत भवन में निशुल्क जांच शिविर लगाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/रहिका। मधुबनी जिले के रहिका प्रखंड क्षेत्र के रहिका पंचायत भवन में मुखिया शबा नाज की अध्यक्षता में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के द्वारा निशुल्क जांच शिविर लगाया गया पंचायत के लोगों ने इस शिविर में अपने अपने समस्या के संदर्भ डाक्टरों से मिल जांच करा दवाई मुफ्त में लिया वही मधुबनी मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधक राजेंद्र कुमार झा व हेल्थ मैनेजर डॉक्टर साजिद ने बताया कि हम लोग मधुबनी जिले के जगह जगह निशुल्क सेवा कैंप लगा रहे हैं यह कैंप हमारे अस्पताल के द्वारा 2018 से ही लगाया जा रहा है पिछले साल से हमारे अस्पताल में भी निशुल्क विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन व जांच किया जा रहा है।और दवा भी 15 परसेंट डिस्काउंट के साथ हमारे अस्पताल के द्वारा दिया जाता है। साथ ही बेड चार्ज का कोई फीस नहीं,मुफ्त में पेशेंट को खाना भी दिया जाता है। उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज के हमारे चेयरमैन राज सभा सांसद डॉ फैयाज अहमद का जो पहल है वह गरीब से गरीब लोगों तक चिकित्सा को पहुंचाना स्वास्थ्य को बेहतर बनाना यही उनका लक्ष्य है। इस लक्ष्य को बेहतर बनाने के लिए जगह जगह पर निशुल्क जांच सेवा कर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। चिकित्सा शिविर में विभिन्न प्रकार के डॉक्टरों की मौजूदगी रहती हैं जिससे पंचायत के हर तरह के मरीज को समुचित इलाज फ्री में किया जा सके। इससे गरीब तबके के लोग जिसके पास पैसा नहीं ओ अपना इलाज नहीं करवा पा रहे। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमारे मधुबनी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के द्वारा जिले के विभिन्न विभिन्न जगहों पर निशुल्क जांच शिविर लगाकर लोगों को जागरूक कर उसका इलाज करने की सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि लोग जागरूक हो और हिम्मत ना हारे की हमारे पास पैसा नहीं है तो इलाज नहीं हो पाएगा यह अस्पताल गरीबों का है बेहिचक सभी लोग निशुल्क में अपना इलाज करावे। वही शिविर में आए लोगों में भी काफी खुशी देखने को मिला की रहिका पंचायत के मुखिया शबा नाज की अध्यक्षता में आज हम लोग को निशुल्क जांच व दवाई मिल रहा है इस तरह का कार्य बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। साथ ही दूरदराज के पंचायत से आए लोगों ने भी अपना-अपना समस्या बताकर निशुल्क दवा व जांच कराए।

कल फिर छाएंगे आसमान में बादल, होगी बूंदाबांदी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय ,पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से 25-से 29 मार्च, तक के लिए मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान जारी किया गया है।इस मौसम पूवार्नुमान के अनुसार पश्चिमी विछोन के प्रभाव से फिर से उत्तर बिहार के कुछ जिलों में 27 मार्च के आसपास आसमान में गरज वाले बदल बन सकते है तथा उसके प्रभाव से मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सारण, पश्चिमी तथा पूर्वी चम्पारण के कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा या बूंदा बूंदी हो सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 31 से 34 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 8 से 12 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से अगले चार दिनो तक पछिया हवा तथा उसके बाद एक दिन पुरवा हवा चलने की सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है।

किसानों को सुझाव दिया गया है कि विगत दिनों में हल्की वर्षा तथा कुछ स्थानों पर अच्छी वर्षा हुई है जिसके कारण खेत में नमी अच्छी आ गयी है जिसका फायदा उठाते हुये गरमा मूंग, उरद तथा मक्का की बुवाई प्राथमिकता देकर करें जिन जिलों में वर्षा की सम्भावना है उन जिलों के किसान कृषि कार्य सावधानी पूर्वक करें।आज का अधिकतम तापमान 32.6 एवं न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा।

पुलिस व उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 85 काटून शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार

मधुबनी/हरलाखी । स्थानीय थाना की पुलिस व उत्पात विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दुर्गापट्टी गांव में छापेमारी कर पिकअप पर लदे 2550 बोतल शराब के साथ तीन धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। वही गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान इजरा गांव निवासी सुनील कुमार, कलना गांव निवासी ऋषि राज चौधरी, व बासोपट्टी निवासी राहुल कुमार के रूप बतया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एएसआई ध्यानी पासवान सशस्त्र बल के साथ रात्री गस्ती पर निकले हुए थे। इसी दौरान उत्पाद विभाग ओर हरलाखी थाना के थानाध्यक्ष अनोज को गुप्त सूचना मिली। जहां थानाध्यक्ष के निशानदेही पर दुर्गापट्टी गांव में एक झाड़ी के पास पिकअप पर शराब लोड हो रहा है। जहाँ उत्पाद विभाग की टीम व हरलाखी थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंची। जंहा पुलिस को देखते ही शराब धंधेबाज पिकअप को छोर भागने लगा।

जरूरत मंद लोगों के बीच सामग्रियों का किया गया वितरण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/जयनगर । जयनगर आई एस पेनमई कमांडेन्ट के निदेर्शानुसार मधुबनी जिले में अवस्थित 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के समवाय मुख्यालय कमला तथा न्यू लोकेसन दुल्लि पट्टी में गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत समवाय मुख्यालय कमला के कार्यक्षेत्र मे 130 फलदार पौधे, 252 पेकेट सब्जी के बीज ओर 09 सोलर लाइट तथा न्यू लोकेसन दुलली पट्टी मे 190 फलदार पौधे 252 पेकेट सब्जी के बीज ओर 10 सोलर लाइट का का वितरण जरूरतमन्द लोगों के बीच किया गया कुल 350 लोगों को इस योजना के तहत लाभान्वित किया गया । एस एस बी के इस पहल से किसानों की खेती- बारी जहां बेहतर होगी वहीं इनकी आय भी दोगुनी होगी। 48 वीं वाहिनी एस एस बी जयनगर के द्वितीय कमान अधिकारी चन्द्र शेखर द्वारा सीमा चौकी कमला और दुल्लिपट्टी में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत जरूरत मंद लोगों के बीच फलदार पौधे सब्जी के बीज तथा सोलर लाइट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि एस एस बी नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अलावा सामाजिक चेतना अभियान सामुदायिक कल्याणकारी कार्यक्रम व कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। वर्ष 2022-23 में सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं एवं युवतियों की प्रतिभा को निखारने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यकम का आयोजन किया गया। साथ ही साथ जरूरतमंद किसानों के उत्थान के लिए कृषि उपकरण स्प्रे पंप मशीन के साथ अन्य आवश्यक वस्तुओं का भी वितरण किया जा चुका है ।

कचरा प्रबंधन वाहन को अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/खजौली । प्रखंड क्षेत्र के सूक्की पंचायत भवन पर शनिवार को पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह के अध्यक्षता में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान दुतीय चरण अंतगर्त ठोस एव तरल अवशिष्ट प्रबंधन सह कूड़ादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मंच संचालन जितेंद्र प्रणामी द्वारा किया गया. कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से प्रमुख कुमारी उषा,बीडीओ मनीष कुमार,सीओ मनीष कुमार ,बीपीआरओ हेमनारायण चौधरी, सेवा निवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश साफी,जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह,मुखिया अशोक कुमार सिंह, पंसस आभा देवी,कांग्रेस नेता विशेश्वर झा, पूर्व जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह,बीसी राजीव रंजन द्वारा किया गया. वही मंच पर उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों को मुखिया द्वारा पाग,दोपता एव पुष्पमाला से सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख कुमारी उषा ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के दुतीय चरण में प्रखंड़ स्तर पर तीसरे पंचायत सूक्की को स्वच्छ बनाने को लेकर हर घर शौचालय निर्माण , ठोस,तरल कचरा को अलग,अलग डिब्बे में डालकर उंक्त कचरा को वार्ड स्तर पर कचरा प्रबंधक रिक्सा से उठाकर कचरा घर मे रखा जाएगा. वही बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि पंचायत के सभी वार्ड में एक एक कचरा प्रबंधक द्वारा प्रतिदिन सुवह में कूड़ेदान में रखे कचरा को उठाया जाएगा.उन्होंने कहा कि पंचायत में पदस्थापित कचरा प्रबंधक को मानदेय भुगतान को लेकर प्रत्येक परिवार से 30 रुपये प्रतिमाह एव व्यावसायिक घरों से 60 रुपये प्रतिमाह वसूल करने का निर्देश दिया गया.वही प्रखंड़ पंचायती राज पदाधिकारी हेमनारायण महतो ने कहा कि इस लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत पंचायत के सभी लोगो को सहयोग करने जरूरी है.उन्होंने कहा कि सूखा कचरा नीला डब्बा में एव गीला कचरा हरा डिब्बा में रखने का निर्देश दिया गया. उन्होंने उपस्थित पंचायत के लोगों को कहा कि कोई भी व्यक्ति अब कचरा सड़क,नाले में नही फेक कर कूड़ेदान में फेकने का निर्देश दिया गया.वही पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत के 13 वार्ड में अब गंदगी नही फैल कर स्वच्छ रखने को लेकर सरकार द्वारा यह कदम उठाया है. उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधक की गाड़ी सिटी बजाते हुए आपके द्वार पर पहुँच कर कचरा की उठाव करेंगे.वही पंसस आभा कुमारी ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत पंचायत के सभी वार्डों में गंदगी को दूर भगाकर स्वच्छता का कायम होगा. वही सेवा निवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश साफी ने कहा कि स्वच्छता में भगवान बसते है यदि हम लोग को संकल्प लेना चाहिए कि अपने घर का कचरा कूड़ेदान में ही डालेंगे.उन्होंने कहा कि इस कचरा से पंचायत में ही जैविक खाद का निर्माण कर कम दाम में पंचायत के किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा. वही कार्यक्रम के बाद सभी कचरा प्रबंधक ठेला, रिक्शा वाहन को बीडीओ,प्रमुख,बीपीआओ, मुखिया,ब्लाक कोदिनेटर सहित अन्य लोगो द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

बि.प.नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल की बैठक आयोजित

मधुबनी/जयनगर। जयनगर बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल की एक आवश्यक बैठक हाई स्कूल मैदान में आयोजित की गई। बैठक में संघ का विस्तार करते हुए विभिन्न प्रकार के अंतर वेतन को यथा शीघ्र बीआरसी से जिला कार्यालय को हस्तगत करवाने प्रोन्नति जल्द हो इसके लिए जल्द कार्य हो। साथ ही 08 किलोमीटर रेडियश पे एच. आर . में बढ़ोतरी जल्द से जल्द करने। इस संबंध में भी विस्तार से चर्चा हुई वेतन संरचना को भंग करने के लिए जिला को भेजे जाने। जिससे शिक्षकों समस्याओं का निदान हो । समय में शिक्षकों लंबित कार्यो का निष्पादन संपन्न हो सके । शिक्षक हित को देखते हुए जो भी समस्या हो उसका समाधान को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए विचार विमर्श किया गया। बैठक में शिक्षक संघ मूल के अध्यक्ष धनिक लाल यादव प्रधान सचिव राम बिनोद यादव जिला सचिव रमेश सिंह लोकेश कुमार बिनोद कुमार साफी रविंद्र कुमार अमरेंद्र कुमार बिनोद कुमार यादव संजीव कुमार मिश्रीलाल दास दुखी महरा गणेश शंकर यादव रिंकी कुमारी निर्मला कुमारी नीतू कुमारी मालती कुमारी मो नईम कुमारी एकता रानी रंजू कुमारी ललिता कुमारी किसून साफी रेखा कुमारी विजय कुमार पूर्वे अताउलाह समेत संघ के कई पदाधिकारी और कई शिक्षको ने भाग लिया ।

जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक कर दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नियमित रूप से अपने क्षेत्र अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों की जांच करें। उन्होंने निर्देश दिया कि इस दौरान इस बात की पड़ताल करें कि जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं द्वारा नियमानुकूल रूप से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है अथवा नहीं! इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं कि कुछ अपात्र लाभुकों के द्वारा भी खाद्यान्न उठाव किया जा रहा है। उन्होंने इन शिकायतों की जांच कर प्रतिवेदित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडलों के स्तर पर राशन कार्ड के आवेदनों के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए इसे जल्द से जल्द निष्पादित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को लगातार छापेमारी करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों पर सही माप तौल की जांच अवश्य करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, विशाल राज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वंदना कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, अश्वनी कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, जयनगर, बेबी कुमारी, अनुमंडल पदाधिकारी, झंझारपुर, शैलेश कुमार चौधरी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, पंकज कुमार श्रीवास्तव सहित जिले के सभी प्रखंडों के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शामिल थे।

रहिका थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में दो कि मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी/रहिका। रहिका थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों में सड़क दुर्घटना में दो की मौत। बताते चलें कि रहिका थाना क्षेत्र के बासौली पंचायत के सुगौना खपरपुरा निवासी घुटर यादव के पत्नी मुन्नी देवी मवेशी को चारा देकर जा रहे थे उसी क्रम में तेज रफ्तार से लापरवाही से लहरिया कट के स्टाइल में चलाते हुए मोटरसाइकिल चालक जोरदार धक्का मार दिया जिससे मुन्नी देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई स्थानीय लोगों के सहयोग से क्रिप्स अस्पताल में भर्ती कराया जहां नाजुक हालत देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेज दिया गया जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मोटरसाइकिल चालक की पहचान गजवा गांव निवासी बृजपाल चौपाल के 18 वर्षीय पुत्र राजा चौपाल बताया गया है।दूसरा घटना देर शाम रहिका कोसी नहर पुल के पास एक मोटरसाइकिल चालक ने 16 साइकिल सवार युवक को धक्का मार दिया जिसे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया स्थानीय लोगों ने तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान कृष्णानंद झा उर्फ कृष्णा रहिका कोठा टोल बताया गया है। मोटरसाइकिल चालक की पहचान रहिका गिधाटोल निवासी सोभीत यादव उर्फ भागो यादव के पुत्र जयराम यादव बताया गया है। घटना के संदर्भ में रहिका थाना से पूछे जाने पर रहिका थाना अध्यक्ष राज किशोर कुमार ने बताया कि दोनों शव को पोस्ट

संक्षिप्त खबरें

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का किया पुतला दहन

भागलपुर। कांग्रेस जिला कमेटी के कार्यकताओं ने स्टेशन चौक स्थित देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भागलपुर कांग्रेसियों ने जमकर केंद्र सरकार को कोसते हुए नारेबाजी की। वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष परवेज जमाल ने कहा हमारे देश के प्रधानमंत्री देश में दमन की नीति चला रहे हैं, यह हम लोग सहन नहीं करेंगे। वहीं उन्होंने कहा देश को बेचने की नीति के विरोध में देश के गरीब किसान मजदूरों के पैसों का बंदरबांट करने के विरोध में हम लोगों ने आज उनका पुतला दहन किया है। वहीं उन्होंने कहा कि ईडी व सीबीआई का गलत उपयोग करके अपोजिशन को डरा कर रखना चाहती है, केंद्र की सरकार यह कहीं से सही नहीं है। वहीं राहुल गांधी पर सजा को लेकर भी कांग्रेसी काफी आक्रोशित दिखे।

जनता दरबार में 32 मामले का निष्पादन

मुंगेर। साप्ताहिक जनता दरबार में नवीन कुमार ने शुक्रवार को 32 मामलों की सुनवाई की जिला पदाधिकारी ने शिकायत सुनी और अपने अधीनस्थ संबंधित पदाधिकारियों को कार्यवाही करने का आवश्यक निर्देश दिया डीएम ने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रखंड अंचल अनुमंडल क्षेत्रीय कार्यालय में जनता दरबार आयोजित होता है जिसमें आम जन अपनी समस्याओं को पदाधिकारियों के समक्ष रख उसका त्वरित निराकरण करा रहे हैं। आम जनता से उन्होंने अपील किया कि निर्धारित शुक्रवार को अपने संबंधित पदाधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या का निराकरण अवश्य कराएं उन्होंने कहा कि उप विकास आयुक्त और अपर संस्था द्वारा लगातार जनता दरबार में हुई कार्यवाही मॉनिटरिंग की जा रही है।

शराब की भट्ठी ध्वस्त, 450किलो महुआ जावा नष्ट , 40 लीटर देसी शराब बरामद

मुंगेर। जिले के शामपुर थाना थी पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री एवं निर्माण के विरुद्ध काली घाटी जंगल के पहाड़ी इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया इस दौरान चार शराब की भट्ठी को नष्ट किया गया साथ ही 450 किलोग्राम महुआ जावा को नष्ट करते हुए 40 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है इसकी पुष्टि शामपुर सहायक थाना प्रभारी ओम प्रकाश दुबे ने किया है उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि शामपुर सहायक थाना क्षेत्र के कालीघाटी जंगल के पहाड़ी इलाकों में शराब माफियाओं के द्वारा शराब निर्माण एवं बिक्री चोरी-छिपे की जा रही है इसी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस टीम को आते के कारोबारी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि कारोबारी शामपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी दयानंद पासवान है जिनके विरूद्ध उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

मंडल कारा में जांच शिविर का आयोजन

मुंगेर। मंडल कारा मुंगेर में क्षमा विभाग द्वारा जांच शिविर लगाया गया जहां सभी कैदियों की टीवी जांच की गई जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने बताया कि जांच शिविर में कुल 11 संभावित टीवी के कैदी मरीजों के बलगम का संग्रह किया गया है जिसकी जांच की जाएगी और फिर उसे दवा दिया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

पूर्णिया/बनमनखी । जिला शिक्षा पदाधिकारी शिवनाथ रजक को एससीएचटी शिक्षक अध्यक्ष तरुण कुमार पासवान के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने कार्यालय वेशम में जिले के नियोजित शिक्षकों के मांगों के समर्थन में दो सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने प्रधान सचिव शिक्षा विभाग के आदेशानुसार में बिहार विधान सभा पटना बायसी सैयद रुकनुद्दीन के द्वारा विधानसभा में अपने प्रश्न काल के दौरान जो प्रश्न उन्होंने उठाया था। पूर्णिया जिला अंतर्गत खासकर बायसी प्रखंड में आज तक निम्नलिखित विद्यालय के कनीय शिक्षक वरीय शिक्षक होने के बावजूद भी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के प्रभार में है। मांगों में जिला अंतर्गत नगर निगम नगर परिषद एवं नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत 8 किलोमीटर के परिधि में अवस्थित विद्यालयों में कार्यरत नियोजित शिक्षकों को शहरी आवास भत्ता 8 प्रतिशत का लाभ का पत्र के माध्यम से निर्गत करने की कृपा की जाए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिष्टमंडल को आश्वासन दिए कि वरीय शिक्षक होने के बावजूद का पत्र मेरे द्वारा निर्गत किया जा चुका है जो विद्यालय आपने मांग पत्र में अंकित किया है। उनका प्रतिवेदन बायसी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से मंगवा कर त्वरित कार्रवाई करेंगे। शिष्टमंडल में मणिकांत कुमार, नवीन पासवान, नरेश राय, वनोद शाह आदि मौजूद थे।

आंगनवाड़ी सेविका के ऊपर लगा जातीय भेदभाव करने का आरोप

मनमाने तरीके से इर्दगिर्द आंगनबाड़ी केंद्र संचालन किये जाने व पोषण राशियों में गर्बरी करने का वीडियो ने की जांच

प्रात : किरण संवाददाता

गोराडीह (भागलपुर)। प्रखंड अंतर्गत मोहनपुर पंचायत के फरका टोला मोहनपुर वार्ड नंबर 2 में आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 91 के लिए प्रतिनियुक्त सेविका रीना रमन पर ग्रामीणों द्वारा अनियमितता बढ़तने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने सेविका रमण के विरुद्ध लिखित आवेदन जिला प्रशासन के साथ साथ प्रखंड कार्यालय को दिया है। लिखित आवेदन पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए यह कहा है कि सेविका रीना रमन अपने कर्तव्यों को खुली अवहेलना तथा मनमानी तरीके से काम करती है, सीडीपीओ गोराडीह की मिली भगत से आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 91 पर घोर अनियमितता बरतने के साथ साथ बच्चों के पोशाक राशि एवं पोषण आहार में बड़ी घोटाला किये जाने की बात लिखित आवेदन फरका टोला वार्ड नंबर 2 के मृत्युंजय कुमार के द्वारा जिला प्रशासन व प्रखंड विकास पदाधिकारी गोराडीह को दिया गया है, और उन्होंने मामले की जांच कर करवाई करने की मांग की है। लिखित आवेदन में सेविका के ऊपर कई गंभीर आरोप बताया जा रहा हैं, उन्होंने ये भी कहा है कि सेविका वरीय पदाधिकारी को अपने हाथों की कठपुतली समझते हैं। विभाग के अनदेखी के कारण जहां-तहां केंद्र बनाकर बच्चों को पठन-पाठन कार्य जैसे तैसे चला रही हैं। उक्त केंद्र पर बच्चों को ना ही पोशाक और ना ही भोजन दी जाती है, और साथ ही बच्चों की उपस्थिति पंजीकरण रजिस्टर में कम होने पर भी उक्त पंजी रजिस्टर को मेंटेन रखने की दिशा में बच्चों की उपस्थिति अधिक दिखाई जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 91 भवन पंचायत समिति के 13वें वित्त आयोग से नवनिर्मित है, उक्त भवन बनकर तैयार है, जिसके आलोक में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र की सेविका रमन की प्रतिनियुक्त है। वह हरिजन बहुलक समाज में रहने के कारण बच्चों में जात पात की भेदभाव की भावना रखते हुए केंद्र को इर्दगिर्द संचालन कर रही हैं। जिससे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किये जाने पर सवालिया निशान उठ गया है। वही फरका टोला वार्ड नंबर 2 के ग्रामीण द्वारा मामले को लेकर जिलाधिकारी भागलपुर को भी लिखित आवेदन दिया है। वही मामले की जानकारी प्राप्त होते ही गोराडीह वीडियो द्वारा निरीक्षण के क्रम में उक्त आंगनबाड़ी केंद्र की जांच को लेकर स्पष्ट करते हुए पत्रांक 1087/24.9.22 आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 91 पर प्रतिनियुक्त सेविका रीना7 रमन द्वारा घोर अनियमितता बरतने और बच्चों के पोशाक राशि एवं पोषाहार राशि में बड़ी घोटाला करने की बात कही है। वीडियो ने पाया है कि सेविका अपनी मनमानी तरीके से जर्जर मवेशी, स्वास्थ्य केंद्र भवन पर 6 या 7 बच्चों की उपस्थिति में संचालित की जाती है। जर्जन भवन की स्थिति से बच्चों के परिजनों को अनहोनी घटना घटने की आशंका बनी रहती है।

वहीं मामले को लेकर गोराडीह सीडीपीओ द्वारा असामाजिक तत्वों के मिली भगत से क्रियाकलापों का बाजार गर्म है। उक्त केंद्र निर्धारित स्थल पर नहीं चला रही, बल्कि वार्ड संख्या 1 पर चलायी जा रही है। जिससे वार्ड संख्या 2 के ग्रामीणों द्वारा असंतोष व्यक्त की गई, अस्पष्टता, उक्त केंद्र की सेविका रीना रमन एवं सहायिका ललिता देवी द्वारा बच्चों के प्रति घोर लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता का परिलक्षित प्रतीत होता है। वही उन्होंने विभागीय स्तर के कार्रवाई की अनुसंशा करते हुए आगे की मार्गदर्शन हेतू जिलाधिकारी को पत्र भेज दिया गया है।

होमगार्ड बहाली को लेकर अभ्यर्थी हुए आक्रोशित

प्रात : किरण ब्यूरो

- सेवाकार्य के इन्तेजार में दर्जनों अभ्यार्थी लगा रहे जिलाधिकारी के कार्यालय का चक्कर

भागलपुर। जिलाधिकारी सुब्रत सेन से मिलने के लिए विगत एक साल से होमगार्ड बहाली को लेकर अभियर्थियों द्वारा विगत 2011 में आवेदन किया गया था। जिसकी बहाली विगत 2022 में हुई थी। वही जिसके बाद से लगातार कई अभ्यर्थी अपनी बहाली को लेकर विगत कई सालों से जिलाधिकारी कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। वही मामले को लेकर अभियर्थियों का कहना है कि गया जिला सहित अन्य जिलों में दूसरी लिस्ट बहाली को लेकर जारी करते हुए सेवाकार्य से जोड़ा गया, और जो सीट खाली शेष बचे हुए हैं उन पर इन अभ्यर्थियों की बहाली हुई थी, लेकिन भागलपुर जिला में आज तक दूसरी लिस्ट जारी नहीं किये जाने के कारण अधर में सेवाकार्य लटका हुआ है, जिसको लेकर अभ्यर्थी लगातार जिला मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं। वहीं इन लोगों का आरोप है कि इतने दिनों में जिलाधिकारी से मात्र एक बार ही मुलाकात करने दिया गया है। इन्हें उसके बाद से यह लोग लगातार जिलाधिकारी कार्यालय आ रहे हैं, लेकिन जिलाधिकारी से मुलाकात नहीं होने के कारण अब अभ्यार्थी आक्रोशित हो रहे हैं। वही लोगों का कहना है कि उपमुख्यमंत्री से भी मामले को लेकर मुलाकात की थी, लेकिन यहां जिलाधिकारी से मुलाकात नहीं हो पा रही है। जिसको लेकर अभियर्थियों के बीच आक्रोश का माहौल बना हुआ हैं।

सरहुल को राजकीय पर्व घोषित करने की सदन में विधायक ने उठायी मांग

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । सप्तदश बिहार विधानसभा के अष्टम सत्र की बैठक में पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका शामिल हुए। सदर विधायक ने सदन में शून्यकाल के माध्यम से पूर्णिया सहित प्रदेश के सभी प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के दौरान मृत्यु होने पर मृतक के परिजन द्वारा मजबूरी में अस्पताल का बकाया भुगतान नहीं करने पर प्राइवेट अस्पतालों द्वारा मृत शरीर को बंधक बनाने का मुद्दा उठाते हुए सरकार से मांग किया कि गरीबों के परिजन को मृत शरीर निशुल्क देने हेतु प्राइवेट अस्पताल के लिए नियमावली बनावे। विधायक विजय खेमका ने सदन में ध्यानाकर्षण के माध्यम से पूर्णिया सहित सीमांचल में बांग्लादेशी घुसपैठिया द्वारा झूठे दस्तावेज बनाकर भारतीय नागरिकता दिलाने में पीएफआई सहित देश विरोधी तत्वों द्वारा इस कार्य में मदद करने का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए घुसपैठिए को चिन्हित कर देश से बाहर करने एवं घुसपैठिए का नकली दस्तावेज बनाने में मदद करने वाले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने सदन में पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र के खली कुन निशा हाई स्कूल से माधोपारा दुर्गास्थान महादलित टोला होते हुए एनएच 31 बायपास तक सड़क निर्माण कराने का निवेदन दिया। विधायक ने आज सदन में याचिका के माध्यम से पूर्णिया पूर्व प्रखंड के एनएच 57 शिशोबाड़ी भमड़ा मस्जिद से सिकंदरपुर नहर तक पथ निर्माण कराने का याचिका दिया। सदर विधायक विजय खेमका ने सदन में कार्य स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से प्रदेश में कर्ज का बोझ लगातार बढ़ने से हो रहे आम नागरिकों की परेशानी के बाबजूद राज्य के बजट में से मात्र 35 प्रतिशत राशि ही स्कीम मद में खर्च की जाती है। सरकार द्वारा कर्ज कम करने का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। इससे उत्पन्न स्थिति पर सदन की कार्यवाही स्थगित कर चर्चा कराने का मांग किया। सदर विधायक विजय खेमका ने समस्त पूर्णिया वासी को प्राकृति पूजा सरहुल महापर्व की शुभकामनाये दी।

राहुल गांधी की सदस्यता का खत्म होना लोकतंत्र के लिए काला दिन : कांग्रेस

पूर्णिया । कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रंजन सिंह, जिला महासचिव गौतम वर्मा, उपाध्यक्ष मोहम्मद अलीमुद्दीन, आश नारायण चौधरी, कार्यनंद कुमार, वरिष्ठ नेता इंजीनियर संजीव शर्मा, अफरोज खान, असरार हाशमी आदि ने संयुक्त रूप से कहा कि संसदीय इतिहास में आज का दिन काला अध्याय के रूप में लिखा जाएगा। राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर देश में अभिव्यक्ति की आजादी पर यह एक हमला है। देश में बोलने की आजादी समाप्त हो गई है और यह सरकार की तानाशाह का एक उदाहरण है। मानहानि के केस में पहली बार देश के अंदर दो साल की सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोगों की जो भाषा पूर्व में दी गई थी उसकी अगर निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कितने भाजपा के सदस्यों की सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी लेकिन सरकार विपक्षी लोगों को बोलने से रोकने के लिए हर तरह के कदम उठा रहे हैं इस घटना से कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ राहुल गांधी के साथ खड़ा है।

समुचित विकास के लिए आम बजट को सभी पार्षदों द्वारा सर्वसम्मति से दी स्वीकृति : किरण

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। नगर पंचायत अकबरनगर का बजट पारित होने के बाद नगर पंचायत कार्यालय के सभागार कक्ष में सामान्य बोर्ड की दूसरी बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आम बजट पर चर्चा की। सामान्य बोर्ड की बैठक में पारित समुचित विकास के लिए विभिन्न मदों पर आम बजट की स्वीकृति सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि आम बजट 34 करोड़ 17 लाख,73 हजार 249 रुपये का विकास के विभिन्न मदों को ध्यान में रखते हुए पारित किया गया है, जिसमें व्यय 34 करोड़ 5 लाख 12 हजार रुपए किया गया है।

कुल मिलाकर आम बजट को देखा जाए तो 12 करोड़ 61 लाख 249 रुपये के फायदे का बजट बताया गया है। समान बोर्ड की बैठक में मौजूद पार्षदों ने अपने अपने वार्ड के विकास से जुड़े मुद्दा पर सवाल उठाया। सवाल को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि प्राथमिकता के तौर नगर पंचायत के विकास के लिए बिजली, पानी, रोड, नाला एवं साफ-सफाई को ध्यान में रखा गया है, जिस पर अब धीरे-धीरे काम होना है। वही उन्होंने बताया कि बरसात के समय को देखते हुए अप्रैल माह से नाला सफाई का काम शुरू कर दिया जाएगा। जिससे7 बरसात के समय जलजमाव की समस्या उत्पन्न ना हो। वही प्रत्येक वार्ड में 50 वाट के एलईडी बल्ब से अच्छादित किया जायेगा, जिस पर जल्द ही कार्य शुरू होगा। इस दौरान नप अध्यक्ष किरण देवी ने बताया कि बजट पारित होने के बाद आम बजट पर चर्चा को लेकर सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी पार्षद ने बजट के प्रारूप की सराहना की है। सभी ने सर्वसम्मति से आम बजट की स्वीकृति देकर नगर पंचायत के चौमुखी विकास करने की बात कही है।

आजाद क्रीड़ा मैदान का जल्द होगा कायाकल्प: नगर पंचायत अकबरनगर क्षेत्र अंतर्गत आजाद मैदान के सौंदर्यीकरण की बात बैठक में रखी गई। जिसमें मैदान में मिट्टी भराई, मैदान के चारों ओर लाइट लगाने, एवं दो कमरा निर्माण के की बात बैठक में रखी गयी साथ ही मौजूद सदस्यों द्वारा विस्तृत रूप चर्चा की गई। इस पर कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि मैदान के सौंदर्यीकरण को लेकर पहले भी प्रस्ताव रखा गया था। उक्त दिशा में जल्द ही कार्य शुरू किये जाने की सहमति जताई है। नगर पंचायत का बजट बेहतर,होगा सवार्गीण विकास;-निशु प्रिया, 2023-24 बजट सत्र को लेकर नगर पंचायत सदन मे सामान्य बोर्ड की बैठक बुलाई गई। जिसमें वार्ड नंबर सात की वार्ड पार्षद ने निशु प्रिया ने बताया कि नगर पंचायत का बजट बेहतर है। नगर पंचायत मे सवार्गीण विकास का रूप रेखा तैयार किया गया है। आने वाले समय मे नगर पंचायत का चहुंमुखी विकास होगा। हमलोग नगरपंचायत के विकास के लिए सभी लोग मिलकर विकास रूपी गाड़ी के पहिये को हमलोग धीरे धीरे आगे बढाएंगे ये संकल्प है।

स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत मिला राज्यस्तरीय सम्मान

कायाकल्प कार्यक्रम के तहत बैसा सीएचसी को मिला 13 वां स्थान : डीसीक्यूए

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । राज्य के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर सुविधाएं एवं रख रखाव सहित कई अन्य तरह की सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार की ओर से कायाकल्प योजना की शुरूआत की गई थी। जिसके तहत जिले के कई अस्पताल को संवारा जा चुका है। कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अवार्ड कमिटि ने वर्ष 2022-23 से पुरस्कृत होने वाले स्वास्थ्य संस्थानों के नामों की घोषणा की है। जिसमें कायाकल्प कार्यक्रम के निर्धारित मापदंडों के अनुसार जिला अस्पताल, रेफरल अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को सम्मानित किया गया है। जिले के चार स्वास्थ्य संस्थानों को कायाकल्प कार्यक्रम के तहत सम्मानित होने पर क्षेत्रीय अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ विजय कुमार, आरपीएम कैशर इकबाल, डीपीएम सोरेंद्र कुमार दास, डीएमएंडई आलोक कुमार, यूनिसेफ के शिव शेखर आनंद, केयर इंडिया के डीटीएल आलोक पटनायक, सीफार के धर्मेंद्र रस्तोगी, नंदन कुमार झा सहित कई अन्य ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि सामान्य अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने मुख्य रूप से तीन तरह की सुविधाओं पर फोकस किया है। जिसके तहत स्वच्छता (हाईजीनिक), बॉयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हॉस्पिटल इंफेक्शन के अलावा अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा उत्तम व्यवहार करना पड़ता है। जिसको लेकर सरकार के अलावा अस्पताल प्रशासन को कार्य करना होता है। सामान्य अस्पताल के सभी वार्डों में स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा इलाजरत मरीजों या आने वाले अभिभावकों के साथ अच्छा व्यवहार बनाए रखने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जाता है। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों को उच्च स्तर पर रख-रखाव, सफाई के साथ ही बेहतर गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था एवं व्यवहार अपनाने वाले कर्मियों सहित अस्पताल को कायाकल्प कार्यक्रम के तहत प्रमाण पत्र एवं नकद राशि से सम्मानित किया गया है।

जिला सलाहकार, गुणवत्ता यकीन पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में पियर एसेसमेंट के समय न्यूनतम 70 प्रतिशत अंक लाने वाले संस्थानों का राज्य स्तरीय टीम के द्वारा कायाकल्प कार्यक्रम के तहत भौतिक सत्यापन किया जाता है। उसके बाद ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान को विभागीय स्तर पर सम्मानित किया जाता है। जिसमें जिले के बैसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 83.86 प्रतिशत, अनुमंडलीय अस्पताल बनमनखी को 80.86 प्रतिशत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसबा को 76.86 प्रतिशत एवं सीएचसी भवानीपुर को 71.71 प्रतिशत के साथ प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया गया है। जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए यूनिसेफ एवं केयर इंडिया के अधिकारियों के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है।

रेलवे स्टेशन की सफाई व्यवस्था को लेकर रेल प्रबंधक को लिखा पत्र

कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस सहित इंटरसिटी ट्रेनों का होता है ठहराव

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर)। अकबरनगर रेलवे स्टेशन की लचर व्यवस्था व साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से करवाने के लिए नगर पंचायत अकबरनगर की अध्यक्ष किरण देवी ने मालदा डिवीजन के रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर सफाई व्यवस्था सुचारु रुप से करवाने की मांग की है। उन्होंने रेल प्रबंधक को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर कहा है कि अकबरनगर रेलवे स्टेशन की साफ सफाई व्यवस्था काफी लचर है, जिस वजह से अकबरनगर स्टेशन पर यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विगत कई महीनों से शौचालय सहित स्टेशन परिसर के आसपास की साफ सफाई नहीं होने से काफी गंदगी का फैलाव रहता है। उक्त कूड़े कचरे की ढेड़ से फैलने वाली दुर्गंध यात्रियों व आसपास के रहनेवाले लोगों का जीना दूभर कर दिया है। स्टेशन परिसर पर कचरे के कारण यात्रियों को आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही मामले की जानकारी मिलने पर नगर पंचायत के कर्मी द्वारा उक्त कूड़े कचरे की साफ सफाई करवाई जाती है, जो स्टेशन परिसर के साफ-सफाई के लिए पर्याप्त नहीं है। वही उन्होंने ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर अकबरनगर रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने साथ ही सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मियों का नियमित रूप से उपस्थित दर्ज कराए जाने को लेकर आग्रह भी किया है।

ज्ञात हो कि अकबरनगर रेलवे स्टेशन से आसपास के इलाकों अकबरनगर श्रीरामपुर, खेरैहिया, इंग्लिश चिचरौंन आदि विभिन्न क्षेत्रों सहित दक्षिणी क्षेत्र में पड़ने वाले पचरुखी, शाहकुंड, किरणपुर तक के यात्रियों का आगमन यातयात करनेवाले लोगों का प्रतिदिन परिचालन होता है। हजारों की संख्या में यात्री यहां से हर रोज किसी ना किसी स्टेशन के यात्रा करते हैं। यहां के स्टेशन का मासिक आमदनी भी अच्छी आकि जाती है।

अकबरनगर स्टेशन पर हावड़ा जाने के लिए जमालपुर हावड़ा सुपर एक्सप्रेस, गया हावड़ा एक्सप्रेस, पटना जाने के लिए भागलपुर दानापुर इंटरसिटी, साहिबगंज दानापुर इंटरसिटी, मुजफ्फरपुर इंटरसिटी जैसे कई महत्वपूर्ण ट्रेनो का ठहराव रहता है। स्टेशन पर पर शौचालय की व्यवस्था तो है लेकिन साफ सफाई के अभाव में काफी गंदे व बंद पड़े हुए हैं, जिससे निकलने वाले दुर्गंध से स्टेशन परिसर में खड़े रह पाना यात्रियों के लिए दूभर हो गया है। वही सौचालय के लिए खासकर महिलाओं को बाथरूम जाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है।

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में कुल 35 मामले की हुई सुनवाई, 10 का किया गया निष्पादन

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में 6 उजड़े हुए घरों को समझा-बुझाकर फिर से बसा दिया गया। प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र में कुल 35 मामले सुनवाई हुई जिसमें से 10 मामलों को निष्पादित किया गया। डगरूआ थाना क्षेत्र से आयी एक महिला ने शिकायत की कि उसके पति ने दूसरी शादी कर ली है। पति ने बताया कि उसकी बीबी बार-बार मायके चली जाती थी। इससे तंग आकर उसने दूसरी शादी कर ली है। फिर भी पहली पत्नी अपने पति के साथ रहना चाहती है, लेकिन सौतन के साथ नहीं रहना चाहती है। इस पर पति ने तीन महीने का समय मांगते हुए कहा कि नया घर बनाने के बाद वह पहली पत्नी को अपने साथ लेकर जाएगा। तब तक 3 हजार रूपए प्रति महीना गुजारा भत्ता के रूप में दूंगा। इसका बाउंड बनाया गया। वहीं मरंगा थाना क्षेत्र के हरदा बस्ती से आयी एक महिला ने केन्द्र के सदस्यों को बताया कि उसके पति हमेशा गाली गलौज व मारपीट करता रहता है। इसको लेकर पंचायत भी बैठी फिर भी कोई फैसला नहीं हो सका। केन्द्र के सदस्यों के समझाने बुझाने के बाद दोनों एक साथ रहने को राजी हो गए। बंध पत्र बनाकर खुशी-खुशी अपने घर को विदा हुए। कसबा थानाक्षेत्र के मजगामा बस्ती से आयी एक पति की दो बीबीयां का मामला भी केन्द्र के सदस्यों ने सुनकर निदान किया। केन्द्र के सदस्यों के समझाने के बाद छोटी बीवी ने केंद्र को विश्वास दिलाया की वह अपनी बड़ी सौतन को बड़ी दीदी की तरह मानेगी और कभी कोई शिकायत का मौका नहीं देगी। इसके बाद पति ने दोनों बीबी को रखने को तैयार हो गया। इस मौके पर पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र की संयोजिका सह महिला थानाध्यक्ष किरण बाला रविन्द्र साह आदि उपस्थित थे।

केंद्र सरकार के तानाशाही और हिटलरवादी कृत का कांग्रेस ने किया विरोध

पूर्णिया । जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने इंटर कार्यालय में एक बैठक कर कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने पर वर्तमान केंद्र सरकार के तानाशाही और हिटलर वाद की कड़े शब्दों में निंदा की है और कहा कि वर्तमान सरकार देश में लोकतंत्र समाप्त करने की दिशा में हर कदम उठाना चाहती है और इसी कड़ी में राहुल गांधी पर कार्रवाई की गई है यह स्पष्ट हो गया है की देश के अंदर लोकतांत्रिक व्यवस्था नाम की चीज नहीं रह गई है। जो भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी एवं अमित शाह के विरोध में आवाज उठाएगा उसे ऐसे ही प्रताड़ित किया जाएगा। इस कदम से पूरे देश में आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया है और केंद्र सरकार शर्म करो की नारा लग रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार लोगों की स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति जो मौलिक अधिकार में शामिल है उसे भी बंद करना चाहती है और इसके लिए हर कदम उठाने को तैयार है। कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आज राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

कोसी-सीमांचल समेत पूरे सूबे में लोकसभा चुनाव में होगा एनडीए का सूपड़ा साफ : संतोष कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया । पूरा देश बदहाली और अराजकता के दौर से गुजर रहा है, देश मे अघोषित आपातकाल की स्थिति है, आर्थिक हो या वैदेशिक नीति, केंद्र की मोदी सरकार विफल साबित हुई है। युवा, किसान, बेरोजगार, छोटे उद्यमी सभी के चहेरे पर हताशा है, सिर्फ चंद कॉपोरेट घराने के चेहरे पर रौनक है। ऐसे में देश के लोग केंद्र की कुशासन की सरकार से निजात चाहती है। वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव निर्णायक है और तय मानिए कि कोसी-सीमांचल समेत पूरे बिहार में भाजपा गठबन्धन का सूपड़ा साफ हो जाएगा। केंद्र में नई सरकार महागठबन्धन के सहयोग से बनेगी और जनता राज स्थापित होगा। उक्त बातें जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव सह सांसद संतोष कुशवाहा ने महासचिव मनोनीत होने के बाद पहली बार दिल्ली से पूर्णिया लौटने के क्रम में किशनगंज और बायसी में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। दरअसल, श्री कुशवाहा के पूर्णिया लौटने के क्रम में किशनगंज और बायसी में पार्टी कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया और उन्हें फूल-मालाओं से लाद कर खुशी का इजहार किया गया। बायसी के परमानंदपुर में पार्टी कार्यकताओं द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। उन्हें माला पहनाया गया और अंग-वस्त्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने रोजेदारों को माह-ए-रमजान की मुबारकबाद दी और रोजेदारों के साथ इफ्तार में भी शरीक हुए। इस अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर पार्टी के जनाधार को मजबूत करने की अहम जिम्मेवारी मुझे मिली है जिसे मैं चुनौती के रूप में देखता हूं। संगठन के स्तर पर हम किसी भी दल से अधिक मजबूत हैं, लिहाजा दावे के साथ कह सकता हूं कि पूरे सूबे में महागठबंधन की 2024 में जीत तय है और 2025 में राज्य में महागठ बंधन की ही सरकार बनेगी। कहा कि इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए वे माननीय मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के शुक्रगुजार हैं।

उन्होंने सबों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि चुनाव दस्तक दे रहा है तो अब कई बहुरूपिये आपके बीच आकर घड़ियाली आसूं बहाने का काम कर रहे हैं। इन चेहरे को पहचानिए, ये पहले भी भाजपा की बी टीम बनकर आपकी एकता को तोड़ने का प्रयास करते रहे हैं, इस बार कोई गलती नही होनी चाहिए। राष्ट्र

संक्षिप्त खबरें

अवैध वसूली करने वाला होमगार्ड सहित 4 लोग को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गया। एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गया जिले के डोभी चेकपोस्ट से ट्रकों को अवैध रूप से पास कराये जाने मामले में 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जिसमें होमगार्ड के जवान जो डोभी चेक पोस्ट पर कार्यरत एक कर्मचारी और एक इंट्री माफिया शामिल है, साथी उसके पास से 170000 रुपया भी बरामद किया गया इसकी जानकारी एसएसपी आशीष कुमार भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया, एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि सूचना मिला था कि डोभी चेक पोस्ट पर ट्रकों से अवैध वसूली किया जाता है जब छापेमारी की गई तो इसमें दो होमगार्ड और एक कंप्यूटर ऑपरेटर सहित एक इंट्री माफिया शामिल है जिसे गिरफ्तार किया गया।

राष्ट्रीय महासचिव बनने पर नगर प्रंखण्ड अध्यक्ष ने किया स्वागत

गया।गया जंक्शन पर सांसद विजय कुमार मांझी जद(यू झ्र) राष्ट्रीय महासचिव बनाये जाने के उपरांत स्वागत करते हुए नगर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सतीश पटेल , जदयू नेता सह प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल , लाल बाबू, बढ़न यादव एवं अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

आज केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री पीरो प्रखंड के विभिन्न गाँवो का करेंगे दौरा

आरा। केन्द्रीय ऊर्जा एवं नवीन ,नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सह आरा के सांसद राजकुमार सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के दौरा पर आएँगे। आज मंत्री पीरो प्रखंड के पीरो रेलवे स्टेशन और पड़ाव मैदान के निरिक्षण के साथ पुराने अशोक सिनेमा हाँल सभागार मे सभा को संबोधित करेंगे।उसके बाद जमुआंव और अकरूआ गाँवो का भ्रमण कर लोगो की समस्याओं से अवगत होंगे।इस दौरान वे अपने निधि और सीएसआर फंड से किए गए पूर्व योजनाओं का समीक्षा के साथ ग्रामीण जनता की सहमति से नए कार्यो का अनुशंसा भी करेंगे। पीरो प्रखंड के विभिन्न समस्याओं से अवगत होते हुए उनका क्रियान्वयन भी करेंगे। उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित, पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

आरा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेश कुमार मालवीय द्वारा मंडल कारा आरा का निरीक्षण किया गया। साथ में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव-सह- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,मिथिलेश कुमार एवं कोर्ट मैनेजर प्रज्ञा उपस्थित थे।जिला जज द्वारा पूरे जेल परिसर का निरीक्षण किया गया जिसमें जेल अस्पताल, काराधीन बंदी को मिलने वाली निशुल्क विधिक सहायता केंद्र, भोजनालय, शिक्षा, स्वास्थ्य के विषय में कैदियों से मुलाकात कर जानकारी प्राप्त किया एवं वरिष्ठ कैदियों एवं सजायाफ्ता बंदी से भी मिल कर एवं उनके वाद का अधतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सफाई के मुद्दे पर भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

तेलपा देवकुंड पथ पर सड़क दुर्घटना में दो की मौत जबकि दो घायल

करपी। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के शहर तेलपा ओ.पी अंतर्गत सूबेदार बिगहा के समीप तेलपा देवकुंड मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में दो की मौत, इस संबंध में तेलपा ओपी अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि घायल व मृत व्यक्ति सभी लोग ग्राम दुबोली थाना गडहणी जिला भोजपुर के रहने वाले हैं यह सभी लोग लोक आस्था के महापर्व चैती छठ करने के लिए पिकअप वैन से देव जा रहे थे, इसी बीच मे पिकअप वैन चालक ने सूबेदार बिगहा के समीप खड़े ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें 19 वर्षीय रानी कुमारी पिता विनोद शाह एवं 20 वर्षीय रूपा कुमारी पिता लक्ष्मी शाह मौत हो गई जबकि किरण कुमारी पिता संजय शाह एवं मनोज कुमार साह गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं घायलों के अरवल सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है

पूर्व प्रोफेसर के निधन पर सहदेव प्रसाद यादव कॉलेज में शोक सभा का आयोजन

करपी। सहदेव प्रसाद यादव महाविद्यालय करपी में शोक सभा का आयोजन किया गया, शोक सभा की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ललित कुमार ने किया, उन्होंने कहा कि सहदेव प्रसाद यादव कॉलेज के पूर्व में सेवा दे चुके महेश्वर सिंह यादव के व्यारव्याता गणित विभाग के दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया उनके निधन से हम सब लोग मरमाहत हूं, शोक सभा मे इनके कार्यों को चर्चा करते हुए सेवा अवधि में मृत्यु से पूर्णिया छाती है, हम सब को छोड़कर जाना बहुत दुखद है ।

शिक्षक निर्वाचन के दोनों उम्मीदवार को जिताने का लिया गया संकल्प : अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भाजपा गया जिला के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक भाजपा जिला कार्यालय पं दीनदयाल उपाध्याय नगर रसलपूर में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ऊर्फ चिंटू सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में गया स्नातक और शिक्षक निर्वाचन में भाजपा समर्थित उम्मीदवार क्रमशः अवधेश नारायण सिंह एवं जीवन कुमार को जिताने के लिए रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश ऊर्फ चिंटू सिंह ने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं को विधान परिषद के चुनाव में मजबूती के साथ काम करते हुए दोनों प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लेना है। विधान परिषद् के चुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार की जीत से

बिहार में शैक्षणिक अराजकता का माहौल समाप्त करने में मदद मिलेगी। शैक्षणिक कार्य में लगे लोगों की समस्या का समाधान हो पायेगा। बिहार में शिक्षा का स्तर खराब होते जा रही है, शिक्षक वेतन विसंगति से लेकर राज्यकर्मियों का दर्जा नहीं मिलने से शैक्षणिक कार्य में उदासीन होते जा रहे हैं। भाजपा सबका साथ सबका विकास में विश्वास करती है अतः दोनों सीट पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए एड़ी चोटी एक कर दिया जाएगा। इस अवसर भाजपा जिला के पूर्व अध्यक्ष धनराज शर्मा, भाजपा के निर्वतमान जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र राम, नरेन्द्र सिंह दांगी,अजय कुमार, डॉ अनुज कुमार, राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, युगेश कुमार, धीरज रौनियार राजेश कुमार सिंह, गजेन्द्र दास, संजय सिंह उपस्थित थे।

सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में प्रधानाचार्य प्रो डॉ जावैद अशरफ के संरक्षण में कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा लगाये गये सप्तदिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन कॉलेज की ऊजार्वान स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर तथा आस-पड़ोस में साफ-सफाई की। स्वयंसेवक शाही प्रिया, शिल्पा, ईशा शेखर, प्रियांशा, पीहू, सत्या, नमन्या, रिया, प्रगति, जूही, रिशिका, रागिनी, नेहा, अनू, विद्या प्रभा, दिव्य प्रभा, मुस्कान आदि ने एनएसएस पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी, बर्सर डॉ सहदेव बाउरी, नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, जन संपर्क अधिकारी सह-मीडिया प्रभारी डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, परीक्षा विभाग प्रभारी डॉ प्यारे माँझी, खेलकूद प्रभारी डॉ पूजा राय, डॉ जया चौधरी, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ नगमा शादाब, डॉ अनामिका कुमारी, प्रीति शेखर, शिल्पी बनर्जी की देखरेख में पानी छिड़क कर पूरे जोश एवं उमंग के साथ जीबीएम कॉलेज परिसर एवं पड़ोस में झाड़ू लगाया गया है। प्लास्टिक के बोतल, पत्ते, रैपर्स, शीशे, टूटे ईंट पत्थर, सड़े-गले फूल-पत्तों आदि के चुने जाने के पश्चात पूरा महाविद्यालय परिसर साफ-सुथरा तथा स्वच्छ दिखने लगा है। स्वयंसेवकों ने आसपास के लोगों को स्वच्छता का महत्व भी बताया। मौके पर अभिषेक कुमार, रौशन कुमार, नीरज कुमार, सुधीर कुमार, आनंद कुमार, मीरा देवी, अजय कुमार, विक्रम कुमार, सुनील कुमार की भी उपस्थित रही।

संस्कृति के प्रतीक सूर्यकुंड को गवाह मानकर सूर्यदेव की आराधना करते हैं व्रती

औरंगाबाद। बिहार के औरंगाबाद जिला मुख्यालय से से 18 किलोमीटर दूर देव स्थित सूर्य मंदिर करीब एक सौ फीट ऊंचा है। यहां संस्कृति के प्रतीक सूर्यकुंड को गवाह मानकर व्रती जब छठ मैया और सूर्यदेव की आराधना करते हैं, तो उनकी भक्ति देखते ही बनती है। छठ मेले में यहां जाति, संप्रदाय एवं शास्त्रीय कर्मकांड के बंधन समाप्त हो जाते हैं। कहा जाता है कि कुष्ठ रोग ठीक होने के कारण औरंगाबाद प्रयाग के राजा ऐल ने यहां तालाब एवं मंदिर बनवाया। बाद में उमगा के राजा भैरवेंद्र ने देव, देवकुंड एवं उमगा में विशाल मंदिरों का निर्माण कराया। हालांकि ज्यादातर लोग देव सूर्य मंदिर को विश्वकर्मा कृत मानते हैं। लोग मानते हैं कि इस मंदिर का निर्माण रात्रि के एक पहर में ही भगवान विश्वकर्मा ने किया था। उन्होंने देवताओं के अनुरोध पर सूर्य उपासना के लिए सूर्य मंदिर का निर्माण किया था। आज भी लोग इस सूर्य मंदिर को बने लाखों वर्ष मानते हैं। मंदिर के निर्माण को लेकर कई विद्वानों में कई तरह की विचारधाराएं देखी जाती है। पर, यहां सभी विचारधाराओं पर आस्था भारी है। यही कारण है कि लोग सुनी-सुनाई बातों पर ज्यादा यकीन करते हैं। देव का सूर्य मंदिर काले पत्थरों को तराशकर बनाया गया है। यह अपनी शिल्प कला एवं मनोरम छटा के लिये विख्यात है।

कैच द रैन कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा।नेहरू युवा केंद्र भोजपुर और युवा क्लब रामपुर के संयुक्त तत्वाधान में कैच द रैन कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में लगभग 40 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । मुख्य अतिथि के रूप में अमित कुमार सिंह जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे नेहरू युवा केंद्र भोजपुर ,विशिष्ट अतिथि के रूप में विनीत कुमार सिंह ,रंजन राज शिक्षक उपस्थित रहे , कार्यक्रम का नेतृत्व युवा कल्ब रामपुर के अध्यक्ष वीरू कुमार सिंह और कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सचिव राहुल कुमार सिंह ने किया। अमित कुमार सिंह ने बताया कि आज वर्तमान परिवेश में जिस तरह पृथ्वी का जल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे गिरता चला जा रहा है इसके लिए वर्षा का जल संचय करना अति आवश्यक हो गया है आज अगर हम अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और जल संकट से मुक्त मुक्त देखना चाहते हैं तो वर्षा का जल संचय करना हमारा अटल लक्ष होना चाहिए।

शिक्षक विनीत कुमार सिंह ने कहा कि मौसम और समय परिवर्तित हो ना कहीं ना कहीं पृथ्वी और हमारे बीच समन्वय समन्वय स्थापित नहीं करने का एक सूचना क्या संदेश है अगर अभी से हम अधिक से अधिक मात्रा में पौधे नहीं लगाते हैं और जल संचय पर ठोस कदम नहीं उठाते हैं तो हमारे सामने एक विकट समस्या खड़ी हो जाएगी।

नगर आयुक्त ने छठ पर्व एवं रामनवमी पर दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गया। नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त गया अभिलाषा शर्मा, गया नगर निगम द्वारा रामनवमी एवं छठ पर्व के मद्देनजर समीक्षा बैठक की गई है।जिसमे उप नगर आयुक्त,बुड़को के कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं गया नगर निगम के जलापूर्ति से संबंधित कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक, सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा भाग लिया गया है। रामनवमी एवं छठ पर्व के तैयारी हेतु कार्य कराने हेतु दिए गए निदेर्शों की समीक्षा की गई है। कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग द्वारा बताया गया की उन्हें जो कार्य सौंपा गया है, उस सभी पर कार्य कराया जा रहा है। इसपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिया गया की समय पर सभी कार्य पूर्ण करें। कार्यपालक अभियंता बुडको

को निर्देश दिया गया की शोभा यात्रा पर निकलने वाले जुलूस के मार्गो पर पथ का रेस्टोरेशन यदि बचा है तो अविलंब पूर्ण करें, पाइप लीकेज को तुरंत ठीक कराएं।

छठ पर्व पर अच्छी सफाई व्यवस्था कराने का निर्देशनोडल अधिकारी सफाई को दिया गया हू।

नोडल अधिकारी प्रकाश व्यवस्था को रामनवमी एवं छठ पर्व पर पूर्व की भांति प्रकाश की वैकल्पिक व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया है। नगर प्रबंधक को जुलूस मार्गो से बैनर इत्यादि हटाने हेतु अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

तेलपा देवकुंड पथ पर सड़क दुर्घटना में दो की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

अरवर। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के शहर तेलपा ओ.पी अंतर्गत सूबेदार बिगहा के समीप तेलपा देवकुंड मुख्य पथ पर सड़क दुर्घटना में दो की मौत, इस संबंध में तेलपा ओपी अध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि घायल व मृत व्यक्ति सभी लोग ग्राम दुबोली थाना गडहणी जिला भोजपुर के रहने वाले हैं यह सभी लोग लोक आस्था के महापर्व चैती छठ करने के लिए पिकअप वैन से देव जा रहे थे,

इसी बीच मे पिकअप वैन चालक ने सूबेदार बिगहा के समीप खड़े ट्रक में टक्कर मार दी जिसमें 19 वर्षीय रानी कुमारी पिता विनोद शाह एवं 20 वर्षीय रूपा कुमारी पिता लक्ष्मी शाह मौत हो गई जबकि किरण कुमारी पिता संजय शाह एवं मनोज कुमार साह गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं घायलों के अरवल सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जमकर थाना क्षेत्र में हो रही हरदिन शराब की आपूर्ति,पुलिस की पकड़ से दूर धंधेबाज

प्रात : किरण संवाददाता

करपी। जिले के शहर तेलपा थाने के इलाके में आज तक इक्का-दुक्का छोड़कर एक भी विदेशी शराब आपूर्ति करने वाले आपूर्तिकर्ता शहर तेलपा पुलिस के हाथे नहीं लगा, जब के जानकार बताते हैं कि इस इलाके में विदेशी शराब की आपूर्ति डिमांड के अनुसार लगभग हर रोज किया जा रहा है, लगन के दिनों में या किसी विशेष व्यक्ति के बर्थडे पर ज्यादा शराब आपूर्ति होता है, लेकिन सब कुछ काफी और गोपनीय तौर पर ना किसी आम लोगों के भनक तक न लग सके, इस काम में संगलन लोग काफी समझदारी से अपना नेटवर्क चलाते हैं जिसके कारण वे आज तक सफल भी साबित हो रहे हैं, इस कारोबारी में लगभग 1 माह से चार से 3 लाख का विदेशी शराब के क्षेत्र में आपूर्ति नियमित तौर पर किया जाता है लेकिन अनजान ग्राहक को किसी भी कीमत पर शराब नहीं दी जाती है जिसके चलते आपूर्तिकताओं की गोपनीयता शत-प्रतिशत बरकरार बनी हुई है, साथी इस धंधे में कोई भी लुफ्त चांद का व्यक्ति इंवॉल्व नहीं है सब के सब काफी गंभीर लोग हैं, इसके साथ ही कई जगह जगह पर देखा गया है देसी शराब की भी शाम होते ही सजने लगती है दुकाने।

एसएसबी अधिकारियों की क्षमता वृद्धि कार्यशाला का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी द्वारा एसएसबी अधिकारियों की क्षमता वृद्धि कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सहायक कमांडेंट मनोज कुमार सर द्वारा की गयी। जिसका संचालन इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

जिसकी प्रशिक्षण प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण एवं प्लान इंडिया, एएचटीयू इंस्पैक्टर मनोज कुमार शर्मा, प्रयास से आरती कुमारी एक्सिस टू जक्टिस प्रियोजन के तहत प्लान इंडिया से रामजन्म के संयुक्त तत्वाधान में प्रोटेक्ट प्रोजेक्ट के तहत दिया गया। जिसका उद्देश्य मानव

तस्करी, बाल यौन शौषण, बाल मजदूरी, बाल विवाह, जैसी मुद्दों पर प्रशिक्षण दिया गया। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर कार्यरत एसएसबी अधिकारियों को दिया गया तथा मानव व्यापार संबंधित लघु फिल्म दिखाकर उन्हें प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें चाइल्ड लाइन सब सेन्टर रक्सौल द्वारा 1098 निःशुल्क आपातकालीन फोन सेवा है जो मुसीबत में फंसे बच्चे और बच्चियों को तत्काल सेवा प्रदान करता है। मौके पर प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चंपारण से आउट रिच वर्कर, राज गुप्ता, विजय कुमार शर्मा, प्लान इंडिया से वेद प्रकाश मिश्रा तथा चाइल्ड लाइन सब सेन्टर रक्सौल से टीम मेम्बर अभिषेक कुमार, उमेश कुमार श्रीवस्तवा तथा एसएसबी महिला प्लाटून से सब इंस्पेक्टर नेहा सिंह तथा 70 की संख्या में एसएसबी महिला/पुरुष अधिकारियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया और एसएसबी अधिकारियों को मानव व्यापार संबंधित नुकर नाटक कराकर प्रशिक्षित किया गया।

राष्ट्रीय लोक जनता दल के तैयारी समिति का बैठक

आरा।राष्ट्रीय लोक जनता दल के तैयारी समिति का बैठक का आयोजित किया गया। बैठक का उदेश्य 28 मार्च को पटना बापू सभागार में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान के जन्मोत्सव समारोह का आयोजन राष्ट्रीय लोक जनता दल के तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के अहवाहन पर हुआ है उसकी तैयारी को लेकर की गयी. बैठक की अध्यक्षता रालोजद नेता रोहित कुशवाहा और संचालन रालोजद नेता पंकज कुशवाहा ने किया। बैठक में प्रभारी के रूप में सुकुल राम उपस्थित रहे।प्रभारी सुकुल राम ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यकताओं से कहा की भोजपुर की धरती क्रान्तिकारीयों की धरती रही है और पटना से नजदीक होने के कारण भोजपुर से हजारों की संख्या में सम्राट अशोक के जन्मोत्सव समारोह पटना बापू सभागार में जाने का काम करेंगे।

रामनवमी एवं चैती छठ पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। रामनवमी एवं चैती छठ पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला पदाधिकारी, सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में योजना भवन के सभागार में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।जिला पदाधिकारी ने आगामी रामनवमी एवं चैती छठ पर्व के दौरान शांति, भाईचारा व विधि-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए इस बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों से सहयोग की अपील की। जिलाधिकारी ने बताया कि रामनवमी एवं चैती छठ मेला के मद्देनजर औरंगाबाद जिले में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह जगह पर दंडाधिकारी एवं पुलिस

पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। परंतु शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सभी समुदायों का सहयोग अपेक्षित है।

पुलिस अधीक्षक, स्वप्ना जी मेश्राम ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है जहां कई समुदाय हैं एवं रामनवमी पर्व के दौरान सभी समुदायों के बीच आपसी सामाजिक सौहार्द कायम रखने की जरूरत है। पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी। आप सभी को किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने अथवा घटना घटित होने पर अविलंब प्रशासन को सूचित करना है। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि अपने थाना अंतर्गत शांति समिति की बैठक निश्चित रूप से आयोजित कर लेंगे। साथ ही शरारती तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखेंगे। एसडीएम एवं एसडीपीओ सदर ने रामनवमी पर्व के दौरान विधि व्यवस्था के संधारण हेतु जिला प्रशासन की तैयारियों की जानकारी बैठक में उपस्थित लोगों को दी। रामनवमी एवं छठ का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इस पर बैठक में उपस्थित लोगों ने पुलिस गश्ती करने तथा असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने सहित कई सुझाव भी दिए।

सीयूएसबी के वाणिज्य विभाग द्वारा भारत में कर व्यवस्था पर संगोष्ठी

प्रात : किरण संवाददाता

गया।दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के वाणिज्य और व्यवसाय अध्ययन विभाग ने "केंद्रीय बजट 2023 के प्रकाश में भारत में कर व्यवस्था" पर संगोष्ठी का आयोजन किया ' जन सम्पर्क पदाधिक मो. मुदस्सीर आलम ने बताया कि वाणिज्य और व्यवसाय अध्ययन विभाग और वित्त कार्यालय के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई है।

गणमान्य व्यक्तियों का अभिनंदन डीसीबीएस के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार द्वारा संरक्षक कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के निर्देशन में किया गया है। स्वागत भाषण प्रो. ब्रजेश कुमार द्वारा दिया गया है जिसमें उन्होंने सभी गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया है ।

उन्होंने अल्बर्ट आइंस्टीन द्वारा कहे गए शब्द को उजागर करके कराधान का अध्ययन करने के महत्व को बताया है 'इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. सुब्रमण्यम षणमुगम द्वारा संक्षिप्त परिचय द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ प्रदीप राम ने वक्ता का परिचय दिया और कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया है । डॉ. पावस कुमार ने बजट 2023 की संक्षिप्त झलक दी जिसमें उन्होंने सरकार के लिए आय स्रोत और व्यय, मंत्रालयों को बजट आवंटन और योजनाओं के लिए बजट आवंटन का उल्लेख किया गया है ' प्रो. संजय कुमार श्रीवास्तव ने लोगों द्वारा किए गए बड़ी मात्रा में दीर्घकालिक और पूंजीगत व्यय पर ध्यान केंद्रित किया । विशिष्ट अतिथि प्रो. कृष्णन चालिल, डीन एवं विभागाध्यक्ष स्कूल ऑफ सोशल साइंस एंड पॉलिसी) ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि केवल 2% भारतीय आबादी आयकर का भुगतान कर रही है, लेकिन 100% आबादी अप्रत्यक्ष करों का भुगतान कर रही है।इस कार्यक्रम के प्रख्यात वक्ता सीए अंकित कुमार ने वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए पुरानी और नई कर व्यवस्था के कामकाज के बारे में मार्गदर्शन किया गया है।

उन्होंने पुरानी और नई कर व्यवस्था से जुड़े लाभ और नुकसान के आधार पर स्पष्ट रूप से अंतर किया गया है। धारा 80 सी से 80 जी के तहत विभिन्न कटौतियों को लागू करके देय शुद्ध कर की गणना कैसे की जाए, इस पर ध्यान केंद्रित करके, उन्होंने कर योजना, कर से बचने और कर चोरी की अवधारणा का भी उल्लेख किया।यह कार्यक्रम पुरानी और नई कर व्यवस्था के तुलनात्मक विश्लेषण के साथ तैयार किया गया है। अंत में, धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका रेणु द्वारा दिया गया है।

एएनएम स्कूल द्वारा विश्व यक्ष्मा दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। विश्व यक्ष्मा दिवस (24 मार्च) के अवसर पर बैठक, जागरूकता रैली एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन सभी प्रखंडों तथा हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर किया गया। संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. ए. अहमद और जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक, जिला योजना समन्यक के नेतृत्व में जिला यक्ष्मा केंद्र, भोजपुर आरा के कर्मियों एवं एएनएम स्कूल की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसकी शुरूआत संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. ए. अहमद द्वारा की गई "टीवी हारेगा देश जीतेगा" "हर बिहारी का सपना टीवी मुक्त हो

बिहार अपना" जैसे नारों के साथ रैली का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बैठक का शुभारंभ एसीएमोओ डॉ. केएन सिन्हा द्वारा की गई। डॉ. सिन्हा ने 2025 तक यक्ष्मा उन्मूलन की लक्ष्य प्राप्ति हेतु सामुदायिक जागरूकता एवं सहभागिता की अपील की। संचालन चिकित्सक डॉ. प्रतीक द्वारा किया गया। संचारी रोग पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के बारे में बताया गया, जिसके तहत कोई भी व्यक्ति निक्ष्य मित्र बनकर टीवी मरीजों को गोद लेकर उन्हें सहायता उपलब्ध करा सकता है। स्वयं संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. ए. अहमद ने निक्षय मित्र बनकर मरीजों को पोषाहार किट वितरित किया बताया गया कि 25 मार्च से 13 अप्रैल तक हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर पदस्थापित सीएचओ के माध्यम से टीवी मुक्त भारत अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत यक्ष्मा मरीजों की सघन खोज की जाएगी। इस वर्ष की विश्व यक्ष्मा दिवस की थीम यस वी कैन इंड टीवी को मूल मंत्र मानकर जन सहयोग की अपील की गई। उक्त कार्यक्रमों में जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला लेखा प्रबंधक प्राचार्या एएनएम स्कूल, जिला योजना समन्वयक जिला यक्ष्मा केंद्र के कर्मी, डब्लूएचपी भोजपुर टीम की उपस्थिति रही

आरा में ट्रेन से गिरकर अज्ञात अधेड़ की मौत

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा एवं कुलहरिया स्टेशन के बीच अप लाइन पर शनिवार की दोपहर ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। वही पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत किस चलती ट्रेन से गिरकर, बड़े एवं नुखिले पदार्थ से टकरा कर सिर फट जाने एवं गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण होना प्रतीत होता है।

राजग प्रत्याशी के पक्ष मे भाजपा नेताओं ने किया जनसंपर्क

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। विधानपरिषद चुनाव के गया निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी जीवन कुमार के पक्ष मे बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ,जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित नेताओं द्वारा बड़हरा और कोईलव के विभिन्न क्षैत्रो मे शिक्षको से जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान किया गया।

उक्त नेताओं द्वारा कोईलवर मे जनसंपर्क करते हुए कहा गया कि बिहार की शिक्षा चौपट हो गई है।शिक्षको को विद्यालय के जगह सड़को पर अपने अधिकार के लिए लाठियां खानी पड़ रही है।बिहार के गुंगी- बहरी महागठबंधन सरकार बिहार के भविष्य बर्बाद करने पर तुली है।शिक्षको का ऐसा प्रतिनिधि होना चाहिए जो उनके अधिकार के लिए हमेशा उनके साथ खड़े हो कर सड़क से सदन तक लड़े।पहले भी विधान पार्षद शिक्षक प्रतिनिधि बन कर गए है,लेकिन वे शिक्षको को कभी भी न्याय नही दिला पाएँ। आज पहली बार आपके सम्मुख भाजपा के प्रत्याशी जीवन कुमार आपके अधिकार दिलाने के लिए आपके बीच है।

20 पैसे के स्टॉक ने दो साल में ही 1 लाख को बना दिया 3.46 करोड़, निवेशकों को 345000 प्रतिशत का रिटर्न

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में पैसे लगाकर कोई भी करोड़पति बन सकता है। हालांकि, इसके लिए उन्हें क्वालिटी शेयरों को चुनना चाहिए और साथ ही धैर्य बनाए रखना चाहिए। आज हम एक ऐसे पेनी स्टॉक की बात कर रहे हैं जिसने कम समय में अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न देकर मालामाल किया है। यह शेयर राज रेयॉन इंडस्ट्रीज का है। राज रेयॉन इंडस्ट्रीज के शेयर उन मल्टीबैगर शेयरों में से एक हैं जिसने कम समय में अपने निवेशकों को करोड़पति बनाने का काम किया है।

सालभर में ही 4,100 पर्सेंट का रिटर्न: यह स्मॉल-कैप पेनी स्टॉक पिछले एक साल में मल्टीबैगर स्टॉक बन गया, क्योंकि इस दौरान यह लगभग 1.65 प्रति शेयर से बढ़कर 69.20 प्रति शेयर पर आ गया। यानी सालभर में इसने अपने निवेशकों को लगभग 4,100 प्रतिशत रिटर्न दिया है। वहीं, पिछले दो सालों में यह मल्टीबैगर पेनी स्टॉक 0.20 से बढ़कर 69.20 प्रति शेयर हो गया है, जिससे इसके निवेशकों को लगभग 3,45,000 प्रतिशत रिटर्न मिला है।

राज रेयॉन इंडस्ट्रीज का शेयर प्राइस हिस्ट्री: यह मल्टीबैगर पेनी स्टॉक पिछले एक महीने से बेस बिल्डिंग मोड में बना हुआ है, इस दौरान इसमें करीब 10 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, साल-दर-साल समय में इस मल्टीबैगर स्टॉक ने 36.90 से 69.20 प्रति शेयर तक पहुंच गए, जिससे इसके शेयरधारकों को 85 प्रतिशत रिटर्न मिला है। पिछले छह महीनों में यह मल्टीबैगर स्मॉल-कैप स्टॉक 16.20 से बढ़कर 69.20 प्रति शेयर हो गया है, जिससे इसके शेयरधारकों को लगभग 325 प्रतिशत रिटर्न मिला है। पिछले एक साल में, यह मल्टीबैगर स्टॉक 1.65 से बढ़कर 69.20 प्रति शेयर के स्तर पर पहुंच गया है। यानी 4,100 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसी तरह, पिछले दो सालों में यह पेनी स्टॉक 0.20 से 69.20 के स्तर पर पहुंच गया है, इस समय में 3,45,000 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

निवेशकों को करोड़ों का मुनाफा

राज रेयॉन इंडस्ट्रीज के शेयर प्राइस हिस्ट्री के मुताबिक, अगर एक निवेशक ने एक महीने पहले इस मल्टीबैगर स्टॉक में 1 लाख का निवेश किया होता तो इस समय में उसका 1 लाख 90,000 हो जाता। हालांकि, यदि किसी निवेशक ने नए साल 2023 की शुरुआत में इस मल्टीबैगर पेनी स्टॉक में 1 लाख का निवेश किया था, तो उसका 1 लाख ड्ड्ञ्ञ्ठ समय में 1.85 लाख हो गया होगा। अगर किसी निवेशक ने छह महीने पहले इस मल्टीबैगर स्टॉक में 1 लाख का निवेश किया होता, तो उसका 1 लाख आज 4.25 लाख में बदल गया होता। इसी तरह अगर किसी निवेशक ने एक साल पहले इस पेनी स्टॉक में 1 लाख रुपये का निवेश किया होता, तो उसका 1 लाख रुपये आज 42 लाख रुपये हो जाता। इसी तरह अगर किसी निवेशक ने दो साल पहले इस मल्टीबैगर स्टॉक में 1 लाख का निवेश किया होता, तो उसका 1 लाख आज 3.46 करोड़ हो जाता, बशर्ते निवेशक इस अवधि के दौरान इस स्टॉक में निवेशित रहता।

अमेरिका, स्विट्जरलैंड के बाद अब जर्मनी के ड्यूश बैंक की हालत खराब

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने से शुरू हुआ बैकिंग संकट क्रडिट सुइस के रास्ते यूरोप पहुंच गया। अब इसके जर्मनी में भी दस्तक देने की संभावना है। जर्मनी के सबसे बड़े ड्यूश बैंक का स्टॉक प्राइस तब एक झटके में 15 प्रतिशत टूट गया, जब बैंक के इंवेस्टर्स ने इसमें बिकवाली शुरू कर दी।

ड्यूश बैंक के स्टॉक्स में इस बिकवाली की एक बड़ी वजह वैश्विक स्तर पर पांव पसार रहे आर्थिक संकट और स्वास्थ्य चिंताओं के फिर से बढ़ने को माना जा रहा है। बैंक के शेयर प्राइस में लगातार तीसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है।

8.5 प्रतिशत टूट कर बंद हुआ स्टॉक: ड्यूश बैंक का शेयर प्राइस शुक्रवार को दिन में कारोबार के दौरान 15 प्रतिशत तक टूट गया। इसके बाद इसमें थोड़ा सुधार देखने को मिला लेकिन कारोबार के अंत में ये 8.53 प्रतिशत टूटकर 8.54 यूरो पर बंद हुआ। साल 2023 की शुरुआत से अब तक इसके शेयर भाव में 21.94 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।

जर्मनी का बड़ा बैंक है ड्यूश बैंक : जर्मनी की अर्थव्यवस्था में ड्यूश बैंक अहम भूमिका अदा करता है। ये एक मल्टीनेशनल बैंक है। कई सालों तक बैंक को छोटा और सुरक्षित बनाए रखने के बावजूद दुनियाभर के बाजारों में इसकी मौजूदगी है। ये मुख्य तौर पर कॉरपोरेट कर्ज के सेक्टर में काम करने वाला बैंक है।

आखिर क्यों टूट रहा बैंक का शेयर?: ड्यूश बैंक के शेयर में बिकवाली सिर्फ ग्लोबल इकोनॉमिक क्राइसिस और हेल्थ टेंशंस की वजह से नहीं हुई है बल्कि 2020 के मुकाबले क्रेडिट-डिफॉल्ट स्वैप बीमा की लागत कई गुना बढ़ने की वजह से निवेशकों के बीच बिकवाली की धारणा देखी जा रही है। क्रेडिट-डिफॉल्ट स्वैप, बीमा का ही एक प्रकार है जो किसी कंपनी के बांड होल्डर्स की उसके डिफॉल्ट के एवज में सुरक्षा करता है।

क्रेडिट सुइस और सिलिकॉन वैली बैंक डूबे: ड्यूश बैंक के शेयर प्राइस में गिरावट आने से यूरोप के बैंकिंग सेक्टर की स्टेबिलिटी को धक्का लगा है। लोगों के बीच डर का माहौल पहले से है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही स्विट्जरलैंड के क्रेडिट सुइस का जबरन उसके प्रतिद्वंदी यूबीएस में विलय करा दिया गया। वहीं अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक डूबने के बाद सिग्नेचर बैंक पर भी इसका असर हुआ।

अमेजन फैशन के स्प्रिंग-समर 2023 कलेक्शन के साथ कीजिए सीज़न के लेटेस्ट ट्रेंड्स की खरीदारी

मुंबई, एजेंसी। अमेजन फैशन ने सीजन के सबसे बेहतरीन फैशन एवं ब्यूटी ट्रेंड्स के साथ अपने स्प्रिंग-समर 2023 कलेक्शन को पेश कर दिया है। फ्लोई सिल्हूट्स और रिलैक्स्ड टी-शर्ट्स से लेकर फैशनेबल वाय2के एक्सेसरीज और जेन ज़ी के लिए एक नॉस्टैल्जिक कलेक्शन तक, यह स्प्रिंग समर कलेक्शन आपके आउटफिट को कंपलीट लुक प्रदान करेगा। इसी के साथ ही अमेजन फैशन का यह कलेक्शन स्प्रिंग एवं समर सीजन के चटख धूप वाले दिनों में खूबसूरत रंगों, डिजाइनों, फैब्रिक और पैटर्न की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रहा है। आप यहां पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के वेस्टर्न वियर, कैजुअल और एथनिक वियर, खास मौकों से लेकर वर्क वियर, स्पोर्ट्सवियर, फुटवियर, समर ज्वेल्स, ब्यूटी, समर ट्रैवल एसेंशियल, पर्सनल केयर जैसी कैटेगरी में 100 से अधिक ब्रांडों के 1 लाख से अधिक स्टाइल्स के ट्रेंडी और आरामदायक समर फैशन का आनंद ले सकते हैं। अमेजन फैशन इस साल स्प्रिंग-समर के दौरान चिक कट्स, बोल्ड फ्लोरल, फिट एंड फ्लेयर ड्रेसेस, मैक्सी स्कर्ट्स, समर ब्रालेट्स, डेनिम ड्रेसेस, इन-वोग एक्सेसरीज, चिक वॉचेज़, ट्रेंडी हैंडबैग्स, कलर-पॉप टी-शर्ट्स, कैजुअल शर्ट्स, फैशनेबल स्नीकर्स, ट्रैवल से जुड़े सामान, स्किन एवं हेयर केयर, कलरफुल आई पैलेट जैसे ढेरों प्रोडक्ट लेकर आया है। यहां आप वैन ह्यूजन, वेरो मोडा, बीबा, जैक एंड जोन्स, लिवाइज, एडिडास, प्यूमा, जीवा, ज़वेरी पर्ल्स, क्रॉक्स, मोची, टॉमी हिलफिगर, फास्ट्रैक, टाइटन, यू.एस. पोलो एसोसिएशन, अमेरिकन टूरिस्टर, मायग्लैम, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, चोपर्ड, एल्डो, डेविडऑफ, जिनी आदि जैसे टॉप फैशन एंड ब्यूटी ब्रांडों के सबसे आधुनिक संग्रह से खरीदारी कर सकते हैं। इस बार स्प्रिंग समर सीजन में आपके लुक को और खूबसूरत और स्टाइलिश बनाने के लिए यह संग्रह पेश किया गया है। इस सीज़न के लेटेस्ट ट्रेंड्स को प्रदर्शित करने के लिए खासतौर पर तैयार किए गए कलेक्शन के साथ 90 दिनों के समर सीजन की शुरुआत की जा रही है।

अमेजन बिजनेस ने एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल इवेंट में एमएसएमई के लिए पेश कीं आकर्षक डील्स: अमेजन बिजनेस अपने कारोबारी ग्राहकों को एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल इवेंट में शानदार डील्स के साथ अपनी सभी अटकी खरीदारी पूरी करने का मौका दे रहा है। इसके लिए अमेजन ने एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल इवेंट शुरू करने की घोषणा की है। यह आयोजन बी2बी ग्राहकों को अपने कारोबार के लिए आवश्यक चीजें खरीदने में मदद करेगा। साथ ही अधिक बचत करने के लिए ग्राहकों को इंक्रीमेंटल कैशबैक और छूट प्राप्त करने में सहायक होगा। व्यावसायिक ग्राहक इस सेल के जरिए कंप्यूटर एवं एक्सेसरीज, इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेस, ऑफिस प्रोडक्ट, ऑफिस इंफ्रूवमेंट प्रोडक्ट, ऑफिस किचन प्रोडक्ट, इंडस्ट्रियल एवं साइंटिफिक जैसी विभिन्न कैटेगरी में 10त्न तक अतिरिक्त कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। पहली बार खरीदारी करने वाले ग्राहक चुनिंदा श्रेणियों में 25त्न तक कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। ग्राहक लैपटॉप पर 30त्न तक की छूट और मॉनिटर, एसी और रेफ्रिजरेटर पर 40त्न तक की छूट के साथ 5000 से अधिक उत्पादों पर बिजनेस एक्सक्लूसिव प्राइस और बल्क डील का लाभ उठा सकते हैं।

एयरटेल 5जी प्लस अब मध्यप्रदेश के 24 शहरों में उपलब्ध

भोपाल। भारत की अग्रणी टेलीकम्यूनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की कि अब उनकी अल्ट्रा-फास्ट 5जी सेवा देश के 500 शहरों में उनके ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। एयरटेल ने अपने नेटवर्क में 235 नए शहरों को जोड़ा है, जो इसे अब तक के सबसे बड़े रोल-आउट में से एक बनाता है। जैसे-जैसे कंपनी अपने नेटवर्क का विस्तार करना जारी रखती है, एयरटेल 5जी प्लस अब कश्मीर के ऊपरी उत्तरी शहर से लेकर कन्याकुमारी के दक्षिणी सिरे तक हर बड़े शहर में उपलब्ध है। इस लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, भारती एयरटेल के सीटीओ, रणदीप सेखों ने कहा, हम देश में 5जी अपनाने की तीव्र गति को देखकर खुश हैं। एयरटेल अक्टूबर 2022 में 5जी सेवाओं की पेशकश करने वाली पहली कंपनी थी और आज का मेगा लॉन्च देश के हर एयरटेल ग्राहक को अल्ट्रा-फास्ट एयरटेल 5जी प्लस से जोड़ने का हमारा वादा है। हम पहले ही 500 शहरों को कवर कर चुके हैं और हर दिन 30 से 40 शहरों को जोड़ रहे हैं। 2023 के सितंबर तक, हम पूरे शहरी भारत में अपने 5त्न फुटप्रिंट का विस्तार करने की उम्मीद करते हैं। एयरटेल 5जी प्लस के ग्राहकों के लिए तीन आकर्षक फायदे हैं।

कुकरीजॉकी मिलेट्स रेसिपी कांटेस्ट का आयोजन

इंदौर/ सेलम एजेंसी। मिलेट्स के प्रसिद्ध ब्रांड कुकरीजॉकी ने राष्ट्रीय स्तर की कुकरीजॉकी मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की, जिसमें 100 से अधिक मिलेट से बनी रेसिपी को पुरस्कृत किया जाएगा। मिलेट्स का एशिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में छोटे बीज वाले अन्न के रूप में उपयोग किया जाता है। यह ग्लूटेन मुक्त तो होता ही है, साथ ही फाइबर, प्रोटीन और विटामिन जैसे पोषक इम्यून तत्वों से भरपूर होता है। मिलेट्स का उपयोग विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में किया जा सकता है, जिसमें दलिया, सूप, सलाद, रोटी आदि शामिल हैं। इन्हें चावल या अन्य अनाजों की तरह उबालकर या भाप में पकाकर भी पकाया जा सकता है। कुकरीजॉकी मिलेट्स रेसिपी कांटेस्ट एक रोमांचक पहल है जो खाने की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देती है और रसोई में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती है। भोजन के प्रति उत्साही लोगों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपने प्रयासों के लिए पहचाने जाने का यह एक शानदार अवसर है। कुकरीजॉकी मिलेट्स के निर्माता साबु ट्रेड, सेलम के चैयरमेन श्री गोपाल साबु ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 में आहार में गुणवत्तायुक्त विविधता लाने के लिए पोषक मिलेट्स का उपयोग कर घर घर में मिलेट के स्वादिष्ट व्यंजन बनाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 150, 100 और 70 ग्राम के तीन चांदी के मैडल तथा 100 गिफ्ट हैम्पर पुरस्कार के रूप में दिए जायेंगे। श्री साबु ने बताया कि भोजन बनाने, खाने और खिलाने के शौक़ीन लोगों के लिए अपने पाक कौशल का प्रदर्शन करने और स्वस्थ खाने की आदतों को बढ़ावा देने का एक शानदार अवसर है। यह कुकरीजॉकी ब्रांड द्वारा पोषक मोटे अनाजों से होने वाले स्वास्थ्यकर लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने और मिलेट को अपने दैनिक आहार में हर दिन शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी एक मौका है। कुकरीजॉकी मिलेट्स रेसिपी कांटेस्ट में भाग लेने में रुचि रखने वाले प्रतियोगियों को पहले दौर में अपनी किचन में कुकरीजॉकी मिलेट्स से (कम से कम 70त्न मिलेट के प्रयोग वाले) बने व्यंजन बना कर, उसका फोटो खींचकर, रेसिपी (बनाने के तरीके) के साथ कम्पनी को अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2023 तक भेजनी होगी।

लैंक्सेस की बिक्री और आय में वित्त वर्ष 2022 में उल्लेखनीय वृद्धि

सालाना आधार पर बिक्री 32.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 8.088 अरब यूरो हुआ

एबिटा (पूर्व असाधारण) 14.1 फीसदी बढ़कर 930 मिलियन यूरो हुआ

मुंबई, एजेंसी। लैंक्सेस ने कई उतार-चढ़ाव के बीच वित्त वर्ष 2022 का सफलतापूर्वक समापन किया है। विशेष रसायन निर्माता कंपनी की बिक्री और कमाई में उल्?लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

2022 में समूह की बिक्री 8.088 बिलियन यूरो रही, जो पिछले वर्ष के 6.101 बिलियन यूरो के आंकड़े से 32.6 प्रतिशत अधिक है। पूर्व असाधारण एबिटा एक साल पहले के 815 मिलियन यूरो की तुलना में 14.1 प्रतिशत बढ़कर 930 मिलियन यूरो हो गया। इस वजह से कमाई हाल ही में जाहिर किए गए अनुमान 900 मिलियन यूरो से 950 मिलियन यूरो की अनुमानित सीमा के भीतर रही। लैंक्सेस के सीईओ मैथियास जैशर्ट ने कह, हमने 2022 में सफलतापूर्वक महारत हासिल की और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद अपनी कमाई में वृद्धि की। यह बताता है कि लैंक्सेस किसी भी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। हमारी रणनीति कसौटी पर खरी उतरी है। हमारे उत्पाद बाजार अग्रणी है, जिसका हमें लाभ मिला। हम अत्यधिक लागत वृद्धि को पूरी तरह से हस्तांतरित करने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, हमने विशेष रसायनों पर अपना ध्यान केंद्रित किया और उत्तरी अमेरिका में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया। यह अतिरिक्त स्थिरता और विकास प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हालांकि, 2023 आसान नहीं होगा। 2022 की अंतिम तिमाही में हमने जो मांग में कमी महसूस की थी, वह वर्तमान में नए साल में भी जारी है। लेकिन मुझे विश्वास है कि हम अपनी स्थिर स्थिति की बदौलत इस आर्थिक मंदी से उबर जाएंगे।

पूर्व असाधारण एबिटा मार्जिन एक साल पहले के 13.4 प्रतिशत की तुलना में 11.5 प्रतिशत पर पहुंच गया। यह गिरावट उल्लेखनीय रूप से बढ़ी हुई लागतों और कम बिक्री की वजह से हुई।

निरंतर संचालन से शुद्ध आय में 60.0 प्रतिशत की काफी वृद्धि हुई और यह 184 मिलियन यूरो रही, जबकि एक साल पहले यह 115 मिलियन यूरो थी। इसमें उच्च प्रदर्शन सामग्री व्यवसाय इकाई के परिणाम शामिल नहीं हैं, जो बंद हो गया था और जिसे एक बंद ऑपरेशन के रूप में रिपोर्ट किया गया था।

2023 के लिए, लैंक्सेस को उम्मीद है कि पूर्व असाधारण एबिटा पिछले साल के स्तर पर रहेगा। इसी समय, समूह ने वर्ष की पहली छमाही में सुस्त कारोबारी माहौल की उम्मीद जताई है। पिछले वर्ष की चौथी तिमाही से लगातार उच्च ऊर्जा की कीमतें भी 2023 की शुरुआत में प्रभाव डालेंगी। यूक्रेन में युद्ध के नतीजे और कच्चे माल और ऊर्जा लागत में बदलाव अनिश्चितता के स्रोत बने हुए हैं। लैंक्सेस को 2023 की पहली तिमाही के लिए 180 मिलियन यूरो और 220 मिलियन यूरो के बीच पूर्व असाधारण एबिटा की उम्मीद है।

प्रॉब्लम के सॉल्यूशन के लिए आएगा कॉल और खाली हो जाएगा खाता, मार्केट में हैं 30,000 फर्जी नंबर, संभल कर रहें

नई दिल्ली, एजेंसी। रिया ने हाल ही में एक जाने माने ब्रांड का स्पीकर ऑनलाइन खरीदा था। लेकिन कुछ ही दिन में स्पीकर खराब हो गया। रिया इसकी कंपनी में शिकायत करना चाहती थी। उसने एक बार फेसबुक पर कंपनी का पेज देखा था। रिया ने वहीं शिकायत करने का सोचा। उसने फेसबुक पर कंपनी का पेज सर्च किया और वहां पूरी डिटेल के साथ शिकायत लिख दी। कुछ ही देर में रिया को एक व्यक्ति का कॉल आया। उनसे खुद को कंपनी का कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव बताकर रिया को विश्वास दिलाया कि उसे सारा पैसा रिफंड मिल जाएगा। उसने रिया से ऑर्डर से जुड़ी सारी जानकारी ले ली। बाद में रिफंड के लिए अकाउंट नंबर मांगा। इसके बाद एक ओटीपी मांगा। कुछ ही देर में रिया के अकाउंट से सारे पैसे गायब हो चुके थे। उसके साथ फ्रॉड हो चुका था। रिया जैसे ऐसे कई लोग हैं, जो इस तरह फ्रॉड का शिकार हो चुके हैं। साइबर सिक्योरिटी रिसर्चर CloudSEK ने एक रिसर्च की है। इसमें बताया गया कि काफी ब्रांडेड कंपनियों के फेक कस्टमर केयर नंबर तेजी से लोगों के बीच डिस्ट्रीब्यूट किये जा रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 30 हजार से ज्यादा ऐसे फेक नंबर मार्केट में डिस्ट्रीब्यूट हो चुके हैं। इनमें से 56 फीसदी भारतीय नंबर हैं। इन भारतीय नंबर्स में से 80 फीसदी आज भी चालू हैं और इनसे धोखाधड़ी हो रही है। धोखेबाजों का टार्गेट फाइनेंशियल सेक्टर होता है। साथ ही टेलीकम्युनिकेशन और हेल्थ सेक्शन में भी स्कैम देखा गया है। हिंद होप सोसाइटी की चेयरमैन प्रियंका सांखला ने बताया कि धोखेबाज फेमस ब्रांड का हूबहू फर्जी अकाउंट और पेज सोशल मीडिया पर बनाते हैं। लोगों का विश्वास जीतने के लिए इन पर उस ब्रांड से जुड़ी न्यूज और लेटेस्ट अपडेट होती है। इनके व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे ऐप पर भी फर्जी अकाउंट्स और चैनल एक्टिव रहते हैं। ये टेलीकम्यूनिकेशन में उसी ब्रांड की वॉइस आइडेंटिफिकेशन को भी काम में लेते हैं। सोशल मीडिया पर कम समय में अधिक से अधिक लोगों के पास जानकारी फैलाई जा सकती है। प्रियंका ने बताया कि धोखेबाज सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके लोगों तक गलत कस्टमर केयर नंबर पहुंचाते हैं। लोगों को लगता है कि इन नंबरों पर उनकी समस्या का समाधान होगा, लेकिन उनके साथ स्कैम हो जाता है।

सीडीआरआई ने आईसीडीआरआई 2023 के 5वें संस्करण की घोषणा की

आईसीडीआरआई 2023 एक दो दिवसीय इंटरैक्टिव हाइब्रिड सम्मेलन है, जिसका आयोजन 4 - 5 अप्रैल 2023 को ताज पैलेस, नई दिल्ली, भारत में किया जा रहा है

नई दिल्ली, एजेंसी। द कोएलिशन फॉर डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) 4 से 5 अप्रैल 2023 को इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर के पांचवें संस्करण की मेजबानी करेगा। इस सम्मेलन का विषय है डिलीवरिंग रेजिलिएंट एंड इंक्लूसिव इंफ्रास्ट्रक्चर- पाथवे फॉर रिस्क-इनफॉर्म्ड सिस्टम्स, प्रैक्टिसेज एंड इनवेस्टमेंट्स।

दो दिवसीय हाइब्रिड सम्मेलन में आपदाओं और चरम जलवायु घटनाओं के बढ़ते जोखिम और प्रभाव के मद्देनजर बुनियादी ढांचे में लचीलेपन को एकीकृत करने, लोगों और समुदायों के लिए आवश्यक सेवाओं की पहुंच, वितरण और निरंतरता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर देने का प्रयास किया जायेगा।

आईसीडीआरआई 2023 का उद्देश्य सदस्य देशों, निजी क्षेत्र, संगठनों, संस्थानों, इंफ्रास्ट्रक्चर एक्टर्स और स्टेकहोल्डर्स को आपदा और क्लाइमेट-रेसिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर पर वैश्विक संवाद को मजबूत करने के लिए आमंत्रित करना है। सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न हितधारक समूहों में सेक्टर-व्यापी नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रथाओं में

रेजिलिएंट के सिद्धांतों को मुख्यधारा में लाने के लिए कार्रवाई योग्य समाधानों और कार्यों की खोज, साझा करने और पहचान करने पर होगा।

कोएलिशन ऑफ डिजास्टर रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) के महानिदेशक श्री अमित प्रोथी ने कहा कि, आईसीडीआरआई हमारा वार्षिक प्रमुख कार्यक्रम है और इसमें 20 से अधिक देशों के 90 से अधिक वैश्विक विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो 50 वैश्विक संगठनों, निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों का प्रतिनिधित्व करेंगे। आईसीडीआरआई का पांचवां संस्करण का उद्देश्य अधिक रेजिलिएंट दुनिया के लिए संभावित समाधानों को बढ़ाने और आपदा और जलवायु अनुकूलन उद्देश्यों को सुविधाजनक बनाने में मदद करने पर ध्यान केंद्रित करेगा है।

श्री कमल किशोर, सदस्य सचिव, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत और सीडीआरआई की कार्यकारी समिति के भारत सह-अध्यक्ष ने साझा किया, मैं तीन कारणों से आइसीडीआरआइ को लेकर उत्साहित हूं। सबसे पहले, हमारे पास महत्वपूर्ण बातचीत है, विशेष रूप से कई और हितधारक बोर्ड पर आ रहे हैं, विशेष रूप से निजी क्षेत्र और शिक्षा जगत से, दूसरी बात, हम समस्याओं को समझने से लेकर समाधानों की पहचान करने की ओर बढ़ रहे हैं, और तीसरा, आईसीडीआरआई हमें सीडीआरआई के काम के शुरुआती परिणामों को प्रदर्शित करने का अवसर देता है।

वीना रेड्डी, मिशन निदेशक, यूएसएआईडी/भारत और सीडीआरआई की कार्यकारी समिति की अमेरिकी सह-अध्यक्ष ने कहा, दुनिया की आबादी अपने स्वास्थ्य, ऊर्जा, यात्रा, संचार और भलाई के लिए जिस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर निर्भर है, वह प्राकृतिक खतरों और जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। वैश्विक समुदाय को शामिल करना ही एकमात्र तरीका है जिससे हम इस गंभीर समस्या से निपट सकते हैं। हमें उम्मीद है कि आईसीडीआरआई 2023 न केवल हमारे सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा, बल्कि दुनिया भर में सुरक्षित, समावेशी और आपदा-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे को उत्प्रेरित करने के लिए कार्रवाई को प्रेरित करेगा।

विमेंस प्रीमियर लीग के फाइनल में पहुँची मुंबई

● फाइनल में आज दिल्ली से मुकाबला [● इजाबेल वॉन्ग ने ली टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक, नैटली सीवर का दोहरा प्रदर्शन



72* रन | 38 बॉल | 189.47 स्ट्राइक रेट

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस ने विमेंस प्रीमियर लीग फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में यूपी वॉरियर्ज को एकतरफा मुकाबले में 72 रनों से हराया। मुंबई की इजाबेल वॉन्ग ने टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक ली। वहीं नैटली सीवर ने पहले बैटिंग और फिर बॉलिंग से बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। आज 26 मार्च को दिल्ली के साथ फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। शुक्रवार को टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने 4 विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 17.4 ओवर में 110 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

नैटली सीवर ने नाबाद 72 रन बनाए – पहली पारी में मुंबई से नैटली सीवर ने 38 बॉल में 72 रन की नाबाद पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 9 चौके और 2 छक्के भी लगाए। फिर गेंदबाजी में ग्रेस हैरिस का अहम विकेट लिया। इतना ही नहीं, उन्होंने लॉन्ग ऑन पर किरण नवगिरे का अहम कैच भी लिया।

यूपी से किरण नवगिरे ही टिक सकीं – अहम एलिमिनेटर मुकाबले में वॉरियर्ज की सभी टॉप बैटर फ्लॉप रहीं। एलिसा हीली 11, ताहलिया मैक्ग्रा 7, श्वेता सेहरावत एक, ग्रेस हैरिस 14 और दीप्ति शर्मा 16 रन ही बना सकीं। लेकिन किरण नवगिरे ने आक्रामक बैटिंग कर अपनी टीम को उम्मीद दी। हालांकि, वह 27 बॉल में 43 रन बनाकर आउट हो गईं। इस पारी में उन्होंने 3 छक्के और 4 चौके लगाए। नवगिरे के बाद सिमरन शेख और सोफी एक्लेस्टन लगातार गेंदों पर शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौट गईं। राजेश्वरी गायकवाड़ और अंजलि सर्वनी ने 5-5 रन बनाए और पार्श्वी चोपड़ा शून्य के स्कोर पर नाबाद लौटीं।

विमेंस प्रीमियर लीग की पहली हैट्रिक वॉन्ग के नाम – मुंबई की इजाबेल वॉन्ग ने विमेंस प्रीमियर लीग की पहली हैट्रिक ली। उन्होंने 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर किरण नवगिरे को कैच आउट कराया। फिर तीसरी बॉल पर सिमरन शेख और चौथी बॉल पर सोफी एक्लेस्टन को बोल्ड कर दिया। वॉन्ग ने पावरप्ले में एलिसा हीली को भी पवेलियन भेजा था। उन्होंने 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट के साथ अपना स्पेल खत्म किया। वॉन्ग के अलावा साइका इशाक को 2 विकेट मिले।

पावरप्ले में गंवाए 3 विकेट

183 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूपी की शुरुआत खराब रही। टीम ने 21 रन के स्कोर पर ही 3 विकेट गंवा दिए। श्वेता सेहरावत एक, ताहलिया मैक्ग्रा 7 और एलिसा हीली 11 रन बनाकर आउट हुईं। मुंबई से इजाबेल वॉन्ग और साइका इशाक को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुईं। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 46 रन बनाए।

यूपी से किरण नवगिरे ही टिक सकीं

अहम एलिमिनेटर मुकाबले में वॉरियर्ज की सभी टॉप बैटर फ्लॉप रहीं। एलिसा हीली 11, ताहलिया मैक्ग्रा 7, श्वेता सेहरावत एक, ग्रेस हैरिस 14 और दीप्ति शर्मा 16 रन ही बना सकीं। लेकिन किरण नवगिरे ने आक्रामक बैटिंग कर अपनी टीम को उम्मीद दी। हालांकि, वह 27 बॉल में 43 रन बनाकर आउट हो गईं। इस पारी में उन्होंने 3 छक्के और 4 चौके लगाए। नवगिरे के बाद सिमरन शेख और सोफी एक्लेस्टन लगातार गेंदों पर शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौट गईं। राजेश्वरी गायकवाड़ और अंजलि सर्वनी ने 5-5 रन बनाए और पार्श्वी चोपड़ा शून्य के स्कोर पर नाबाद लौटीं।

महिला आईपीएल की पहली हैट्रिक वॉन्ग के नाम

मुंबई की इजाबेल वॉन्ग ने विमेंस प्रीमियर लीग की पहली हैट्रिक ली। उन्होंने 13वें ओवर की दूसरी बॉल पर किरण नवगिरे को कैच आउट कराया। फिर तीसरी बॉल पर सिमरन शेख और चौथी बॉल पर सोफी एक्लेस्टन को बोल्ड कर दिया। वॉन्ग ने पावरप्ले में एलिसा हीली को भी पवेलियन भेजा था। उन्होंने 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट के साथ अपना स्पेल खत्म किया।

पावरप्ले में गंवाए 3 विकेट

183 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूपी की शुरुआत खराब रही। टीम ने 21 रन के स्कोर पर ही 3 विकेट गंवा दिए। श्वेता सेहरावत एक, ताहलिया मैक्ग्रा 7 और एलिसा हीली 11 रन बनाकर आउट हुईं। मुंबई से इजाबेल वॉन्ग और साइका इशाक को एक-एक विकेट मिला। एक बैटर रनआउट हुईं। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 46 रन बनाए।

मैथ्यूज, केर ने खेलीं उपयोगी पारियां

मुंबई से नैटली सीवर के 72 रन के अलावा अमीलिया केर ने 19 बॉल पर 29 रन बनाए। वहीं हेली मैथ्यूज ने 26, यस्तिका भाटिया ने 21 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 14 रन बनाए। पूजा वस्त्राकर 3 बॉल में 11 रन बनाकर नाबाद रहीं। यूपी से एक्लेस्टन के अलावा अंजलि सर्वनी और पार्श्वी चोपड़ा को एक-एक विकेट मिला।

पावरप्ले में अंजलि ने दिलाई सफलता

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडयंस को विकेटकीपर यस्तिका भाटिया ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने शुरुआत से ही अपने शॉट्स खेले, लेकिन पांचवें ओवर में वह अंजलि सर्वनी की बॉल पर कैच आउट हो गईं। उन्होंने 18 बॉल पर 21 रन बनाए। पावरप्ले के 6 ओवरों में मुंबई ने एक विकेट खोकर 46 रन बनाए।

श्रीलंकाई टीम की दुर्गति जारी

लगातार दूसरे वनडे में 80 रनों के अंदर सिमटी पारी, मिली बड़ी हार

कोई भी बल्लेबाज नहीं पार कर पाया 20 का आंकड़ा

ऑकलैंड (एजेंसी)। हैरी शिपले ने 31 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने पहले वनडे मैच में शनिवार को श्रीलंका को 198 रन से करारी शिकस्त दी। न्यूजीलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 274 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंका की टीम 19.5 ओवर में 76 रन पर ढेर हो गई। श्रीलंका का यह न्यूजीलैंड के खिलाफ न्यूनतम स्कोर है। यह वनडे में उसका कुल पांचवां न्यूनतम स्कोर है। श्रीलंका ने अपना पिछला वनडे जनवरी में भारत के खिलाफ खेला था। उसमें टीम 73 रनों पर आउट हो गई थी।

न्यूजीलैंड की घातक बॉलिंग – श्रीलंका ने अपने पहले दो विकेट 14 रन के स्कोर पर गंवाये। जब उसका स्कोर 20 रन था तो उसने तीसरा विकेट गंवा दिया। इसके बाद 31 रन के स्कोर पर उसके दो विकेट गिरे। इस तरह से उसकी आधी टीम पहले 10 ओवर के अंदर ही पवेलियन लौट गई। श्रीलंका के केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें एंजेलो मैथ्यूज ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से शिपले के अलावा ब्लेयर टिकनर और डेरिल मिशेल ने दो-दो विकेट लिये।

● **कीवी बल्लेबाज भी नहीं खेल पाए बड़ी पारी** – इससे पहले न्यूजीलैंड ने 274 रन बनाए लेकिन ईडन पार्क पर उसका यह स्कोर बड़ा नहीं लग रहा था। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने सर्वाधिक 51 रन बनाए जबकि रचिन रविंद्र ने अपने पदार्पण पर ही 49 रन की उपयोगी पारी खेली। इनके अलावा डेरिल मिशेल ने 47 और ग्लेन फिलिप्स ने 39 रन का योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से चमिका करुणारत्ने ने 43 रन देकर चार जबकि कासुन रजिता और लहिरु कुमारा ने दो-दो विकेट हासिल किए। श्रीलंका को इस साल के आखिर में भारत में होने वाले वनडे विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करने के लिए वर्तमान सीरीज के तीनों मैचों में जीत की जरूरत थी। न्यूजीलैंड पहले ही विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुका है। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा मैच मंगलवार को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। तीसरा और अंतिम मैच शुक्रवार को हैमिल्टन में होगा। इसके बाद दोनों टीम तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। न्यूजीलैंड ने इससे पहले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-0 से जीत दर्ज की थी।

यह आईपीएल पृथ्वी शॉ का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा : रिकी पोंटिंग

नईदिल्ली (एजेंसी)। पृथ्वी शॉ सबसे तेजतर्रार बल्लेबाजों में से एक है और यह निश्चित रूप से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे रोमांचक सलामी बल्लेबाजों में से एक बनाता है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग पृथ्वी शॉ से प्रभावित दिख रहे हैं। पोंटिंग ने शॉ को रनों के लिए भूखा पाया और कहा वह न केवल अपने खेल पर बल्कि अपनी फिटनेस पर भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने कहा कि यह आईपीएल सीजन उनका अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा।

शॉ ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए अब तक पांच आईपीएल संस्करणों में भाग लिया है जिससे सीजन 2021 उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ। उन्होंने 159.14 के स्ट्राइक रेट सहित 31.93 की औसत से 479 रन बनाए। पोंटिंग ने कहा, यह अच्छी तरह से प्रलेखित है कि मेरे पास शुरुआत में कुछ मुद्दे थे, लेकिन यह सिर्फ अपने आप के प्रति सच्चे होने और सर्वश्रेष्ठ बनने की इच्छा रखने के बारे में है। पोंटिंग ने कहा, एक बात जो मैं हमेशा अपने खिलाड़ियों से कहता हूं, वह यह है कि मुझे आलस्य पसंद नहीं है और मुझे यह पसंद नहीं है कि लोग अपनी प्रतिभा का उपयोग नहीं कर रहे हैं। मैं हमेशा यही कहता हूं। पोंटिंग ने कहा, और इसलिए एक कोच के रूप में यह मेरा काम है। अगर मैं देख सकता हूं कि लोग उतनी मेहनत नहीं कर रहे हैं जितनी उन्हें करनी चाहिए, वे उनमें से अधिकतर नहीं प्राप्त कर रहे हैं, तो यह मेरे ऊपर है कि मैं कोशिश करूं और इसे बदलूं। इसलिए तुम्हें पता है, मुझे ऐसा लगता है कि इस सीजन में पृथ्वी ने में वास्तव में कुछ क्लिक किया गया है। वह पहले से कहीं बेहतर स्थान पर लगता है।

आईपीएल के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज, लिस्ट में एक विदेशी शामिल

नईदिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 16वां सीजन 31 मार्च (शनिवार), 2023 को गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स (जीटी) और चार बार के चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाला है। इस लीग ने खुद को विश्व क्रिकेट में सबसे लोकप्रिय टूर्नामेंटों में से एक के रूप में स्थापित किया है। आईपीएल के अब तक के इतिहास में, कुछ बल्लेबाजों ने साबित कर दिया है कि वे वर्षों से लगातार प्रदर्शन करके बाकी खिलाड़ियों से ऊपर हैं। वहीं आज हम उन टॉप-5 बल्लेबाजों का जिक्र करेंगे, जिनके नाम आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन दर्ज हैं। खास बात यह है कि सिर्फ एक ही विदेशी बल्लेबाज लिस्ट में शामिल है।

सुरेश रैना

मिस्टर आईपीएल के नाम से मशहूर सुरेश रैना ने टूर्नामेंट की शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन करके नाम कमाया है। वह 200 पारियों में 32.51 के औसत और 136.73 के स्ट्राइक रेट से 5528 रन के साथ चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। पिछले वर्षों में आईपीएल में अपने शानदार रिकॉर्ड के बावजूद, वह आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में बिना बिके रह गए। इससे पहले नीलामी से पहले, सीएसके ने बाएं हाथ के बल्लेबाज को बरकरार नहीं रखने का फैसला किया था।

रोहित शर्मा

कप्तान के रूप में 5 आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाले रोहित शर्मा ने बल्लेबाज के रूप में भी अच्छी वापसी की है। उन्होंने लीग में खेली गई 222 पारियों में 30.30 के औसत और 129.89 के स्ट्राइक रेट से 5879 रन बनाए हैं, जो आईपीएल इतिहास में चौथा सबसे बड़ा स्कोर है। इसमें उनका उच्चतम स्कोर 109 * होने के साथ 1 शतक 40 अर्धशतक शामिल हैं। वह 2019 से मुंबई इंडियंस के लिए ओपनिंग कर रहे हैं और इस साल भी वही भूमिका निभाने की उम्मीद है।

डेविड वार्नर

सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व कप्तान, डेविड वार्नर आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों में सबसे अधिक रन बनाने वाले और रिकॉर्ड में तीसरे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह पिछले 2022 संस्करण में रोहित शर्मा के 5879 रनों के आंकड़े से आगे निकल गए थे। उन्होंने 162 पारियों में 42 की औसत और 140.69 की स्ट्राइक रेट से 5881 रन बनाए हैं। उन्होंने लीग में अब तक 4 शतक और 55 अर्धशतक जड़े हैं। वार्नर को उनकी बल्लेबाजी क्षमता के लिए जाना जाता है और उन्होंने तीन अलग-अलग सत्रों - 2015, 2017 और 2019 में आईपीएल ऑरेंज कैप जीती है।

शिखर धवन

भारतीय वनडे सलामी बल्लेबाज शिखर धवन आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उनके नाम 35.07 की औसत और 126.34 की स्ट्राइक रेट से 6244 रन हैं। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले दो-तीन सत्रों में महत्वपूर्ण साबित हुए थे। इससे पहले डेविड वॉर्नर के साथ सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ओपनिंग करते हुए उन्होंने उपयोगी योगदान दिया था।

विराट कोहली

2013 से 2021 तक बैंगलोर फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने वाले पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली लीग के सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में से एक हैं। विराट कोहली ने 215 पारियों में 36.19 के औसत और 129.14 के स्ट्राइक रेट से 6624 रन बनाए हैं। उन्होंने लीग में अब तक 5 शतक, 44 अर्धशतक लगाए हैं। इनमें से 4 शतक 2016 के सीजन में आए थे जहां उन्होंने रिकॉर्ड 973 रन बनाए थे।

'रोटी के साथ खा रहे थे बटर चिकन और फिर लगाए गगनचुंबी छक्के'

रैना ने धोनी के साथ पहली मुलाकात को किया याद

चेन्नई (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च को गुजरात टाइट्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मैच से होने जा रहा है और इस आईपीएल सीजन के शुरूआती मैच से ही सभी प्रशंसकों की निगाहें सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर रहने वाली है, क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि यह उनका आखिरी आईपीएल सीजन होगा। धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत को तीन आईसीसी खिताबों के साथ-साथ आईपीएल में सीएसके को चार बार चैंपियन बनाकर अपनी कप्तानी का वर्चस्व बनाए रखा है। साल 2004 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने से पहले ही धोनी ने क्रिकेट में अपनी एक अलग छाप छोड़ दी थी और इसी के बारे में भारतीय टीम और सीएसके टीम में धोनी के साथी सुरेश रैना ने खुलासा किया है। रैना ने एक शो 'माई टाइम विद धोनी' में दिग्गज क्रिकेटर के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए कई खुलासे किए हैं। रैना घरेलू क्रिकेट में सेंट्रल जोन की तरफ से खेलते थे, जबकि धोनी पूर्वी जोन के लिए खेलते थे। रैना ने घरेलू क्रिकेट के एक मैच के दौरान धोनी को पहली बार देखा था और उन्होंने उस वक्त पहली बार धोनी की अविश्वसनीय पावर हिटिंग को देखा था। रैना ने धोनी के साथ उस मुलाकात को याद करते हुए कहा, हम झारखंड के लंबे बालों वाले खिलाड़ी के बारे में बहुत कुछ सुन रहे थे, जो लगातार मैदान के बाहर हिट करने के लिए मशहूर था। एक दिन, हम सब घूम रहे थे, जबकि धोनी भाई चुपचाप एक कोने में अपनी रोटी और बटर चिकन खा रहे थे। ज्ञानू भाई (ज्ञानेंद्र पांडे) ने उन्हें देखा और कहा, %मुझे नहीं लगता कि वह हमें मैच में कोई नुकसान पहुँचाने वाला है। वह अपने भोजन का आनंद ले रहा है। उसे ऐसा करने दो।

अफगानिस्तान से हार के बाद भड़का पूर्व पाक बल्लेबाज, शादाब खान की जमकर खिंचाई की

शारजाह (एजेंसी)। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार 24 मार्च को अफगानिस्तान के खिलाफ अपना पहला टी20 मैच 6 विकेट से हारने के बाद पूर्व बल्लेबाज सलमान बट ने शादाब खान पर जमकर निशाना साधा। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद पाकिस्तान ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 92 रन बनाए जिसके बाद अफगानिस्तान ने मोहम्मद नबी की पारी की बदौलत 17.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

बट ने कहा कि स्पिन-गेंदबाजी के लिए बनाई गई पिच पर चार तेज गेंदबाजों इहसानुल्लाह, ज़मान खान, फहीम अशरफ और नसीम शाह को खेलने के बाद शादाब बिल्कुल पता नहीं था। बट ने कहा, पिच धीमी गेंदबाजी के लिए अनुकूल थी। इतना क्रिकेट खेलने के बावजूद शादाब अपने तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी कर रहे हैं और खुद भी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं। नजीब जादरान जब बल्लेबाजी करने आए तो उनके लिए कोई स्लिप नहीं थी।

इहसानुल्लाह ने शुक्रवार को टी20 में पदार्पण किया और पहले ही ओवर में दो विकेट चटकाए। बट ने माना कि शादाब को उस समय अपने फील्ड प्लेसमेंट के साथ थोड़ा



और समझदार होना चाहिए था। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के बल्लेबाज इहसानुल्लाह के खिलाफ संघर्ष कर रहे थे, लेकिन शादाब ने क्षेत्ररक्षकों को सीमा पर रखा था। आपने इस पिच पर बल्लेबाजी के लिए जिस पिच को चुना है, उसके बारे में आपका क्या पढ़ना है? इसका मतलब है कि आपके पास कोई सुराग नहीं है।

बट ने कहा, आप इस पिच पर चार तेज गेंदबाजों के साथ गए थे, आप पर्थ में नहीं खेल रहे थे। हार के साथ पाकिस्तान भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार अफगानों से हार गया। सीरीज का दूसरा और आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय रविवार 26 मार्च को होगा।

आईपीएल 2023: मावी ने मुख्य कोच आशीष नेहरा की तारीफ की, पांड्या की कप्तानी पर दिया बयान

अहमदाबाद (एजेंसी)। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शिवम मावी ने एक मुक्त वातावरण बनाए रखने के प्रयास के लिए मुख्य कोच आशीष नेहरा की सराहना की जो खिलाड़ियों को उनकी क्षमताओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सक्षम बनाता है। मावी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सत्र में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलेंगे। आईपीएल के दो सत्रों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के गेंदबाजी कोच के रूप में काम करने के बाद नेहरा 2022 में टाइटंस के मुख्य कोच बने और टीम को पहली बार में खिताब दिलाने में सहायता की। गुजरात टाइटन्स 31 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2023 अभियान की शुरुआत करेगी। मावी ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो वह बहुत महान हैं। वह हमेशा हमें स्वतंत्र छोड़ देते है और कहते है कि यह आपके ऊपर है कि आपको जमीन पर आना होगा और समय का उपयोग करना होगा। लेकिन अगर आप आराम करना चाहते हैं, तो इसके लिए पूछें। उन्हें पसंद है आपके जैसे अच्छे दोस्त को कुछ चाहिए, तो इसके बारे में मुझसे बात करें या अगर आप मैदान में आ रहे हैं, तो बहुत अच्छे से काम करें।

मावी ने कहा, कभी-कभी खिलाड़ियों को लगता है कि मैं मैदान पर अभ्यास करने के लिए बहुत

अच्छा महसूस नहीं कर रहा हूं, लेकिन वह बोझ नहीं डालते। जैसा कि यहां हर कोई पेशेवर है, वह भी इस बात को समझते है क्योंकि वह भी बहुत क्रिकेट खेले हैं और इन चीजों से अवगत है। इसलिए वह हमेशा एक स्वतंत्र वातावरण रखने की कोशिश करते है और खिलाड़ियों पर किसी भी चीज का कोई बोझ नहीं है ताकि वे बहुत अच्छा खेल सकें।

मावी ने पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए आईपीएल के चार सीजन खेले थे, को भी लगता है कि हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में खेलने से उन्हें फायदा होगा। इस साल की शुरुआत में मावी ने पांड्या की कप्तानी में भारत के लिए अपना टी20 डेब्यू किया और मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में चार विकेट लिए। अब तक, मावी ने भारत के लिए छह टी20 मैचों में 8.78 की इकॉनमी रेट से सात विकेट लिए हैं।

उन्होंने कहा, मैंने वहां भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया, जहां हार्दिक भाई कप्तान थे। अब मुझे यहां खेलने का मौका मिल रहा है, जो कि एक नई टीम है। मैं गुजरात टाइटन्स के लिए खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। हार्दिक भाई बहुत मददगार हैं और यह बहुत अच्छा होने वाला है। गुजरात टाइटंस के लिए खेलना मेरे लिए फायदेमंद है। जब मैं पहली बार भारतीय टीम में उनके नेतृत्व में खेला, तो वह सहायक थे जो कप्तान के रूप में एक खिलाड़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, प्रबंधन के साथ-साथ टीम में एक अच्छा माहौल बनाने के लिए जिम्मेदार है।

भारत पुणे में श्रीलंका से दूसरा टी20 मैच 16 रन से हार गया था लेकिन मावी ने 15 गेंद में 26 रन बनाकर दो चौके और इतने ही छक्के जड़कर तारीफ बटोरी। 24 वर्षीय मावी ने कहा कि वह अपने हिटिंग कौशल पर कड़ी मेहनत कर रहे थे, कुछ ऐसा जो वह पहले नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, पिछले दो वर्षों में बल्लेबाजी बहुत महत्वपूर्ण हो गई है, चाहे आप फ्रेंचाइजी, देश या घरेलू क्रिकेट में खेल रहे हों। अंत में यदि आप दो-तीन छक्के मारते हैं तो यह आपकी टीम के लिए बहुत अच्छा है।

संक्षिप्त समाचार

फरीदाबाद में ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली ने मोटरसाइकिल सवार को कुचला, मौके पर मौत

फरीदाबाद, एजेंसी। फरीदाबाद में शुक्रवार की रात मोहना रोड पर ग्राम फफूंड़ा के पास ईटों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली ने एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृत व्यक्ति की पहचान ग्राम पन्हैडा खुर्द निवासी शेर सिंह के रूप में हुई है। आरोपी ट्रैक्टर चालक वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया। ईटों से भरे ट्रैक्टर टक्कर लगने से मोटरसाइकिल भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। 15 दिन के अंदर ईटों से भरे ट्रैक्टर -ट्राली से कुचलने के कारण गांव के व्यक्ति की ये दूसरी मौत है। 14 मार्च को गांव के ही निवासी हरकेश के 12 वर्षीय पुत्र यश को ईटों से भरे ट्रैक्टर -ट्राली ने कुचल दिया था। शेर सिंह की मौत की खबर सुनकर ग्रामीणों ने रात को ही मौके पर जाम लगा दिया। मौसम खराब होने के कारण थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची तो गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस के साथ अभद्रता कर दी, लेकिन बाद में पुलिस ने करीब रात 12 बजे ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल के शव गृह के लिए भेज दिया। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है।

करीमगंज में छात्रा की हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार, घर के बाहर पड़ी मिली पुलिस को लाश

करीमगंज, एजेंसी। असम पुलिस ने करीमगंज जिले में 12वीं कक्षा की छात्रा की हत्या के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, घटना शुक्रवार को करीमगंज जिले के कालीगंज डल्फा गांव में हुई थी। पीड़िता की पहचान मोनोवारा बेगम के रूप में हुई है। करीमगंज जिले के पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने कहा कि आरोपी व्यक्ति के घर के सामने शव पड़ा हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास ने कहा जब हमें घटना की जानकारी मिली तो पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। इसी दौरान पुलिस को जबीर अहमद के घर के सामने एक शव पड़ा मिला। एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान के अनुसार, पुलिस ने आरोपी जबीर अहमद को पकड़ लिया है और आरोपी व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल किए गए चाकू का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी है। फिलहाल आरोपी जबीर अहमद ने छात्रा की हत्या को क्यों अंजाम दिया। इसका अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस अपराध के पीछे के कारणों का पता लगा रही है। साथ ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

गुरुग्राम में मॉक ड्रिल बनी मजाक, एक-दूसरे का इंतजार करते रहे कर्मी

गुरुग्राम/फरीदाबाद, एजेंसी। बीते दिनों दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप को ध्यान में रखते हुए आज दिल्ली–एनसीआर के कई जिलों को चिन्हित कर मल्टी स्टेट मॉक ड्रिल की जा रही है। इसी मल्टी स्टेट मॉक ड्रिल के दौरान शुक्रवार को हरियाणा के पांच जिलों में भूकंप राहत बचाव के कार्यों को ध्यान में रखते हुए मॉक ड्रिल का अभ्यास किया जा रहा है, जहां सुरक्षाकर्मियों की टीम पूरी तन्मयता से अभ्यास करती हुई नजर आ रही हैं। वहीं, जानकारी आ रही है कि गुरुग्राम के सेक्टर दस के अस्पताल में सुबह 9 बजे मॉक ड्रिल शुरू होने थी, लेकिन जिला प्रशासन की लापरवही के चलते वहां डेढ़ घंटे के बाद भी वहां बचाव कार्य को शुरू नहीं किया जा सका। साथ ही टीम का इंतजार करते हुए पुलिस टीम और स्टाफ इधर-उधर बैठे नजर आ रहे हैं। गुरुग्राम जिले में पांच जगहों पर प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए अभ्यास किया जा रहा है, जहां कर्मी घायल लोगों को घटना स्थल से निकाल कर अस्पताल पहुंचा रहे हैं। साथ ही सुरक्षा कर्मचारी अलर्ट भी जारी कर रहे हैं, जिससे घटना स्थल पर मौजूद लोगों को आपदा में होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। आपको बता दें कि गुरुग्राम सहित हरियाणा के झज्जर, सोनीपत, फरीदाबाद और दिल्ली-एनसीआर के कई जिलों को चिन्हित कर मल्टी स्टेट मॉक ड्रिल की जा रही है।

गुरुग्राम में वन्यजीव अधिकारियों को तेंदुए का कंकाल मिला, मौत के कारण का लगाया जा रहा पता

गुरुग्राम, एजेंसी। गुरुग्राम के बंधवारी लैंडफिल से करीब 3 किमी दूर एक तेंदुए का कंकाल मिला है। वन अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि कंकाल से जानवर के लिंग का निर्धारण करना बहुत मुश्किल है, जो कि है माना जाता है कि यह एक महीने पुराना है और वन्यजीव अधिकारियों ने इसे हिरासत में ले लिया है। अधिकारियों ने लैंडफिल साइट से रिसाव के कारण जहरीले पानी का सेवन करने वाले जानवरों की मौत और अवैध शिकार की संभावना से भी इनकार किया। मृत्यु के सटीक कारण का पता लगाने के लिए आयोजित किया जाना चाहिए। एक अधिकारी ने कहा कि संदेह है कि जिस स्थिति में शरीर पाया गया था, उसके कारण यह एक प्राकृतिक मौत हो सकती है, यह ऐसा है जैसे जानवर पड़ा हुआ था और बुढ़ापे के कारण उठ नहीं सका और मर गया। जिला वन्यजीव निरीक्षक राजेश चहल ने कहा कि वे सभी संभावित कोणों से मामले की जांच कर रहे हैं। शव बंधवारी लैंडफिल साइट से काफी दूर मिला था। उन्होंने कहा कि लैंडफिल साइट और जिस स्थान पर शव मिला था, उसके बीच कई स्वच्छ जल निकाय स्थित हैं और उनकी भी जांच की जाएगी।

पत्नी की एमसीडी में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगे 3.50 लाख रुपये

नोएडा, एजेंसी। पत्नी की नौकरी लगवाने के नाम पर जालसाज ने एक व्यक्ति के साथ तीन लाख 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर उसे दबोच लिया। पुलिस को दी शिकायत में विपिन कुमार ने बताया कि उसका मदर डेयरी का काम है। बीटा टू कोतवाली क्षेत्र का नरेश पाल मदर डेयरी पर आता रहता था। नरेश ने विपिन से बताया कि वह एमसीडी में नौकरी करता है और कई लोगों की वहां नौकरी लगवा भी चुका है। झांसे में आने के बाद विपिन ने नरेश से अपनी पत्नी की नौकरी एमसीडी में लगवाने की बात कही।

घरेलू यात्रियों की संख्या को देख भविष्य के लिए तैयार हो रहा टी-1, साल के अंत तक पूरी तरह बनकर होगा तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी।
इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों की सलाना आवाजाही इस दशक के अंत तक बढ़कर 14 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस तादाद में करीब करीब दो तिहाई हिस्सा घरेलू यात्रियों का होगा। कुछ समय पहले सर्वे आधारित इस अनुमान की तस्दीक इन दिनों एयरपोर्ट पर घरेलू यात्रियों की आवाजाही के रुझान से भी होती है।

घरेलू यात्रियों में बढ़ोतरी हर महीने देखी जा रही है। एयरपोर्ट संचालन से जुड़ी एजेंसी डायल ने इस रुझान के आधार पर दीर्घावधि योजना पर काफी पहले तैयारी शुरू कर दी थी। योजना के मुताबिक टर्मिनल 1 के टर्मिनल व एयरसाइड में सुविधाओं के विस्तार का कार्य जोर से चल रहा है। संभावना है कि इस वर्ष के अंत तक टर्मिनल 1 पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा।

अभी टर्मिनल 1 के निर्माण का कार्य चल रहा है। नए टर्मिनल की इमारत के आगमन का हिस्सा अभी बनकर तैयार हुआ है। प्रस्थान के लिए अभी भी टर्मिनल की पुरानी इमारत का इस्तेमाल किया जा रहा है।

दोनों हिस्से के बीच काफी दूरी है। यात्रियों को एक हिस्से से दूसरे हिस्से जाने के लिए अभी डायल की ओर से बस सेवा उपलब्ध कराई जाती है। इसमें यात्रियों को काफी दिक्कत होती है, लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद आगमन व प्रस्थान का कार्य एकीकृत इमारत से होगा। यह टर्मिनल 3 की तरह होगा, जहां उपर प्रस्थान व नीचे के हिस्से में आगमन की सुविधा है। करीब 1.70 लाख वर्ग मीटर में यह एकीकृत टर्मिनल फैला होगा। डायल का कहना है कि एकीकृत टर्मिनल के निर्माण के बाद घरेलू उड़ानों का संचालन टर्मिनल 1 से ही किया जाएगा।

विस्तार के बाद इस टर्मिनल पर यात्रियों की आवाजाही की क्षमता सलाना करीब 4 करोड़ तक पहुंच जाएगी। अभी यहां से करीब दो करोड़ यात्रियों की सलाना आवाजाही हो रही है। अभी घरेलू उड़ानें टर्मिनल एक के अलावा दो से तीन से भी संचालित हो रही हैं। लेकिन टर्मिनल एक के पूरी तरह बनने के बाद टर्मिनल 3 को पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए आरक्षित कर दिया जाएगा।

टर्मिनल 1 की इमारत के साथ यहां सुविधाओं के विस्तार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। घरेलू यात्रियों की संख्या जब बढ़ेगी तब निश्चित तौर पर विमानों की आवाजाही में भी बढ़ोतरी होगी। इसे देखते हुए एयर साइड में विमानों के खड़े होने के लिए स्मार्ट एप्रन बनाए जा रहे हैं। एप्रन में करीब 82 विमानों के खड़े होने की जगह उपलब्ध होगी। यहां प्रवेश द्वार की संख्या को 8 से बढ़ाकर 13 करने की योजना है। विमान से उतरने के बाद यात्रियों को अपने बैगेज के लिए ज्यादा समय तक न रुकना पड़े, इसके लिए बैगेज बेल्ट की संख्या बढ़ाई जा रही है। ये बेल्ट पहले से अधिक बड़े होंगे। देश में नए नए एयरपोर्ट का विकास किया जा रहा है। इससे कई नए वायु मार्ग बने हैं। एयलाइंस भी नए नए जहाज खरीद कर अपनी फ्लीट का आकार बढ़ा रही है। देश की राजधानी होने के कारण सभी एयरलाइंस वाले नई दिल्ली के लिए सभी शहरों से एक सीधी उड़ान चाहते हैं। अधिकांश एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए सीधी उड़ान की सुविधा उपलब्ध भी है।

बुजुर्ग दंपति की हत्या के 10 साल पुराने मामले में आरोपी को सजा-ए-मौत, दो लाख का जुर्माना भी लगा

तिरुवनन्तपुरम, एजेंसी।
केरल में कोट्टयम की एक स्थानीय अदालत ने 2013 में की गई बुजुर्ग दंपति की हत्या में दोषी पाए जाने पर 39 साल के एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई है।

कोट्टयम की स्थानीय अदालत के न्यायाधीश जे नासिर ने कोट्टायम में मणिमाला के पास पझायिडोम के मूल निवासी अरुण ससी को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं,उस पर दो लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया गया है। साल 2013 में अरुण ससी ने अपने रिश्तेदार थंकम्मा (68) और उसके पति भास्करन नायर (71) की लूट के इरादे से हत्या कर दी थी। इस मामले में अदालत ने मौत की सजा सुनाते हुए कहा कि दोषी को बुजुर्ग दंपति की रक्षा करनी थी क्योंकि उनकी बेटियां विदेश में थीं। लेकिन उसने एक नृशंस हत्या की जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

2 लाख रुपए के जुर्माने के संग सजा-ए-मौत: स्थानीय अदालत ने दोषी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।साथ ही उसे लूटपाट के लिए घातक हथियार का इस्तेमाल करने और मौत की सजा के अपराध को अंजाम देने के लिए घर में घुसने के लिए क्रमशः सात और पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल यह घटना 28 सितंबर 2013 की है।

अरुण ससी ने पैसों के लालच के चलते पझायिडोम में एक सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी अधीक्षक भास्करन और एक सेवानिवृत्त केएसईबी अधिकारी थंकम्मा की सिर पर हथौड़े से वार कर हत्या कर दी थी। बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या करने के चलते आरोपी अरुण ससी को आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 449 (अतिचार) और 397 (डकैती) के तहत मौत की सजा सुनाई गई है।

अदालत ने दोषी के लिए अधिकतम सजा की अभियोजन पक्ष की मांग को स्वीकार कर लिया और उसे जुर्माने के साथ मौत की सजा सुना दी गई। अरुण ससी ने 2013 में अपने ही रिश्तेदारों की हत्या कर दी। वह दंपति का विश्वासपात्र था। हत्या के इरादे से उसने दंपत्ति पर घातक हथियार से हमला किया था।

एसटीएफ के हत्थे चढ़ा कासन हत्याकांड का आरोपित

गुरुग्राम, एजेंसी।
बहुचर्चित कासन हत्याकांड में संलिप्त एक अन्य आरोपित मनीष को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने शुक्रवार को भिवानी से दबोच कर गुरुग्राम पुलिस के हवाले कर दिया। उसके ऊपर 35 हजार रुपये का इनाम घोषित था। हत्याकांड के बाद से फरार चल रहा था। भिवानी में भी उसके विरुद्ध हत्या के प्रयास का एक मामला दर्ज है।

अक्टूबर 2021 में तोशाम इलाके में लूट और हत्या का प्रयास किया था। वह मूल रूप से भिवानी जिले के ही गांव कैरू का रहने वाला है। उसे शनिवार दोपहर अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने का प्रयास गुरुग्राम पुलिस करेगी। कासन हत्याकांड में पहले तीन शूटर सहित 12 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

वर्ष 2021 में दीपावली की रात हथियारबंद पांच-छह बदमाशों ने गांव कासन के पूर्व सरपंच स्व. गोपाल सिंह चौहान के बेटे बलराम सिंह चौहान, सोनू सिंह चौहान, रिश्तेदार राजेश सिंह, विकास सिंह और प्रवीण सिंह के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग की थी। एक गोली बलराम सिंह चौहान के बेटे यश के हाथ को छूती हुई निकल गई थी। इनमें से विकास सिंह, सोनू सिंह चौहान, प्रवीण सिंह और बलराम सिंह चौहान की मौत हो गई थी। हत्याकांड का मुख्य आरोपित गांव कासन का ही रहने वाला गैंगस्टर रिंकू सिंह है। उसके भाई मनोज की हत्या वर्ष 2007 में होली के दिन गोली मारकर कर दी गई थी।

इस मामले में बलराम सिंह चौहान और सोनू सिंह चौहान को उम्रकैद की सजा हो रखी थी। दोनों पैरोल पर बाहर आए हुए थे। रिंकू सिंह वर्षों से बदला लेने की फिराक में था। मौका मिलते ही उसने दीपावली की रात अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। रिंकू सिंह आज तक पकड़ से बाहर है।

टाइगर प्रोजेक्ट के 50 साल पूरे होने पर जुटेंगे टाइगर रेंज में शामिल सभी देश, प्रधानमंत्री मोदी भी लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी।
अप्रैल में टाइगर प्रोजेक्ट के पचास साल और एलीफैंट प्रोजेक्ट के तीस साल पूरे होने के मौके पर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय दोनों ही प्रोजेक्ट की सफलता को बड़े भव्य तरीके से मनाने की तैयारी में है। इस दौरान टाइगर प्रोजेक्ट से जुड़ा जश्न नौ से 11 अप्रैल के बीच मैसूर में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री भी शामिल होंगे। साथ ही टाइगर रेंज में शामिल सभी 13 देशों के वन एवं पर्यावरण मंत्री और प्रतिनिधि भी रहेंगे। जबकि एलीफेंड प्रोजेक्ट को लेकर आयोजन काजीरंगा (असम) में सात और आठ अप्रैल को होगा, जिसमें राष्ट्रपति हिस्सा लेंगी। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा में यह जानकारी दी।

टाइगर प्रोजेक्ट को लेकर तैयार किया जाएगा रोडमैप: साथ ही यह भी बताया कि इस मौके पर प्रधानमंत्री टाइगर की गणना रिपोर्ट भी जारी करेंगे। इस दौरान दुनियाभर के देशों को टाइगर प्रोजेक्ट की सफल पहलों से भी अवगत कराया जाएगा। साथ ही इस दिशा में और क्या किया जा सकता है इस दिशा में एक रोड़ मैप तैयार किया जाएगा। वहीं कांजीरंग में आयोजित एलीफैंड प्रोजेक्ट से जुड़े कार्यक्रम में भी सभी हितधारकों के साथ मिलकर हाथियों के बेहतर रखरखाव के मुद्दे पर मंथन होगा। देश में टाइगर प्रोजेक्ट की शुरूआत 1973 में हुई थी। जबकि एलीफैंड प्रोजेक्ट को वर्ष 1992 में लॉन्च हुआ था।

कंबोडिया को भारत देगा टाइगर: टाइगर संरक्षण की मुहिम को देश के साथ अब टाइगर रेंज में शामिल दूसरे देशों में विस्तार देने की तैयारी है। इस दिशा में जो बड़ा कदम उठाया जा रहा है, उसमें भारत की ओर से कंबोडिया को कुछ टाइगर दिए जा सकते है। इसके साथ ही उसे टाइगर संरक्षण में भी मदद दी जाएगी। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक इस संबंध में दोनों देशों के बीच हाल ही में एक समझौता भी हुआ है। जिसके बाद भारतीय विशेषज्ञों के दल ने कंबोडिया का दौरा किया और टाइगर रखने से जुड़ी उनकी तैयारियों को देखा है।

राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने पर अमेरिकी सांसद रो खन्ना दुखी

वाशिंगटन, एजेंसी।
अमेरिका में भारतीय मूल के प्रभावशाली सांसद रो खन्ना ने कहा कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा से अयोग्यता गांधीवादी दर्शन और भारत के गहरे मूल्यों के साथ गहरा विश्वासघात है। रो खन्ना ने ट्वीट कर कहा, यह वह नहीं है, जिसके लिए मेरे दादाजी ने अपनी जिंदगी के कई वर्ष जेल में कुर्बान कर दिए थे।

रो खन्ना अमेरिका की प्रतिनिधि सभा में सिलिकान वैली का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह भारत और भारतीय-अमेरिकियों पर अमेरिकी संसद के काकस के सह-अध्यक्ष हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

एक अन्य ट्वीट में रो खन्ना ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के हित में आपके पास इस फैसले को पलटने की शक्ति है। वहीं, अमेरिका में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के उपाध्यक्ष जार्ज अब्राहम ने राहुल की अयोग्यता को भारत में लोकतंत्र के लिए एक दुखद दिन करार दिया। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता से अयोग्यता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस अब इसके लिए भाजपा को दोषी ठहराएगी और न्यायपालिका की आलोचना भी करेगी। रिजिजू ने इंटरनेट मीडिया पर कहा कि राहुल गांधी को अत्यंत अपमानजनक और गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करने की सलाह हमने नहीं दी। रिजिजू ने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों के साथ एक समान व्यवहार करता है और इसलिए कानून की नजर में हर व्यक्ति समान है। लिहाजा सभी सांसदों को भी संसद में बोलने का समान अधिकार है। समस्या तब शुरू होती है जब किसी को विशेष मानकर व्यवहार किया जाता है और अन्य सभी को सामान्य माना जाता है। रिजिजू ने आगे कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरनेम को लेकर बेहद अपमानजनक टिप्पणी की और पूरे ओबीसी समुदाय को बदनाम किया। हैरानी की बात है कि कांग्रेस के कुछ नेता इसका बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं।

मार्क जुकरबर्ग तीसरी बार बने पिता, पत्नी प्रिसिला ने बेटी को दिया जन्म, फेसबुक पर फोटो शेयर की जानकारी

वाशिंगटन, एजेंसी।
फेसबुक के फाउंडर मार्क जुकरबर्ग के घर एक और नन्हा मेहमान आया है। जुकरबर्ग की पत्नी प्रिसिला चॉन ने बेटी को जन्म दिया है, जिसके बारे में उन्होंने फेसबुक और इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए जानकारी दी। जुकरबर्ग ने तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, ओरिलिया चॉन जुकरबर्ग, दुनिया में स्वागत है। तुम सच में ईश्वर का नन्हा सा आशीर्वाद हो। मार्क जुकरबर्ग और प्रिसिला का ये तीसरा बच्चा है। इसके अलावा जुकरबर्ग की 5 साल की दूसरी बेटी अगस्त और 7 साल की पहली बेटी मैक्सिमा है।

जुकरबर्ग ने 2 तस्वीरें पोस्ट की हैं, एक तस्वीर में जुकरबर्ग को न्यू बोर्न बेबी को देखकर मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। वहीं दूसरी तस्वीर में प्रिसिला चॉन के साथ न्यू बोर्न बेबी दिखाई दे रही है। फेसबुक पर शेयर की गई पोस्ट को 1.9 मिलियन से अधिक लाइक मिल चुके हैं। लगातार लोग जुकरबर्ग की पोस्ट पर कमेंट करके दोनों को बधाई दे रहे हैं।

मार्क जुकरबर्ग और प्रिसिला चॉन साल 2003 से साथ हैं। दोनों की मुलाकात हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में हुई थी। इसके बारे में उन्होंने सितंबर 2010 में फेसबुक के जरिए एक साथ होने की घोषणा की थी और साल 2012 में दोनों शादी के बंधन में बंध गए। जुकरबर्ग ने अपने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के हॉस्टल से 4 फरवरी 2004 में फेसबुक की शुरुआत की। टडाटा रिपोर्टर के अनुसार, जनवरी में फेसबुक के दुनियाभर में 2.963 बिलियन एक्टिव यूजर्स थे।

जिनपिंग की सख्ती का नतीजा, चीन में घट गए अरबपति

बीजिंग, एजेंसी। दुनिया में सबसे ज्यादा अरबपति चीन में हुआ करते थे। 16 जनवरी 2023 तक चीन अरबपतियों की कुल संख्या 969 थी जबकि अमेरिका में सिर्फ 691 अरबपति थे लेकिन पिछले साल 400 से अधिक लोगों ने अपना अरबपति का दर्जा खो दिया और इनमें से ज्यादातर चीन से थे। वैश्विक मौद्रिक तंगी, कोरोना महामारी और प्रमुख तकनीकी कंपनियों पर चीन सरकार की सख्ती ने सुपर अमीरों को चोट पहुंचाई है।

हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2023 से कुल 445 अरबपति बाहर हो गए हैं जिनमें से चीन के 229 अरबपति हैं। इस लिस्ट में ऐसे अमीर हैं जिनकी नेटवर्थ न्यूनतम एक अरब डॉलर है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ने भी इस अवधि के दौरान सूची में 69 नए अरबपतियों को जोड़ा। हुरुन रिपोर्ट के संस्थापक और अध्यक्ष रूपर्ट हूगवर्फ़ ने कहा- दुनिया में अरबपतियों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि उनकी कुल संपत्ति में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पिछले साल कुल 3,112 लोगों के नाम लिस्ट में थे जबकि उसके पहले 3,381 की सूची थी।

लिस्ट के अनुसार, लक्जरी ब्रांडों के लिए एक अच्छा वर्ष रहा। एलवीएमएच के प्रमुख बर्नार्ड अरनॉल्ट सूची के शीर्ष पर और हर्मीस के बर्टेंड

प्यूच और परिवार तीसरे स्थान पर रहे। सूची से बाहर होने वाले प्रमुख नामों में सैम बैंकमैन-फ्राइड शामिल हैं, जिन्होंने क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स के पतन के बाद अपना 21 बिलियन डॉलर साम्राज्य खो दिया। चीन में, चीन के ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अलीबाबा ग्रुप होल्डिंग के संस्थापक जैक मा एक साल पहले के 34वें स्थान से गिरकर 52वें स्थान पर आ गए जिसका मुख्य कारण चीन के तकनीकी क्षेत्र पर नियामकों की सख्त कार्रवाई रही है।

हुग्वेर्फ़ ने कहा- ब्याज दर में बढ़ोतरी, अमेरिकी डॉलर की मजबूती, कोरोना संचालित टेक कंपनियों का पतन और रूस-यूक्रेन युद्ध के निरंतर प्रभाव ने सभी को नुकसान पहुंचाया है। पिछले साल जनवरी के अंत तक, एसएंडपी 500 14 प्रतिशत से अधिक गिर गया, जबकि चीन में, बेंचमार्क शंघाई कंपोजिट सूचकांक लगभग 11 प्रतिशत टूट गया। इस बीच चीनी युआन ने 2022 में बढ़ते डॉलर के मुकाबले अपने मूल्य का लगभग 8 प्रतिशत खो दिया, जो कि 1994 के बाद से सबसे बड़ी वार्षिक गिरावट है। हुग्वेर्फ़ ने कहा कि मैं केवल एक चीज के बारे में निश्चित नहीं हूं कि क्या वैश्विक वित्तीय संकट हमारे सामने होगा? हमने अमेरिका और फिर स्विट्जरलैंड में बैंक संकट देखा है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555